आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.45
सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 05:05 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 15 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 176, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



■ मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया : राहुल गांधी - 12



■ अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल - 12



■ ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो संभव है - 13



■ भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का - 14



गुवाहाटी में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

# कांग्रेस ने पूर्वोत्तर की उपेक्षा की, अपने शासन में उग्रवाद को छूट दी

गुवाहाटी, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने असम में एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कांग्रेस पर निशाना साधा
- मोदी ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने पुल, आईआईएम और डेटा केंद्र का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने और अपने शासनकाल के दौरान असम में उग्रवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है और असम में उसके कार्यकाल के दौरान भय और असुरक्षा का माहौल बना रहा।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होकर ऐसे निर्णय लिए, जिनसे इन चीजों को बढ़ावा मिला। मोदी ने कहा, देश का विभाजन



मुस्लिम लीग के कारण हुआ था, लेकिन अब 'एमएमसी' - माओवादी, मुस्लिम, कांग्रेस - हैं और लोगों को इनके बारे में जागरूक होना चाहिए। मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया, लेकिन भाजपा अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अगले पांच साल राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि असम में 10 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस 'सत्ता में रहने के समय से भी अधिक खतरनाक हो गई है और यह बात उसके नेताओं द्वारा दिए गए जहरीले बयानों से स्पष्ट है।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने असम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें ब्रह्मपुत्र नदी पर बना एक पुल, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) गुवाहाटी और पूर्वोत्तर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने वाला एक डेटा केंद्र शामिल है।



## मोदी एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में स्थित पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर सी-130जे विमान से शनिवार को ऐतिहासिक लैंडिंग की। मोदी ने चाबुवा हवाई क्षेत्र से उड़ान भरी और वह राष्ट्रीय राजमार्ग-37 स्थित मोरान के ईएलएफ पर उतरे। उद्घाटन के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि पूर्वोत्तर को एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा मिल रही है। रणनीतिक दृष्टि से और प्राकृतिक आपदाओं के समय, यह सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ की लागत से निर्मित ईएलएफ मोरान बाईपास पर 4 .2 किलोमीटर लंबी पट्टी है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मोबाइल स्क्रीन में उलझता बचपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### कठुआ: अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 5 किमी के दायरे में आवागमन प्रतिबंध

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अधिकारियों ने शनिवार को सीमापार से गोलीबारी की आशंका और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकने एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की आवश्यकता का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते पांच किलोमीटर के दायरे में 'अनावश्यक आवाजाही' पर प्रतिबंध लगा दिया है। कठुआ के जिला मजिस्ट्रेट राजेश शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आदेश जारी किया, जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट को सुरक्षा बनाए रखने के लिए संभावित खतरे के तात्कालिक मामलों में निवारक उपाय करने का अधिकार देती है।

### रामानंद सागर के बेटे आनंद सागर का निधन

**मुंबई।** रामायण के निर्माण से घर-घर में पहचाने जाने वाले दिग्गज फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे आनंद रामानंद सागर चोपड़ा का लंबी बीमारी के बाद यहां निधन हो गया। उनकी पत्नी निशा सागर चोपड़ा ने यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष के थे। निशा सागर ने बताया कि उनके पति 25 वर्ष से पार्किंसन से पीड़ित थे। उस स्थिति में भी एनडीटीवी के लिए 'रामायण' बनाई, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। उन्होंने पांच फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें रणधीर कपूर और तनुजा अभिनीत 'हमराही', अमजद खान, विद्या सिन्हा, सारिका और राकेश रोशन की 'राम भरोसे' शम्मी की 'अरमान' शामिल हैं।


# केंद्र की रेल-रोड और शहरों को सौगात

## मंत्रिमंडल की बैठक में 3 मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी, स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने रेलवे, मेट्रो, स्टार्टअप और शहरी विकास से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे की नई लाइनों, नोएडा मेट्रो विस्तार और 10,000 करोड़ के स्टार्टअप फंड को स्वीकृति मिली है। शहरों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड बनाया जाएगा। ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे रोड-कम-रेल टनल बनाने की परियोजना भी मंजूर हुई है।

मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 18,509 करोड़ की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं में कसारा-मनमाड, दिल्ली-अंबाला और बल्लारी-होसपेटे के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण शामिल है। सरकार ने कहा, लाइन की क्षमता में वृद्धि से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। इन 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव से परिचालन को सुव्यवस्थित करने के साथ भीड़भाड़ को कम किया जा सकेगा। ये तीन परियोजनाएं मौजूदा रेलवे नेटवर्क को लगभग 389 किलोमीटर तक



केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों पर मीडिया को जानकारी देते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी।

बढ़ा देंगी। 'प्रस्तावित 'मल्टी-ट्रैकिंग' परियोजनाओं से लगभग 3,902 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 97 लाख है।

प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें भावली बांध, श्री घाटंदेवी, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, कटरा में श्री माता वैष्णो देवी, श्रीनगर और हम्पी (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), बल्लारी किला, दारोजी स्लॉथ बियर अभयारण्य, तुंगभद्रा बांध जैसे प्रमुख आकर्षण शामिल हैं।

वहीं, देश में उद्यम पूंजी के प्रोत्साहन और उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषी विनिर्माण स्टार्टअप एवं शुरुआती दौर वाले उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष को मंजूरी दी। यह 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत 'फंड ऑफ फंड्स' (एफओएफ) योजना का दूसरा चरण है। इस योजना का पहला चरण वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। एफओएफ 2.0 योजना को स्टार्टअप में निवेश की रफ्तार बनाए रखने और पहले चरण की तुलना में विस्तृत दायरे के साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे दौड़ेंगी ट्रेन और कारें देश की पहली अंडरवॉटर रेल-रोड टनल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे भारत की पहली सड़क-सह-रेल सुरंग समेत गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच चार लेन वाले ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 18,662 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर स्थित गोहपुर के बीच की दूरी एनएच-52 पर सिलघाट के निकट स्थित कालियाभम्भोरा सड़क पुल से 240 किलोमीटर है। इसमें नुमालीगढ़, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बिश्वनाथ कस्बे से होते हुए छह घंटे का समय लगता है। इसमें कहा गया है, इन चुनौतियों से निपटने के लिए, इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग के साथ चार-लेन ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। यह परियोजना इंजीनियरिंग-खरीद-निर्माण (ईपीसी) मॉडल पर विकसित की जाएगी। यह भारत की पहली और विश्व की दूसरी सड़क-सह-रेल सुरंग होगी।

### शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का 'अर्बन चैलेंज फंड'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो। इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। (संबंधित समाचार कारोबार पर)

# बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होगी : रहमान

ढाका, एजेंसी

- भारत, चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों पर स्पष्ट की नीति

बड़ी जीत हासिल करने के बाद बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का शनिवार को आह्वान किया और सुरक्षित व मानवता का सम्मान करने वाला देश बनाने में सहयोग देने की अपील की। कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी विदेश नीति का पालन करेगी जो चीन, भारत और पाकिस्तान के साथ व्यवहार में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस की जगह लेंगे।

रहमान ने 13वें संसदीय चुनावों में भारी जीत के एक दिन बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमें सुरक्षित और मानवता का सम्मान करने वाला बांग्लादेश बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। रहमान ने कहा, किसी भी बहाने किसी के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। देश के स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों ने बीएनपी को विजयी बनाया है। कहा, आज से सभी स्वतंत्र हैं बधाई। सभी की भागीदारी के साथ देश में फासीवाद-मुक्त सरकार की यात्रा शुरू हो गई है।



### कहा- सार्क को फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं

दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) को पुनर्जीवित करने के मुद्दे पर श्री रहमान ने कहा कि सार्क की स्थापना बांग्लादेश की पहल पर हुई थी और वह इसे फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं। इस संबंध में मित्र देशों के साथ चर्चा करेंगे। भारत से पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग पार्टी प्रमुख शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

## गोंडा के धानेपुर में खेत गयी बच्ची को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

**धानेपुर, गोंडा।** वार्ड नंबर पांच कल्याण नगर के मुहल्ला टहलुवन पुरवा में खेत गयी बच्ची को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। जानकारी के अनुसार मुहल्ला टहलुवन पुरवा के रहने वाले विशुन लाल की बेटी महक (6) छोटी बहन मुस्कान (4) व गांव की दो अन्य बच्चियों के साथ खेत गयी थी। इसी दौरान अचानक दो कुत्ते वहां पहुंच गए और हमला कर दिया। कुत्तों ने महक को नोच डाला। गले के पास काटने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में बच्ची को सीएचसी मुजेहना ले जाया गया। वहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।




## डिजिटल होगा घरों का सर्वे, 33 सवालों पर जुटेगा डेटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2011 के बाद एक बार फिर जनगणना की तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण में हाउसहोल्ड सर्वे 20 मई से 20 जून के बीच कराया जाएगा। इस दौरान जनगणना कर्मी घर-घर जाकर 33 निर्धारित प्रश्न पूछेंगे। पूरी प्रक्रिया डिजिटल एप के माध्यम से संचालित होगी, जिससे डाटा संकलन सटीक व सुरक्षित हो सकेगा।

पहले चरण में 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को 17 से 20 फरवरी तक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि फील्ड स्तर पर जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से




- जनगणना की तैयारी तेज, 20 मई से 20 जून तक होगा सर्वे 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को विशेष प्रशिक्षण

पूरा किया जा सके। मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जिलों में जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस चरण में आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, बलिया, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, हापुड़, हाथरस, झांसी, ललितपुर, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शामली, सोनभद्र और वाराणसी शामिल हैं। सर्वे में भवन संख्या, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की स्थिति, रसोई गैस, उपयोग में आने वाला प्रमुख अनाज, परिवार में उपलब्ध सुविधाएं और अर्जित परिसंपत्तियों सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज की जाएंगी। प्रशिक्षण सत्रों में सर्वे प्रक्रिया, डाटा संग्रह की विधि और तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि कार्य पारदर्शी, त्रुटिरहित और तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

## पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी से 10 करोड़ रंगदारी मांगी

**मोहाली।** पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने मोहाली पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्हें विदेश में रहने वाले एक गैंगस्टर ने धमकी देते हुए 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



मोहाली पुलिस ने कहा कि अभिनेत्री से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि खुराना ने अपनी ईमेल आईडी पर प्राप्त जबरन वसूली के ईमेल के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शनिवार को सोहाना थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# पीएम राहत योजना को मंजूरी, हादसा पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीएमओ ने सेवा तीर्थ भवन में स्थानांतरित होने के बाद लिया पहला निर्णय

सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार ने शनिवार को पीएम राहत योजना की शुरुआत की। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं, जिनमें से कई मौतें समय पर चिकित्सा मुहैया कराने से रोकी जा सकती हैं।

मंत्रालय ने अध्ययनों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि पीड़ितों को सड़क दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो सड़क दुर्घटना में होने वाली



लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' भवन में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री ने 'पीएम राहत' (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित इलाज) योजना शुरू करने की मंजूरी दी। यह योजना सरकार के उस दृष्टिकोण को दिखाती है, जिसमें कमजोर नागरिकों के लिए सेवा, करुणा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है।

मंत्रालय के मुताबिक, इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में पात्र व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक नकदी-रहति (कैशलेस) इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक मान्य होगा। गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार 48 घंटे तक और गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा।

**चेतावनी** जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी को मिली निस्तारण की गलत जांच रिपोर्ट की शिकायत

# जन शिकायतों पर फर्जी रिपोर्ट पड़ेगी भारी, दर्ज होगी एफआईआर

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा,किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रकरण में जांच के दौरान फर्जी या गलत रिपोर्ट लगाए जाने की पुष्टि होती है तो, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर



दर्ज कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

मुख्यमंत्री ने ये निर्देश शनिवार सुबह गोरखपुर मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तब दिए, जब कुछ प्रकरण ऐसे सामने आए जिनमें पीड़ितों ने गलत जांच रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की जांच कर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर जानबूझकर प्रकरण लंबित रखा गया है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर भी विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है और हर समस्या का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।

### शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जन शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर शासन को भेजी जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनता दर्शन के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों पर मुख्यमंत्री ने विशेष स्नेह जताया, उन्हें दुलार किया, चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। इसके बाद मंदिर की गोशाला पहुंचकर मुख्यमंत्री ने गोसेवा की और गायों व गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 से 28 तक भारत नेपाल मैत्री महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक प्रदेश के आठ जिलों में किया जाएगा। 13 दिवसीय इस सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत 16-17 फरवरी को कुशीनगर से होगी, जबकि समापन 27-28 फरवरी को पीलीभीत में होगा। इसके अलावा सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर खीरी में भी क्रमवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपदों के प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शोभायात्राएं, कवि सम्मेलन और संगोष्ठियां आयोजित होंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महोत्सव में 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी।

### किसानों तक पहुंचाएंगे नई तकनीक : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने झांसी स्थित रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन किया। "विकसित कृषि-विकसित भारत-2047" अभियान के तहत 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाना है। कृषि मंत्री ने 'श्री अन्न उत्कृष्टता केंद्र' और 'खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र' का लोकार्पण किया तथा 20 करोड़ रुपये की लागत से प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र और 11 करोड़ रुपये की प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में एआई आधारित मोबाइल ऐप "डीआरएक्यू", "एक्वा स्कैन" और "पशु आहार मित्र" भी लांच किए गए।

### 74 जिलों को मिले विधिक सेवा प्रचार वाहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी विधिक सेवा प्रचार वाहनों का फ्लैग-ऑफ तथा राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 की शुरुआत की गई है। हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ परिसर में निकले ये प्रचार वाहन ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में जाकर निःशुल्क विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। वहीं नई मध्यस्थता हेल्पलाइन के जरिए लोग अपने विवादों के समाधान हेतु मुफ्त परामर्श ले सकेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली सहित कई वरिष्ठ न्यायाधीश उपस्थित रहे।

### महिला छात्रावासों के निर्माण को किस्त जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहरी क्षेत्रों में रोजगार के लिए आने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए आठ श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण कार्य को तेज कर दिया गया है। केंद्र सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत संचालित इस योजना के लिए कुल 382 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 251.82 करोड़ रुपये (करीब 66 प्रतिशत) पहली किस्त के रूप में जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने अप्रैल 2025 में सीएंडडीएस को इस परियोजना का कार्यदायी संस्थान नामित किया था। विभागीय स्तर पर भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्तमान में लखनऊ में 3, गौतमबुद्धनगर में 4 और गाजियाबाद में 1 कुल आठ छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में प्रस्तावित प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी बनेगा। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं को देश और दुनिया में व्यापक रोजगार अवसर मिलेंगे। साथ ही यह संस्थान किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लाक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय के उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण है। वायु प्रदूषण सीधे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, जबकि उत्तर प्रदेश ने विकास के साथ-साथ दमघोंटू वातावरण से मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। कैम्पियरगंज में बनने वाला वानिकी विश्वविद्यालय इन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में स्थापित गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि माता सीता के हरण के समय रावण का प्रतिकार करने वाले गिद्धराज जटायु मानव



गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

जाति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज रसायनों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से गिद्धों की संख्या घट रही है, ऐसे में संरक्षण केंद्र बनाकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है। इसी क्रम में वानिकी विश्वविद्यालय वनाच्छादन बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन का नया मॉडल बनेगा।

# विकास का मॉडल बना गोरखपुर: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कैसे होता है, आज गोरखपुर उसका सजीव मॉडल बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और गोरखपुर इसकी मजबूत मिसाल है।

मुख्यमंत्री शनिवार को वार्ड संख्या-22 जंगल तुलसीराम के बिछिया कॉलोनी में शहर के पांचवें कल्याण मंडपम के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 2.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कल्याण मंडपम का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह मंडपम मुख्यमंत्री की विधायक निधि से बनाया गया है। योगी ने कहा कि गोरखपुर में अब तक पांच कल्याण मंडपम बन चुके हैं और पांच अन्य निर्माणाधीन हैं।

मुख्यमंत्री ने बिछिया क्षेत्र को सड़कों और जलनिकासी का नया मॉडल बताते हुए कहा कि गोड़धोइया नाला और एसटीपी परियोजनाएं क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने बताया कि राप्तीनगर विस्तार स्पोर्ट्स सिटी योजना के तहत एलआईजी और ईडब्ल्यूएस आवंटियों को आवास सुविधा दी जा रही है।

# एसएससी परीक्षा : साल्वर गैंग के सरगना समेत दो गिरफ्तार

## यूपीएस रूम का कंप्यूटर सिस्टम हैक कर कराई जा रही थी ऑनलाइन नकल


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी) की मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के लिए की जा रही भर्ती में साल्वर गैंग के सरगना ने सेंध लगा दी। ऑनलाइन हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था को भेदते हुए प्राक्सी सर्वर सेटअप के माध्यम से रिमोट एक्सेस से नकल कराई जा रही थी। यूपी और उत्तराखंड की एसटीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए देहरादून स्थित एमकेपी इंटर कालेज परिसर स्थित महादेव डिजिटल जोन के संचालक भास्कर नैथानी और सेंटर में तैनात इलेक्ट्रिशियन नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ तफ्तीश में अभी आधा दर्जन अभियुक्तों के भी साल्वर गैंग में शामिल होने के सुराग मिले हैं। सभी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

एसएससी द्वारा केंद्र सरकार के विभागों में एमटीएस के तहत सेंट्रल ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस ब्यूरो



गिरफ्तार भास्कर नैथानी व नीतीश कुमार।



परीक्षा केंद्र पर हैक कर चलाया जा रहा कंप्यूटर सिस्टम।

- एसटीएफ के रडार पर साल्वर गैंग के आधा दर्जन सदस्य, जांच जारी

ऑफ नारकोटिक्स (सीबीआईसी व सीबीएन) में हवलदार के पदों के लिए पहले चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा चल रही है। यह परीक्षाएं चार फरवरी को शुरू हुई थीं, जो कि 15 फरवरी तक जारी रहेंगी। इसके लिए यूपी के साथ ही उत्तराखंड के तमाम डिजिटल से लैस संस्थान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर अलग-अलग तारीखों में परीक्षाएं एड्यूक्विटी कंपनी की ओर से कराई जा रही हैं।

एसटीएफ के एडीशनल एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन हो रही परीक्षा में पता चला कि कुछ स्थानों पर सिस्टम हैक करके सॉल्वर बिठाकर परीक्षा कराई जा रही हैं। इसके बाद जब टीम को उतारा गया तो पता चला कि देहरादून स्थित डिजिटल जोन परीक्षा लैब के पास बने यूपीएस रूम से कंप्यूटर सिस्टम हैक करके नकल कराई जा रही है। इसके बाद यूपी और उत्तराखंड की एसटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्र पर छापा मारा। वहां पर अंडर ग्राउंड चैंबर में दो लैपटाप चालू हालत में पाए गए, जिन पर करसर लगातार मूव कर रहा था। वहां पर टर्मिनल विंडो ओपन थीं, वहीं 16 कार्ड व आईकान दिखाई दे रहे थे।

एसटीएफ ने नकल कराने के आरोप में शनिवार को परीक्षा केंद्र के मालिक भास्कर नैथानी, निवासी सरस्वतीपुरम लेन नंबर-चार, देहरादून और नितीश कुमार निवासी सुरजीपुर, देवरिया को गिरफ्तार कर लिया। नितीश कुमार मौजूदा समय में परिवार के साथ दिल्ली के नांगलोई में रहता है। वह भाष्कर नैथानी के यहां संस्थान में इलेक्ट्रिशयन के पद पर तैनात है। पूछताछ में अभी आधा दर्जन अभियुक्तों के भी साल्वर गैंग में शामिल होने की आशंका है। टीमें लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी हैं।

# दिल्ली पुलिस भर्ती में भी हुई थी नकल !

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एसएससी की एमटीएस परीक्षा में ऑनलाइन साल्वर गैंग का खुलासा हुआ है तो अब बीते दिनों हुई दिल्ली पुलिस की भर्ती पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक, नवंबर-25 में दिल्ली पुलिस के चालक पद की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा देहरादून के इसी महादेव डिजिटल जोन सेंटर पर कराई गई थी। गिरफ्तार इलेक्ट्रिशियन नितीश ने उस समय भी कथित तौर पर यूपीएस सिस्टम हैक करने के लिए अंडर ग्राउंड सिस्टम तैयार किया था। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली पुलिस की उस भर्ती में भी नकल कराई गई थी। हालांकि अभी यह महज आशंका है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सही स्थिति साफ हो पाएगी।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, गिरफ्तार किया गया अभियुक्त इलेक्ट्रिशियन नितीश कुमार मूलरूप से देवरिया का निवासी है। वह वर्ष 2007 से दिल्ली के नागलोई में माता-पिता और परिवार के साथ रहता है। आरोप है कि नकल माफियाओं के कहने पर नितीश कुमार ने राउटर को पावर सप्लाई और इंटरनेट के लिए अवैध रूप से छिपाते हुए चैंबर में अंडर

## सॉल्वर गैंग

- पुलिस परीक्षा में भी तैयार किया गया था अंडरग्राउंड सेटअप



ग्राउंड वायरिंग की थी। वायरिंग को लैब और कैमरे से कनेक्ट कर नकल कराई जा रही थी। एसटीएफ के मुताबिक, नितीश कुमार ने पूछताछ में बताया कि नवंबर 25 में देहरादून के इसी महादेव डिजिटल सेंटर पर दिल्ली पुलिस के चालक पदों की परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा को भी एसएससी ने आयोजित किया था। उस दौरान भी उसने अंडर ग्राउंड सेटअप तैयार किया था। नितीश कुमार नकल माफियाओं के इशारे पर परीक्षा वाले दिन सुबह छह और 6.30 बजे के बीच में यूपीएस रूम के चैंबर को ओपन कर लैपटाप को ऑन कर देता था। बाद में उसके ढक्कन लगाकर उसे ढक देता था। आरोप यह भी है कि नितीश कुमार केंद्र के परीक्षार्थियों के कंप्यूटर की आईपी लिस्ट को एक पेपर पर लिखकर उसकी फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से साथी साल्वरों को भेज देता था। इसी आईपी के जरिए प्रोक्सी एडमिन कंप्यूटर में मौजूद रिमोट एक्सेस टूल के माध्यम से दूर बैठकर पेपर हल कराते थे।

### दस लाख में कराते थे नकल

एसटीएफ के मुताबिक, साल्वर गैंग प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा में नकल कराने के लिए दस-दस लाख लेते थे। इसमें चार लाख पहले और परीक्षा खत्म होने के बाद शेष छह लाख रुपये लिए जाते थे। साल्वर गैंग के सदस्यों ने भास्कर नैथानी के नाम से सेंटर ले रखे थे। इसके ऐवज में नैथानी को 30 हजार रुपये और नितीश कुमार को 40 हजार रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त रूप से दिए जाते थे।

> परीक्षा सेंटर के यूपीएस सिस्टम को हैक कर ऑनलाइन परीक्षा कराई जा रही थी। अभियुक्त नितीश कुमार ने राउटर को पावर सप्लाई और इंटरनेट के लिए अवैध रूप से छिपाते हुए चैंबर में अंडर ग्राउंड वायरिंग की थी। इस मामले में साल्वर गैंग के भास्कर नैथानी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गैंग के अन्य आधा दर्जन एसटीएफ के रडार पर हैं।
>
> -ब्रजेश कुमार सिंह, एडीशनल एसपी, एसटीएफ

# नोएडा मेट्रो एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी एलिवेटेड विस्तार, 8 नए स्टेशन

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। यह नया एलिवेटेड कॉरिडोर कुल 8 स्टेशनों के साथ विकसित किया जाएगा। इसके संचालन में आने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 61.62 किलोमीटर हो जाएगी।

यह कॉरिडोर बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक जाएगा, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा के यात्रियों को दिल्ली, एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक पहुंच और सुगम होगी। खासतौर पर परी चौक से बॉटनिकल गार्डन का सफर आसान होगा और यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। एक्सटेंशन कॉरिडोर से नोएडा के प्रमुख व्यावसायिक, औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सेक्टर-142 का एडवांट बिजनेस पार्क, सेक्टर-98 का स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 का मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इन्फोसिस व एडोबी, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट और सेक्टर-127 में ओरेकल जैसे बड़े संस्थानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# वाणी पोल खोल देती है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर दिए गए कथित अपमानजनक बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "पहन ले कोई जैसे भी चोले, पर उसकी वाणी पोल खोल देती है।



अहंकार व्यक्ति का सम्मान छीन लेता है और समाज सब देख रहा है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कहा कि पूज्य शंकराचार्य के खिलाफ अपशब्द कहना शाब्दिक हिंसा और पाप है। साथ ही आरोप लगाया कि महाकुंभ में हुई मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं और मुआवजा वितरण में भी पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं, उन्हें किसी के धर्म पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। साथ ही कहा कि सदन में दिया गया अभद्र बयान रिकॉर्ड का हिस्सा बन चुका है और यह अत्यंत निंदनीय है।

# स्वस्थ जच्चा-बच्चा के लिए बढ़ेंगी एफआरयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** आपातकालीन प्रसव सेवाओं को मजबूत करने के लिए 24 घंटे संचालित फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) की संख्या 153 से बढ़ाकर 427 करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) और न्यूबॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) का विस्तार, सीपीएपी सुविधा बढ़ाने और 24 घंटे जांच सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

यह निर्णय शनिवार को प्रदेश में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में लिया गया है। महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य) डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 के अनुसार, प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 141 प्रति एक लाख, नवजात मृत्यु दर 26 प्रति हजार और शिशु मृत्यु दर 37 प्रति हजार हो गई है। गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं और नवजात देखभाल से मातृ मृत्यु में 46 प्रतिशत तथा नवजात मृत्यु में 40 प्रतिशत तक कमी संभव है।

'मदर एंड न्यूबॉर्न केयर यूनिट' (एमएनसीयू) मॉडल को बढ़ावा देने और ई-कवच डिजिटल प्रणाली के माध्यम से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं व कम वजन वाले नवजातों की ट्रैकिंग को मजबूत किया जाएगा। अब हर तीन महीने में समीक्षा सम्मेलन आयोजित होंगे और अस्पतालों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन तय मानकों पर किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद तक मां और बच्चे की निरंतर निगरानी सुनिश्चित कर मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाना है।



लखनऊ : प्रदर्शनकारी आप कार्यकर्ताओं को बस में बिठाकर ले जाते पुलिसकर्मी।

# ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर आप ने किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**अमृत विचार , लखनऊ :** आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। लखनऊ में स्वास्थ्य भवन चौराहे पर जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समझौते की प्रतियां जलाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

आप नेताओं ने आरोप लगाया कि यह डील किसानों, छोटे व्यापारियों और देश की संप्रभुता के खिलाफ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह "ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील" है और इससे भारतीय कृषि बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खोला जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। पार्टी ने प्रशासन की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

# प्रदेश की अदालतें पूर्व में झेल चुकी हैं आतंकी विस्फोट का दंश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2007 में लखनऊ, वाराणसी व अयोध्या में हुए विस्फोटों में गई थी 11 लोगों की जान

**अमृत विचारः** लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी समेत सूबे के 15 जिलों की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है तो अतीत की भयावह यादें ताजा हो रही हैं। बम विस्फोटों का दंश प्रदेश की अदालतें पूर्व में झेल चुकी हैं। इसी के चलते बीते दिनों मिली धमकियों को सुरक्षा एजेंसियां गंभीरता से ले रही हैं।

अतीत में जाएं तो 23 नवंबर 2007 में लखनऊ, वाराणसी और उस समय के फैजाबाद (अयोध्या) की अदालतों में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में 11 लोगों को जान चली गई थी। इन विस्फोटों के पीछे आतंकी संगठन हरकत उल जिहाद अल इस्लाम (हूजी) और इंडियन मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकवादियों का हाथ होने के आरोप लगे थे। करीब दर्जन भर से अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई थीं। तोबड़तोड़ कार्रवाई के बाद माना गया था कि शायद अब अदालतें सुरक्षित रहेंगी। अदालत परिसरों में सीसीटीवी कैमरों के साथ ही तमाम सुरक्षा व्यवस्थाएं की गईं थीं। लेकिन चार अगस्त 2015 को कानपुर अदालत के परिसर में बम विस्फोट हो गया। चार अक्टूबर 2017 को लखनऊ के सिविल कोर्ट के बाथ रूम में विस्फोट हुआ। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां एक बार हरकत में आईं। लेकिन एक बार फिर शुक्रवार को जिस तरह से अदालतों को निशाना बनाने की धमकी दी गई है, उससे सुरक्षा एजेंसियां खासी चौकन्नी हो गई हैं।

## कार्यशाला

### कार्यकर्ता निर्माण ही संगठन निर्माण की कुंजी : ओमप्रकाश धनखड़

# प्रशिक्षण महाभियान से बूथ स्तर तक सशक्त होगा भाजपा संगठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा ने प्रदेश में शुरू किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनकड़ ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान से बूथ स्तर तक भाजपा संगठन सशक्त होगा। कार्यकर्ता निर्माण ही संगठन निर्माण की कुंजी है, जबकि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने वैचारिक दृढ़ता, अनुशासन और सेवा भाव पर बल दिया।

शनिवार को बीबीडी विश्वविद्यालय स्थित सभागार में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने



लखनऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनकड़ व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

कहा कि प्रशिक्षण तराशने की प्रक्रिया है, जो सीखता है, वही आगे बढ़ता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को उन्होंने संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक देश-एक विधान का संदेश आज भी भाजपा के लिए पथप्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता केवल चुनावी योद्धा नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक बनता है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं। यह महाभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियानों से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर तीन दिन, जिला स्तर पर दो दिन,

- राज्य, जिला, मंडल व बूथ स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग की बनी योजना

मंडल स्तर पर 24 घंटे और बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण महाभियान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार) के क्षेत्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने पीपीटी के माध्यम से अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उत्तराखंड के पूर्व महामंत्री राजू भंडारी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी टीम के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, चालक की मौत

## कानपुर नगर का निवासी युवक, अलीगढ़ से जा रहा था कानपुर, मानपुर चौराहा पुल पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर एएनएचआई पर डिवाइडर से टकरा गई। इससे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

कानपुर नगर जनपद के 66 नानकारी प्रधान गेट आईआईटी कल्यानपुर निवासी सार्थक अवस्थी (23) पुत्र प्रताप शंकर अवस्थी किसी काम से अलीगढ़ गया था। शनिवार की सुवह करीव 08 बजे वह बुलेट बाइक से वापस कानपुर जा रहा था। एएनएचआई पर तेज रफ्तार बाइक जैसे ही सदर कोतवाली क्षेत्र के मानपुर चौराहा पुल से आगे निजी हास्पिटल के पास पहुंची उसी समय चालक नियंत्रण खो बैठा। इससे बाइक हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। इससे चालक बाइक से उछल कर दूर जा गिरा। मुंह के बल गिरने से नाक व मुंह में गंभीर चोट आई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 112 को मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भेजा।

जिला अस्पताल में डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। पुलिस ने मृतक के जेब में मिले कागजात के आधार पर शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। जानकारी पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। इस के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।


हाईवे पर दुर्घटना के बाद मौके पर छानबीन करती पुलिस व अन्य


रोते विलखते परिजन

### ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौत, पिता गंभीर

■ **छिबरामऊ।** फर्रुखाबाद चौराहे पर सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को चूर-चूर कर दिया। ट्रक की टक्कर से छह साल की बच्ची की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।शनिवार को ग्राम कुंवरपुर कंडौली निवासी रंजू अपनी पत्नी साधना, 6 वर्षीय बेटी खुशी और 3 वर्षीय बेटे कार्तिक के साथ बाइक पर ससुराल (पिपरिया गांव) जा रहा था। साधना के भाई की कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए पूरा परिवार उत्साह से निकला था। फर्रुखाबाद चौराहे के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे चारों लोग सड़क पर जा गिरे। खुशी ट्रक की चपेट में आ गई और मौके पर ही मौत हो गई। पिता रंजू की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, तिर्वा रेफर कर दिया गया है। मां साधना को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां बच्ची को मृत घोषित किया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांचकर रही है।

### कंटेनर की टक्कर से लोडर चालक की जान गई

■ **जलालाबाद/जसोदा कन्नौज।** कंटेनर की टक्कर से लोडर चालक की मौत हो गई। हादसा सोनीपत में हुआ। ब्लॉक जलालाबाद के ग्राम जसोदा के मजरा भट्ठा गांव निवासी प्रमोद पाल (36) सोनीपत में एक कंपनी में लोडर चलाने का कार्य करता था। शुक्रवार को कंपनी से लोडर लेकर कहीं जा रहा था। तभी अनियंत्रित गति से आ रहे कंटेनर के चालक ने लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही प्रमोद की मौत हो गई। भीड़ ने कंटेनर को मौके पर ही पकड़ लिया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक करवाई करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की पहचान आधार कार्ड से हुई। पुलिस ने घर वालों को सूचना दी। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था और सोनीपत की निजी कंपनी में लोडर चलाने का कार्य करता था।

## कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था परखी

**छिबरामऊ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने मैनपुरी जनपद की सीमा पर स्थित मोहकमपुर पुलिया पहुंचकर कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा रूट डायवर्जन की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके बाद विशुनगढ़ थाना पहुंचकर कार्यालय के अभिलेखों, ड्यूटी रजिस्टर, बैरियर तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ने मनरेगा बचाने के लिए शुरू किया 'संग्राम'

**छिबरामऊ।** नगर की कदीर वाली गली स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन एडवोकेट ने प्रेस वार्ता कर कहा कि 20 वर्ष पूर्व यूपीए-1 सरकार ने मनरेगा लागू कर संविधान के काम के अधिकार को साकार किया। इसने ग्राम पंचायतों को मजबूत किया और कोविड-19 जैसे संकट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा बनी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश रच रही है, जो गरीबों की गरिमा और सुरक्षा के लिए खतरा है। कांग्रेस प्रतिबद्ध है कि मनरेगा को मूल रूप में बहाल होने तक यह लड़ाई सड़क से संसद तक जारी रहेगी। 3 जनवरी से शुरू "मनरेगा बचाओ संग्राम" में प्रदेश भर में 5000 से अधिक चौपाल आयोजित हो चुके हैं। 13 फरवरी को सभी 75 जनपदों में पदयात्राएं हुईं। अब दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव होगा। कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने और संघीय ढांचे को कमजोर करने के प्रयास का विरोध करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की है। प्रेस वार्ता में पीसीसी सदस्य संजय पौल, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, अमोल दीक्षित, मेराज वारसी, आसिफ सिद्दीकी, अवध बिहारी दीक्षित, आमिर खान, हाकिम रब्बी, सम्राट दीक्षित, बब्बल शर्मा सहित कई नेता मौजूद रहे।

### एक्सप्रेसवे किनारे लगे 400 पेड़ काट ले गए चोर

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के किनारे हरियाली के लिए लगाए गए करीब चार सौ पेड़ चोर काट ले गए। इसकी जानकारी पर संबंधित कंपनी के कर्मी ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ सर्विस लेन के पास हरियाली व पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाए गए हैं। ये पेड़ एटलस कंसल्ट प्रा. लि. की ओर से लगाए जाने की बात कही गई है। रात में किसी समय चोर कई पेड़ काट ले गए जिसकी किसी को भनक तक नहीं लगी। अब कंपनी के कर्मी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 179 किलोमीटर से लेकर 191 किमी के बीच दोनों किनारे पर लगे करीब चार सौ हरे पेड़ अराजक तत्व काट कर ले गए हैं। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस को मामले की जांच सौंपी गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी प्रिंस यादव पुत्र मनोज कुमार (16) शुक्रवार की शाम अपनी बाइक से घर जा रहा था। बिधूना रोड पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### चीनी मिल नाला निर्माण में धांधली का आरोप

**कायमगंज।** कस्बे में दि किसान सहकारी चीनी मिल में नाला निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। मिल के उपाध्यक्ष जय कुमार उर्फ सावन गंगवार द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाए जाने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। तहसीलदार को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। दरअसल मिल परिसर के पास रेलवे ट्रैक के समीप नाला है। पेराई सत्र के दौरान मिल का अपशिष्ट पानी इसी नाली के जरिए गांव नरैनामऊ से होते हुए जाता है। लगभग 6 माह नाली के निर्माण के लिए करीब 17 लाख रुपए का टेंडर जारी किया गया था। मिल के डायरेक्टर अमरदीप दीक्षित, सुरेश चंद्र, ओमकार गंगवार आदि ने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं पाई जांच की जा रही है।

## वृद्धाश्रम के 40 बुजुर्गों ने संगम में किया पावन स्नान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वृद्धाश्रम के 40 बुजुर्गों को प्रयागराज स्थित संगम में पावन स्नान किया। साथ ही माघ मेला का भी भ्रमण कराया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से सभी बुजुर्गों को सुरक्षित बस से संगम तक लाया गया, जहां उन्होंने स्नान कर पूजा अर्चन किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि सभी वृद्धजनों को मेला क्षेत्र में बनाए गए समाज कल्याण विभाग के अस्थायी आश्रम में ठहराया गया। यहां उनके ठहरने के लिए भोजन, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई। बुजुर्गों ने मेले के आध्यात्मिक माहौल का आनंद लिया और इस व्यवस्था के लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का आभार व्यक्त किया। बताया गया है कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों की धार्मिक और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है।

● प्रयागराज में समाज कल्याण विभाग ने कराया भ्रमण


संगम के निकट स्नान के बाद खुशी जताते बुजुर्ग।

## मेरठ में आलू फसल की बारीकियां सीखेंगे किसान, पहुंचा दल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के तहत जनपद के 50 आलू उत्पादक कृषकों को केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ में प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। इस दल को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया।

डीडी कृषि संतोष कुमार ने बताया कि किसान 18 फरवरी तक संस्थान में भ्रमण एवं प्रशिक्षण लेंगे। कृषकों को आलू उत्पादन की नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों, उन्नत बीज उत्पादन विधियों, कम लागत में अधिक उत्पादन की रणनीतियों, आलू के उचित विपणन, मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के लिए चयनित सभी कृषकों की सूची एवं कृषक आईडी का रिकार्ड बेहतर बनाया जाए। प्रशिक्षण के बाद किसानों को प्राप्त तकनीकी जानकारियों का संकलन कर बुकलेट तैयार की जाए, ताकि अन्य कृषक भी इससे लाभान्वित हो सकें। डीएम ने कहा कि आगे भी अन्य प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों में भी कृषकों के प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित किए जाएं, जिससे जनपद में कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि हो सके। कुल 128 कृषकों को जनपद से बाहर प्रशिक्षण दिया।


मेरठ रवाना होने के दौरान कलेक्ट्रेट में मौजूद किसान व डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

## जीके परीक्षा में कुणाल वैभव, अभिषेक प्रथम

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में आयोजित न्यूरो अंडरस्टैंडिंग जीके परीक्षा में विभिन्न कक्षा समूहों के विद्यार्थियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

परीक्षा परिणाम के आधार पर विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 1 से 5 के समूह में कुणाल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविस पाल द्वितीय रहे, जबकि अभय चौहान एवं प्रबल प्रताप ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 6 से 8 के समूह में अभिषेक यादव प्रथम, श्रेया पाल द्वितीय तथा प्रिंस त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 से 12 के समूह में वैभव सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशी यादव द्वितीय तथा कार्तिक पांडे तृतीय रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अनीता सिंह एवं डॉ. रजनीश द्विवेदी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजीव चौहान, प्रधानाचार्य विजय सिंह एवं शिक्षकगण अमित यादव, अनुराग तिवारी, ओम शिव गुप्ता, अनुभव तिवारी, दिनेश, डॉ. शालिनी चतुर्वेदी, ज्योति, शिवांगी पाठक, नेहा यादव, कृष्ण गुप्ता, सोनम पाल, पुष्पा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## 100 मीटर दौड़ में तिर्वा खास के अयान, मझिला की आरोही प्रथम

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** डीएन इंटर कॉलेज परिसर में उमर्दा ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक कैलाश राजपूत ने मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पीएस तिर्वा खास के अयान प्रथम, सतसार के अंश द्वितीय तथा अज्योरा के कन्हैया तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में पीएस मझिला की आरोही प्रथम, कन्या प्राथमिक विद्यालय सिरसा की पल्लवी दूसरे तथा पीएस विनौरा की कविता तीसरे स्थान पर रही।

बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में पीएस बख्तौरापुर के रंजीत प्रथम, कंपोजिट विद्यालय किनौरा के प्रेम द्वितीय व कंपोजिट विद्यालय सतसार के अंश को तीसरा स्थान मिला। 50 मीटर बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय निस्तौली की फलक बानो नाज प्रथम, कंपोजिट विद्यालय किनौरा की सलोनी दूसरे स्थान पर रही। 200 मीटर बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर के इंद्रजीत प्रथम, तिर्वा खास के किशन दूसरे स्थान पर रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में यूपीएस खैरनगर के बालक तथा बालिका वर्ग चैंपियन रहे। खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सतसार प्रथम, निस्तौली दूसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने मेडल तथा प्रशस्ति पत्र दिए। ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर एआरपी मनोज राजपूत, जगत राजपूत, अरविंद राजपूत आदि लोग रहे।


तिर्वा में कबड्डी खेलतीं जूनियर वर्ग की छात्राएं।

## साइबर ठगी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** साइबर अपराध में वांछित आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

साइबर फ्राड के मामले में वांछित आरोपी त्रिलोकी प्रजापति पुत्र चेतराम निवासी ग्राम देवसरस थाना गोबर्धन जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गैर प्रान्त से बैंक खाता एवं मोबाइल सिम कोरियर के माध्यम से मँगा कर मुख्य आरोपी को कमीशन पर देता था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना साइबर क्राइम पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से एक कीपैड मोबाइल, 24 सिम कार्ड इस में एयरटेल की 13 सिम, वीआई के 04 सिम व जियो के 07 सिम बरामद हुये। आरोपी को गिरफ्तार करने में साइबर क्राइम थाना के इंसपेक्टर विश्नवाथ मिश्र, सिपाही महेश चन्द्र को सफलता मिली।

## मेडिकल कालेज में भी होंगे पोस्टमार्टम, टीम ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बाबा साहब डॉ. भीमराव राम जी मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस को शुरू कराने के लिये विभागीय टीम ने भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिये गये।

मेडिकल कालेज में भी अब आने वाले समय में पोस्टमार्टम होंगे। इस को लेकर अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ के साथ पोस्टमार्टम के नव निर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण को लेकर मेडिकल कालेज प्रसाशन ने भवन की साफ सफाई कराई। अब रंगरोगन का काम भी किया जाने लगा है। शनिवार की दोपहर अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मुकेश यादव टीम के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने प्राचार्य के साथ पोस्टमार्टम भवन का निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि शव विच्छेदन के लिए आने वाले शवों को एक अलग कमरे में रखा जाए। शव विच्छेदन के बाद शवों को बाहर निकालने के लिए एक अलग गेट लगाया जाये।

इसके अलावा शवों के साथ आने वाले लोगों के बैठने और स्वच्छ पेयजल सीसीटीवी कैमरों से लैस करने को कहा, ताकि सुरक्षा के साथ-साथ छात्रों को शव विच्छेदन प्रक्रिया सीखने का अवसर भी मिल सके।


मेडिकल कालेज के पोस्टमार्टम भवन का निरीक्षण करती जांच टीम

● निरीक्षण में मिली खामियों को दूर करने के दिये निर्देश
● मंत्री असीम अरुण ने शासन को भेजा था प्रस्ताव

खेलकूद

लंबी कूद बालिका वर्ग जूनियर स्तर में यूपीएस तहसीपुर की ज्योति प्रथम

## 50 मीटर की दौड़ में हिमांशु व मोनी ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड सदर कन्नौज क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के छात्र- छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने खूब दमखम लगाया। 50 मीटर प्राथमिक स्तर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में छात्र हिमांशु पीएस भीखमपुर प्रथम, शोभित पाल जलालपुर पनवारा द्वितीय स्थान पर रहे।

शनिवार को शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में आयोजित हुई बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में छात्रा मोनी जलालपुर प्रथम व सोनिका भीखमपुर द्वितीय रहीं। 100 मीटर बालक वर्ग प्राथमिक स्तर में हिमांशु भीखमपुर प्रथम, सचिन कंपोजिट विद्यालय बंसरामऊ द्वितीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर में मोनी पीएस जलालपुर पंचमा प्रथम, कामिनी कंपोजिट विद्यालय भिदासिन द्वितीय नंबर पर आईं। 200 मीटर प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में तनिष्क कंपोजिट विद्यालय बसंरामऊ प्रथम, रंजीत प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुरवा द्वितीय स्थान पर आए।

जूनियर स्तर में 100 मीटर बालक वर्ग अंकुल उच्च प्राथमिक विद्यालय चौराचांदपुर प्रथम, अनुराग कंपोजिट विद्यालय खजुहा द्वितीय रहे। लंबी कूद बालिका वर्ग जूनियर स्तर में ज्योति यूपीएस तहसीपुर प्रथम, कीर्ति कंपोजिट विद्यालय बिलंदापुर नालाहार द्वितीय तथा बालक वर्ग में जूनियर स्तर में सनी कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर नालाहार प्रथम, अर्जुन यूपीएस तहसीपुर द्वितीय रहे। सुलेख प्रतियोगिता में जूनियर स्तर में बालिका वर्ग से अवंतिका सक्सेना यूपीएस तहसीपुर प्रथम, हिमांशी बिलंदापुर नालाहार द्वितीय, ताइक्वांडो बालिका वर्ग में जूनियर स्तर यूपीएस तहसीपुर ने बाजी मारी। खो- खो प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय बिलंदापुर नालाहार प्रथम रहा। योगासन प्रतियोगिता में यूपीएस जसौली के बालक प्रथम रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर स्तर बालिका वर्ग में यूपीएस भिम्मापुरवा प्रथम विजेता रहीं।

प्राथमिक स्तर में बालिका वर्ग सांस्कृतिक कार्यक्रम में पीएस बहादुरपुर उज्जैना प्रथम तथा पीएस आसकरनपुरवा द्वितीय रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इससे पहले मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजन किया। विजेता एवं उपविजेता बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया।


कन्नौज ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी

## छिनैती के मामले में लूट के माल समेत आरोपी दबोचा

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** थाना इन्दरगढ पुलिस ने राहगीर से छिनैती के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से घटना के समय छीना गया मोबाइल, मोटर साइकिल, एक तमंचा 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

इंदरगढ़ थानाध्यक्ष नीलम सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने 08 नवंबर 2025 की सायं 06 बजे थाना क्षेत्र के नौसारा पुलिया के पास से मोटर साइकिल सबार से छिनैती की थी। उसकी बाइक, मोबाइल एन्ड्रॉयड रेड मी छीन लिया था। मामले में पीड़ित ने थाना इन्दरगढ में मुकदमा अज्ञात में दर्ज कराया था। जांच के दौरान पुलिस ने शनिवार को आरोपी राजा पुत्र बन्टी गिहार निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को ग्राम कनेकपुर से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना के समय छीना गया मोबाइल व बाइक बरामद की गई। इसके अलावा उसके पास से एक तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ हरदोई जनपद समेत कन्नौज जनपद में छिनैती व लूट का कई मुकदमें दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष नीमल सिंह, दरोगा सुरेशचन्द्र, सिपाही पुष्पेन्द्र सिंह, आशीष अवस्थी, साजन ओझा, पवन कुमार रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नलकूप पर ट्रांसफार्मर चुराने का प्रयास

**कन्नौज।** बेखौफ चोरों ने एक बार फिर से ट्रांसफार्मर चोरी की योजना बनाई। हालांकि सफल नहीं हुए लेकिन इसमें ड़रा तेल फैल गया जबकि किसानी के काम में आने वाले पीवीसी पाइपों को जलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र कोतवाली छिबरामऊ की है। यहां कुंवर योगेंद्र सिंह विद्यालय के पास किसान निहाल सिंह का नलकूप है। उनके अनुसार यहां 25 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। शुक्रवार की रात चोरी की मंशा से चोरों ने ट्रांसफार्मर को ऊपर से नीचे गिरा दिया जिससे उसका तेल बाहर निकल गया। इसके अलावा कृषि उपकरणों को भी नुकसान पहुंचा है। बताया कि उनको इस घटना में 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है। मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। बताते चलें कि जिले में बीते कई दिनों से चोरों का गैंग सक्रिय है जो ट्रांसफार्मर को गिराकर उसका तेल व क्वायल चोरी कर लेता है। अभी तक किसी मामले में आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका है।

### दो बंदियों के भागने के मामले में जेल अधीक्षक निलंबित

**कन्नौज।** जेल से दो बंदियों के भागने के मामले में तत्कालीन जेल अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है। बीते माह जेल में नव वर्ष के कार्यक्रम के दौरान 04 जनवरी को दो बंदी जेल की 22 फीट ऊंची दीवार फरार हो गये थे। मामले में तत्कालीन जेलर समेत छह स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद को मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया था। मामले की जांच शुरू कराई गई थी। जांच पूरी होने के बाद जेल अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। इस की पुष्टि एसपी विनोद कुमार ने की है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर मेंहदी घाट गंगा तट का निरीक्षण

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सीडीओ के साथ महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए सदर कोतवाली क्षेत्र के मेंहदी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिये। ट्रैफिक व्यवस्था एवं मंदिर परिसरों में भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।


# गुरसहायगंज के 21 वार्डों में नहीं मिलेगा नर्सरी कक्षाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कुल 25 वार्डों में महज 04 ही आरटीई पोर्टल पर हैं पंजीकृत, पात्र होंगे वंचित
- तालग्राम विकास खंड में 47 निजी विद्यालय, पीजी कक्षाएं 03 संस्थाओं ने ही दिखाईं
- यही है निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की हकीकत

**अमृत विचार।** जिले में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के पोर्टल में दिख रही स्कूलों व उनकी कक्षाओं की संख्या से योजना की कलई परत दर परत खुलती जा रही है। इस ओर जिम्मेदारों की ओर से शुरू से ही ध्यान नहीं दिया गया।

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज इलाके के 25 वार्डों में 35 कॉन्वेंट स्कूल ऐसे हैं जो आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत हैं लेकिन खास बात यह है कि महज 06 विद्यालयों ने ही नर्सरी की कक्षाएं इसमें दिखाई हैं। बाकी में कक्षा 01 से ही सीटें दिख रहीं हैं। बड़ी आबादी वाली इस नगर पालिका क्षेत्र में 69 सीटें ही नर्सरी कक्षा की हैं। दूसरी ओर विकास खंड तालग्राम क्षेत्र के 47 स्कूल आरटीई में पंजीकृत हैं इसमें 03 ही ऐसे हैं जहां प्री-प्राइमरी की कक्षाएं संचालित हैं। बड़ा ब्लॉक क्षेत्र होने के बाद भी महज 36 सीटें आरटीई के तहत नर्सरी की खोली गईं हैं। यह आंकड़े लोगों के गले नहीं उतर रहे हैं। आरटीई में दुर्बल वर्ग व अलाभित समूह के बच्चों को निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों हालांकि जरूरतमंदों को योजना का लाभ न मिले इसलिए असरदार विद्यालयों ने सीटें ही छिपा लीं हैं साथ ही नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी गायब कर दिया है। अगर अधिकारी विद्यालय जाकर इसकी बारीकी से जांच करें तो तथ्य चौकाने वाले सामने आएंगे।




**तालग्राम के इन तीन स्कूलों- मदरसा में नर्सरी की सुविधा**

- मदरसा अला हजरत एजूकेशन सेंटर, डुडवाबुजुर्ग- 16 सीट
- हाजी नाजिर पब्लिक स्कूल, डुडवाबुजुर्ग- 10 सीट
- महात्मा गाधीं पीएस, नरुइया- 10 सीट

**नगर पालिका गुरसहायगंज में यहां हैं पीजी कक्षाएं**

- श्रीकृष्ण कॉन्वेंट स्कूल, हमीदनगर- 10 सीट
- ताइबा एजुकेशन एकेडमी, सीमांत नगर- 30 सीट
- मोहम्मद यूसुफ अरबिया स्कूल, सीमांतनगर- 10 सीट
- केसी एजूकेशन सेंटर, सरोजनी नगर- 05 सीट
- गुरुकृपा यूपीएस, सरोजनीनगर- 08 सीट
- गुरुकुल पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर- 06 सीट

# समय से पहले बंद विधायक का गोद लिया हुआ स्कूल

## उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल गाजीपुर्वा की फोटो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत का गोद लिया प्राथमिक स्कूल गाजीपुर्वा शनिवार को समय से पहले बंद हो गया। मुख्य गेट पर दोपहर एक बजे के करीब ताला लगा दिया गया। किसी ने इसकी फोटो वायरल कर दी। जीपीएस फोटो मैप में समय भी दिख रहा है।

विकास खंड उमर्दा इलाके के खैरनगर मार्ग पर अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक स्कूल गाजीपुर्वा है। इसे भाजपा के तिर्वा विधायक ने गोद ले रखा है। बताया गया है कि विद्यालय में संतराम सिंह प्रधानाध्यापक हैं। तीन सहायक अध्यापक रीतू द्विवेदी, अभिमन्यु व धर्मेंद्र यादव तैनात हैं जिसमें रीतू सीसीएल पर चल रहीं हैं। इसके अलावा शिक्षामित्र संगीता देवी व कौसर परवीन भी हैं। वायरल हो रही फोटो में शनिवार को दोपहर 01 बजकर 24 मिनट का समय दिख रहा है जबकि बेसिक शिक्षा विभाग के मुताबिक सुबह 09 से दोपहर 03 बजे तक परिषदीय स्कूलों के खुलने का समय निर्धारित है। इससे पहले भी यहां स्टाफ में लड़ाई का मामला तूल पकड़ चुका है। इसकी शिकायत जिले से लेकर प्रदेश तक हुई थी। इस बारे में प्रधानाध्यापक संतराम राजपूत का कहना है कि उनकी ड्यूटी बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में लगी थी। प्रतिभागी छात्र- छात्राओं के साथ में अन्य बच्चे भी आ गए। एक और शिक्षक भी प्रतियोगिता में आए थे। स्कूल दोपहर 01 बजकर 40 मिनट पर बंद हो गया। अब वह क्या कर सकते हैं।



अंग्रेजी माध्यमिक प्राथमिक स्कूल गाजीपुर्वा के गेट में लगा ताला।

- प्रधानाध्यापक, तीन सहायक व दो शिक्षामित्र हैं तैनात

### रैंप वॉक व लोकगीत प्रतियोगिता

- **कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में सांस्कृतिक एवं परिषदीय प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन गृह विज्ञान विभाग की ओर से फैशन शो हुआ। छात्राओं ने भारतीय परिधानों में रैंप वॉक किया। प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की वैष्णवी, दूसरे स्थान पर द्वितीय वर्ष की सुमेधा तथा तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की अक्षरा रही। अंग्रेजी, हिंदी एवं संगीत विभाग की ओर से लोकगीत गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्राओं ने सुमधुर स्वर में लोकगीत गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। बीए प्रथम वर्ष की वैष्णवी प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की डोली द्वितीय तथा बीए द्वितीय वर्ष की सुमेधा तृतीय स्थान पर रहीं। अंत में लोकगीत भी सुनाए गए।

### आज महाशिवरात्रि, शिव मंदिरों में दिन भर चलती रहीं तैयारियां

**कन्नौज।** हिंदू आस्था का मुख्य त्योहार महाशिवरात्रि रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को शिव मंदिरों में तैयारी पूरी की जाती रहीं। इसके साथ ही घरों में भी भक्तों ने पूजा पाठ को लेकर व्यवस्थाएं पूरी कीं।

महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन माह की चतुर्दशी को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस तिथि के स्वामी साक्षात भगवान शिव ही हैं। ईशान संहिता में वर्णित है कि इसी दिन ज्योतिर्लिंग के रूप में भगवान शिव का प्राकट्य हुआ था इसलिए इस दिन पर भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति भक्तों को होती है। उपनिषदों में वर्णित है कि शिवलिंग में सभी देवी-देवताओं का वास है संपूर्ण सृष्टि भी इसी में समाई हुई है। इसलिए महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवलिंग और महादेव की पूजा करने से आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धार्मिक दृष्टि से इस दिन शिव पूजन, मंत्र जप आदि करने से आप पर शिव कृपा बरसती है। इस बार यह त्योहार 15 फरवरी रविवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को शिव मंदिरों में दिन भर साफ सफाई होती रही।

### बच्चों ने बलिदानियों को याद किया




विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किनौरा में छात्र- छात्राओं ने पुलवामा हमले के बलिदानियों को याद किया। मोमबत्ती जलाकर उनको श्रद्धांजलि दी। साथ ही इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया। शिक्षकों ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों का बलिदान हो गया था। • अमृत विचार

# जिला अस्पताल के पीछे वाला रोड बना कूड़ा डंपिंग स्थल

**कन्नौज।** जिला अस्पताल के निकट मार्ग पर कूड़े के ढेर लगाए जा रहा है। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। नगर पालिका क्षेत्र होने के बाद भी कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगरपालिका की लापरवाही का खामियाजा राहगीर भुगत रहे हैं। जिला अस्पताल और कोल्ड स्टोरेज के बीच से निकले मार्ग को लोगों ने कूड़ा डंप केंद्र बना दिया है। यहां पर कूड़ा नियमित डाला जा रहा है। पीछे के गांव में निवास करने वाले लोग जिला अस्पताल दवा लेने के लिये आते हैं तो उनको कूड़े से होकर गुजरना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने भी इस मार्ग को कूड़ा डालने का स्थान बना दिया है। यही नहीं क्षेत्र में उक्त रोड आने के बाद भी नगर पालिका कर्मी जिला अस्पताल के सामने का कूड़ा उठा कर चले जाते हैं। इस मार्ग पर न तो झाड़ू लगाई जाती न ही कूड़ा उठाया जाता है। इस संबंध में लोगों ने नगर पालिका ईओ से शिकायत भी की थी पर कोई नतीजा नहीं निकला।लोगों में आक्रोश है।



जिला अस्पताल व कोल्ड स्टोरेज के बीच से निकले रोड पर फैला कूड़ा।

### नीम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अतिराजपुर के पास नीम के पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिला।

शनिवार को सुबह करीब 8:30 बजे स्थानीय निवासी पिंकू दुबे ने अपने खेत में खड़े नीम के पेड़ पर एक युवक को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान ग्राम मदारपुर निवासी योगेंद्र कठेरिया के रूप में हुई। पिंकू दुबे ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। पिता राजेश कठेरिया, मां शिवरानी सहित अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और बेटे का शव देखकर फूट-फूटकर रो पड़े। कसावा चौकी प्रभारी संजय मौर्य पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत इस्लामपुर वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 14/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 21.02.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत इस्लामपुर वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक** 15.02.2026 से **दिनांक** 21.02. 2026 तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 21.02.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 21.02.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत इस्लामपुर वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खाद्य एवं रसद विभाग | ग्राम पंचायत इस्लामपुर में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य | 701055 | 14021 | 500+90 | 3 माह | इस्लामपुर |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।.
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत -इस्लामपुर**
**वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**



कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाड़ी व संकुल के बच्चे। अमृत विचार

### बीआरसी पर हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीईओ ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शनिवार को तालग्राम ब्लॉक के बीआरसी पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ रमेश चंद्र चौधरी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वही आंगनवाड़ी केंद्रों व बाल वाटिका की कार्यकत्री और प्रत्येक संकुल वाटिका से पांच निपुण बच्चों ने प्रतिभाग किया। जबकि कार्यक्रम में मौजूद एसआरजी विकास कुमारी के द्वारा बाल वाटिका के निपुण लक्ष्य एवं उससे संबंधित चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी अमित मिश्रा, सुपरवाइजर नेहा गुप्ता, एआरपी अनिल कुमार, ऋषि कुमार अग्निहोत्री, अबरार मोहम्मद, प्रशांत कुमार, विकास कुमार, नजर नियाजी, मंजू लता, राजेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### बिजली बिल राहत योजना का अंतिम मौका,

**कन्नौज।** बिजली बिल राहत योजना के अंतिम चरण का लाभ लेने बकायेदार उपभोक्ता नहीं पहुंच रहे हैं। दफ्तरों में पूरे दिन सन्नाटा रहता है जब कि यह अंतिम मौका है।बिजली बिल राहत योजना के दो चरण समाप्त हो चुके हैं। तमाम उपभोक्ताओं ने पहले व दूसरे चरण में छूट का लाभ लिया। अब तीसरे और अंतिम चरण की शुरुआत हो चुकी है। इसमें योजना के तहत बकाया बिल जमा करने पर ब्याज में 100 फीसदी छूट व मूलधन में 15 फीसदी की छूट दी जा रही है। बिजली चोरी के मामलों में राजस्व निर्धारण पर 40 फीसदी की छूट है। विभाग की मानें तो पहले व दूसरे चरण में बकायेदारों ने जमकर लाभ लिया। सबसे वेहतर पहला चरण रहा। तीसरे चरण में 10 दिन से ज्यादा बीत चुके हैं लेकिन न तो बकायेदार और न ही बिके लिये लोग आ रहे हैं।



तिर्वा कोतवाली में थाना समाधान दिवस पर शिकायत सुनते एएसपी अजय कुमार व कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

### एसआईआर की भेंट चढा थाना समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज/तिर्वा

**अमृत विचार।** जिले में थाना समाधान दिवस एसआईआर की भेट चढ़ रहा है। प्रसाशनिक अधिकारियों के न पहुंचने से फरियादियों की शिकायतों को थाना कोतवाली प्रभारी व अधिकारी सुनते रहे हैं। यही हाल सदर कोतवाली में भी रहा। यहां पर भी कोतवाली प्रभारी ने लेखपालों व कानूनगो के साथ परियाद सुनी। तिर्वा प्रतिनिधि के अनुसार माह के दूसरे शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में थाना दिवस शुरू हुआ। राजस्व सम्बन्धी छह शिकायते आईं। राजस्व व पुलिस की चार टीमें बनाकर समस्या का समाधान कर दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल सहित सभी राजस्व कर्मी मौजूद रहे। इसी तरह पूरे जिले के थाना कोतवाली में थाना समाधान दिवस हुए।

परेशानी | कक्षा 01 से 08 तक के 14,521 विद्यार्थी डीबीटी से हुए वंचित

# मार्च में खत्म होगा सत्र, बच्चों को नहीं मिले 1.74 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बेसिक शिक्षा विभाग में पंजीकृत स्कूलों में हैं 01,29, 669 छात्र
- शैक्षिक सत्र समाप्त हो जाएगा और 50 दिन ही इसके लिए बचे

**अमृत विचार।** मार्च में शैक्षिक सत्र समाप्त हो जाएगा और 50 दिन ही इसके लिए बचे हैं। अब तक जनपद के 14,521 छात्र-छात्राओं को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के 01 करोड़ 74 लाख 25 हजार 200 रुपये नहीं मिले हैं। ये रकम वह है जिससे सरकार की ओर से यूनिफार्म व स्टेशनरी के लिए 1200- 1200 रुपये अभिभावकों के खातों में भेजा जाता है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में पंजीकृत 01 लाख 29 हजार 669 छात्र-छात्राओं में से 14,521 को डीबीटी का लाभ नहीं मिला है। ऐसे में सैकड़ों बच्चे बिना यूनिफार्म के ही पढ़ने जा रहे हैं। अभिभावकों के खातों में 1200 रुपये प्रति छात्र के लिए निर्धारित दो जोड़ी यूनिफार्म, जूते-मोजे, स्वेटर, बैग, पेंसिल व रबर आदि खरीदने के लिए दिए जाते हैं। सरकार उन्हीं अभिभावकों को रुपये भेजती है जिनके अभिलेख सही होते हैं। इसका ऑनलाइन सत्यापन भी कराया जाता है।

लाभ लेने के लिए आधार कार्ड व बैंक खाते की केवाईसी होना जरूरी है। बेसिक शिक्षा कार्यालय के मुताबिक 01 लाख 15 हजार 148 विद्यार्थियों को डीबीटी का लाभ मिल चुका है।

बताया जा रहा है कि 5 334 अभिभावक ऐसे हैं जिनका बैंक खातों में आधार कार्ड की सीडिंग नहीं है। 151 अभिभावकों का डाटा सत्यापन के लिए लंबित है। 3,173 छात्र- छात्राओं का डाटा सत्यापित हो चुका है। उनको लाभ जल्द मिलने की बात कही जा रही है। साथ ही 5823 अभिभावकों का डाटा शिक्षक स्तर से लंबित है।



उच्च प्राथमिक स्कूल में बिना यूनिफार्म के मिड-डे मील खाते छात्र-छात्राएं।

### अधिकारियों को लिखी गई चिट्ठी

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि परिषदीय स्कूलों के सभी विद्यार्थियों को डीबीटी का लाभ मिलेगा। इसके लिए सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को चिट्ठी लिखी है। निर्देश दिए हैं कि प्रधानाध्यापक जल्द से जल्द समस्या दूर कराएं और डीबीटी के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ाएं। अभिभावकों के आधारकार्ड भी सीडिंग कराएं। दूसरी ओर संबंधित बैंक अधिकारियों को पत्र भेजने की बात भी कही है। उन्होंने बताया कि 1,15,148 विद्यार्थियों को डीबीटी का लाभ मिल चुका है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिरहट वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 14/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 21.02.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत बिरहट वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक** 15.02.2026 से **दिनांक** 21.02.2026 तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 21.02.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 21.02.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत बिरहट वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खाद्य एवं रसद विभाग | ग्राम पंचायत बिरहट में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य | 701055 | 14021 | 500+90 | 3 माह | बिरहट |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।.
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत - बिरहट**
**वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**

## न्यूज ब्रीफ

### जहरखुरानी गिरोह का शिकार हुआ युवक

**फर्रुखाबाद।** शहर के रोडवेज बस अड्डे पर शुक्रवार रात्रि जहरखुरानी का शिकार युवक विनीत कुमार पाठक बेहोशी की हालत में मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। कादरी गेट के मोहल्ला श्याम नगर निवासी 45 वर्षीय विनीत कुमार पाठक पुत्र रमेश चंद्र पाठक को आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. देवस्य राजपूत ने बताया कि विनीत कुमार को बेहोशी की हालत में भर्ती किया गया है और उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। विनीत के बड़े भाई अखिलेश कुमार पाठक ने जानकारी दी कि विनीत जयपुर से न्यू राधिका ट्रेवल्स की प्राइवेट बस से घर लौट रहे थे। अखिलेश सुबह से उन्हें लगातार फोन कर रहे थे, लेकिन फोन नहीं उठ रहा था। बाद में किसी दूसरे नंबर से उन्हें फोन आया कि उनके भाई बस में बेहोशी की हालत में पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही अखिलेश मौके पर पहुंचे और विनीत को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। अखिलेश ने आशंका जताई कि विनीत जहरखुरानी का शिकार हुए हैं। होली का त्योहार पास आते ही जहरखुरानी की घटनाएं शुरू हो गयी हैं।

### बंदर बचाने के चक्कर में पलटी बाइक, दो घायल

**फर्रुखाबाद।** शहर में एक बंदर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर पलट गयी, जिससे उस पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैस के गांव नगला खनू निवासी नागेश पुत्र भीकम को शुक्रवार रात फर्रुखाबाद के बढ़पुर क्षेत्र स्थित लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने बताया कि नागेश के पैर में गंभीर चोट आई है और उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। घायल नागेश ने बताया कि वह अपने साथी छत्रपाल के साथ बाइक से कम्पिल गए थे। वापस लौटते समय गांव गोरीखेड़ा के पास अचानक एक बंदर सडक़ पर आ गया। बंदर को बचाने की कोशिश में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दुर्घटना में नागेश और उनके साथी छत्रपाल दोनों घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**फर्रुखाबाद।** जनवादी लेखक संघ (जलेस) के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर 15 फरवरी को विचार गोष्ठी एवं कविगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सचिव सुनील कटियार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जनवादी लेखक संघ का इतिहास, उसके उद्देश्य तथा लोकतंत्र और जनवाद के समर्थन में लेखकीय दायित्व विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयोजन 15 फरवरी को प्रात: 11 बजे से डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता सभागार, सेठगली में होगा। साहित्यकारों, कवियों एवं प्रबुद्धजनों से सहभागिता की अपील की गई है।

### अवैध तमंचा कारतूस सहित युवक धरा गया

**फर्रुखाबाद।** कंपिल पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को धर दबोचा। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे आर्म एक्ट में जेल भेज दिया गया। होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार और क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कंपिल पुलिस ने यह सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष नितिन कुमार अपनी टीम और उपनिरीक्षक हरीश कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। कंपिल रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास उन्हें एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की और पूछताछ करनी चाही, तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम महिपाल, निवासी नगला भजन, थाना पिलुआ, जिला एटा के रूप में बताया। उसके पास से एक अवैध .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी महिपाल के खिलाफ आयुध अधिनियम 1959 की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# श्रृंगीरामपुर घाट पर गूंजे हर-हर महादेव के उद्घोष

## महाशिवरात्रि आज, पांडेश्वर मंदिर में जलाभिषेक को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, सुबह से लगेगी मंदिरों में लाइन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक श्रृंगीरामपुर घाट पर हर-हर महादेव के उद्घोष गूंजे। एलआईयू की रिपोर्ट के मुताबिक पांच लाख से अधिक श्रद्धालु उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंच चुके हैं।

जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र स्थित श्रृंगीरामपुर मेले में इस वर्ष लगभग पांच लाख श्रद्धालु पहुंचे। भारी भीड़ के बावजूद पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाएं सुचारू रहीं, जिनकी व्यापक सराहना की जा रही है। मेले में यातायात प्रबंधन विशेष रूप से प्रभावी रहा। प्रमुख मार्गों पर कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आने-जाने हेतु वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई थी। पूरे मेला क्षेत्र और संबंधित मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था, जिसने लगातार निगरानी रखी। श्रृंगीरामपुर घाट पर उत्सव का माहौल है। प्रशासन द्वारा लाइटिंग, मोटरबोट, गोताखोरों की व्यवस्था की है। श्रृंगीरामपुर का घाट एक नगर जैसा नजर आ रहा है।


जल भरने के लिए श्रृंगीरामपुर जा रहे कांवड़िए। अमृत विचार

शहर के पांडेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रविवार को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए मंदिर को सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। महाशिवरात्रि पर पांडेश्वर मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उनकी सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए शनिवार से ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गयी। इसके साथ ही, मंदिर को फूलों से सजाया गया और आकर्षक लाइटिंग भी लगाई गई। मंदिर के पुजारी गोपाल शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह 4.30 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। साफ-सफाई के बाद सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन और जलाभिषेक के लिए प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 6.00 बजे भगवान का प्रातः कालीन मंगला पूजन होगा। उन्होंने बताया कि सुबह से शाम तक भगवान की पांच आरती होती हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रात में भगवान की चारों पहर की पूजा की जाएगी और जागरण का भी आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि शहर का पांडेश्वर नाथ मंदिर द्वा पर कालीन है। नवाबगंज विकास खण्ड के पुठरी के ऐतिहासिक महाकाल मंदिर में भी श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। महाकाल के भक्त बड़ी संख्या में महादेव को प्रसन्न करने के लिए पहुंच रहे हैं। हालात यह हैं कि महाशिवरात्रि से पूर्व पुठरी गांव में आबादी चार गुना बढ़ गयी है।

कंपिल में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन श्री रामेश्वर नाथ, कालेश्वर नाथ मंदिर, कपिल मुनि आश्रम, वर खंडी नाथ और श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति के प्रमुख केंद्र बन गए हैं। रविवार को होने वाले पर्व महाशिवरात्रि के लिए इन मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु कंपिल पहुंचते हैं। शनिवार सुबह से ही भक्त कांवड़ सजाकर गंगाजल भरने के लिए कंपिल घाट एवं अटैना घाट पर पहुंचने लगे हैं। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर जयकारे लगाते हुए आ रहे हैं। मंदिर के महंत आनंद गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि और भक्ति का विशेष पर्व है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष इंतजाम किए जाते हैं। आयोजनों में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि की रात में शिव-पार्वती विवाह का आयोजन होगा।

### महाशिवरात्रि के दृष्टिगत एसपी ने लागू किया रूट डायवर्जन

**फर्रुखाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर फर्रुखाबाद में यातायात रूट डायवर्ट किया गया है। यह व्यवस्था शनिवार शाम 6 बजे से रविवार शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुरक्षा तथा सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया है।यह डायवर्जन विशेष रूप से भारी मालवाहक वाहनों जैसे ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डंपर और लोडर के लिए किया गया है। कन्नौज कानपुर मार्ग पर कन्नौज से फतेहगढ़ की ओर आने वाले मालवाहकों को गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर मोड़ दिया जाएगा। छिबरामऊ मार्ग पर छिबरामऊ से जहानगंज होते हुए फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को छिबरामऊ से ही बेवर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। मैनपुरी मार्ग पर बेवर-मैनपुरी की ओर से फतेहगढ़ आने वाले सभी मालवाहकों को बेवर में ही रोका जाएगा।एटा मार्ग पर जनपद एटा की ओर से फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को बिराहिमपुर अलीगंज बॉर्डर पर रोका जाएगा। शाहजहांपुर-बरेली मार्ग पर शाहजहांपुर की ओर से फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को थाना अल्लाहगंज हुलापुर और जरियापुर चौराहे पर रोका जाएगा। इसी प्रकार, ढाई घाट शमशाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को जरियानपुर में रोका जाएगा। हरदोई मार्ग पर हरदोई की ओर से फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को रूपापुर थाना सवायजपुर में रोका जाएगा। यह यातायात व्यवस्था पांचाल घाट, और पांडेश्वरनाथ मंदिर जैसे प्रमुख स्थानों पर लागू की गई है।

## राजेपुर थाना समाधान दिवस में आईं छह शिकायतें

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस में छह शिकायतें आईं, जिसमें जमीनी विवाद के मामले सर्वाधिक थे। इस दौरान राजस्व टीम भी थाने में मौजूद रही।

थाना समाधान दिवस में खेत और अन्य जमीनी विवादों से जुड़े लगभग छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर राजस्व टीम के लेखपाल और कानूनगो भी मौजूद रहे। राजस्व टीम ने जमीनी विवादों से संबंधित इन प्रार्थना पत्रों पर फरियादियों को आश्वासन दिया। टीम ने बताया कि दो दिन के भीतर पैमाइश करके इन सभी विवादों का निस्तारण कर दिया जाएगा। क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद ने बताया कि जमीनी विवाद के जो प्रार्थना पत्र आए थे, उन्हें राजस्व टीम को सौंप दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिये हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर सड़क हादसे में घायल हुए युवक राजवीर की मौत के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जटपुरा गांव निवासी कमल सिंह ने अमृतपुर थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके भाई राजवीर पुत्र स्वर्गीय बाबूराम सिंह सात जनवरी 2026 को शाम लगभग 8 बजे अमृतपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वांसी अड्डा स्थित फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर एक जनसेवा केंद्र के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से राजवीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। वहां से भी स्थिति नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सैफई ले जाने की सलाह दी थी। हालांकि, परिजन राजवीर को कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए, जहां 11 जनवरी 2026 को सुबह करीब 6 बजे उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में अमृतपुर थाने में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच का जिम्मा उपनिरीक्षक रवि सोलंकी को सौंपा गया है। थाना प्रभारी मोनू शाक्या ने प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ कैदी के शव का पोस्टमार्टम

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत के बाद शनिवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव सिलसंडा निवासी प्रभात उर्फ प्रभाकर दुष्कर्म के मामले में सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। गांव की ही रहने वाली प्रेमलता पत्नी राजेश ने प्रभात के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें न्यायालय द्वारा उसे सजा सुनाई गई थी। तब से वह केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जेल के अंदर प्रभात ने कथित रूप से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने उच्च अधिकारियों को सूचित किया। शनिवार को मृतक के परिजन जेल पहुंचे और उन्होंने जेल प्रशासन पर षड्यंत्र के तहत हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी कल्पना और मां कमला देवी ने बताया कि तीन दिन पूर्व ही फोन पर प्रभात से उनकी बातचीत कराई गई थी और उस समय वह पूरी तरह सामान्य था। ऐसे में अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की बात परिजनों के गले नहीं उतर रही है।


पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे मृतक के दु:खी परिजन। अमृत विचार

- परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

## युवक को चचेरे भाई ने फावड़ा मारकर घायल किया, गंभीर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** युवक को उसके चचेरे भाई ने फावड़े से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की जब थाना नवाबगंज में सुनवाई न हुई तो उसने अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ङ्क्षसह के कार्यालय का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित युवक ने स्थानीय पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए अपर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। एएसपी ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

यह घटना फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के इमादपुर गांव में हुई। पीड़ित राजू सिंह पुत्र मुनीम सिंह ने फतेहगढ़ पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय में एएसपी अरुण कुमार सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र में राजू सिंह ने आरोप लगाया कि उनके खेत में गाय घुस गई थी, जिसे वह भगाने गए थे। इसी दौरान उनके ताऊ सेवकराम वहां आए और उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद ताऊ के बेटे अरुण ने फावड़े से हमला कर राजू को घायल कर दिया। राजू सिंह ने बताया कि उनका ताऊ से कोई पुराना विवाद नहीं है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इस घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस से की थी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्याय के लिए एएसपी से गुहार लगाई। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने पीड़ित राजू सिंह को आश्वस्त किया है कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सपाइयों ने फिर लगाया फर्जी फार्म-7 भरे जाने का आरोप

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर फर्जी फार्म सात भरे जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शनिवार को सदर विधानसभा के नवाब दिवाकर जंग बूथ संख्या 276 पर 66 फॉर्म, 277 पर 130 फॉर्म तथा बजरिया बड़ा खेल बूथ संख्या 278 पर 14 फॉर्म फर्जी तरीके से भरकर दिए जाने की सूचना जिला महासचिव इलियास मंसूरी को मिली, उन्होंने तुरन्त पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को अवगत करवाया और मौके पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी पहुंचे। सपा नेताओं से बड़ी संख्या में मौजूद इस फर्जीवाड़े के शिकार क्षेत्रीय मतदाताओं ने बताया कि हमारे सबके नाम काटने के लिए फर्जी फॉर्म 7 में वैभव सक्सेना, रंजीत कश्यप एवं उमेश कश्यप को आवेदनकर्ता बनाकर सुपर वाइजर संजीव दुबे लेखपाल ने ये फॉर्म बीएलओ दिए हैं।जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास कर रही है,। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है कि मतदाताओं को सूचित किए बिना ही हस्ताक्षर करके सम्मिट करो जिससे ये वोट कट जाएंगे, जबकि ये सभी लोग जीवित और वैद्य मतदाता मौके पर मौजूद हैं। ये निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हैं।


बूथ पर कथित फर्जी फार्म सात दिखाते सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव व अन्य।

- जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने की कार्रवाई की मांग

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत हत्या का आरोप

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी ने पति की हत्या का आरोप लगाया है। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक की पत्नी मोनी पत्नी संतोष ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके पति संतोष गाजियाबाद में प्राइवेट नौकरी करते थे। बीते बुधवार को कुछ लोगों ने उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद उनका शव एम्बुलेंस से गांव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पत्नी मोनी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मामले में उपनिरीक्षक अमित कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एसएन साध ट्रस्ट के सौजन्य से तीसरे दिन भी दिव्यांगों को बांटी सौगात

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शनिवार को तीसरे व अंति दिन भी एस. एन. साध ट्रस्ट के सौजन्य से और डॉ रजनी सरीन ने दिव्यांगजनों को उपकरणों की सौगात बाटी।

शनिवार सुबह से ही शिविर में दिव्यांगजनों की भीड़ उमड़ी। प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध व चमकेश साध ने दिव्यांगजनों का स्वागत किया और उनसे पारिवारिक महौल में वार्ता की। मधु साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध, रोहित गर्ग ने व्यवस्था को बख़ूबी संभाला। विगत शिवरों की तरह इस बार भी विशेष रूप से जो व्यक्ति कान की समस्या से जूझ रहा है, उसके लिए ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ शिखर सक्सेना जी उनका परीक्षण कर उनको कान की मशीन व दवाई लिख रहे है जो कि निशुल्क ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करायी गयी। इसमें मुख्य भूमिका में जयपुर से आई हुई विशेष टीम के सदस्य मनीष, गणेश, विनोद, दिनेश, अवधेश, लोकेश, सी एस मलकानी, रमाकांत, हलदार, और रोजन ने सहयोग किया साथ ही उदय पाल, गुंजा जैन, सुजीत वर्मा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध, शेखर साध और जयपुर की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। तीसरे व अंतिम दिन 339 पंजीकरण हुए। 28 ट्राई साइकिल, छह कृत्रिम हाथ, 20 व्हीलचेयर, 45 छड़ी, 26 कैलिपर, 20 कृत्रिम पैर, 19 वैशाखी, 25 वॉकर, 49 जूते 85 कान की मशीनें वितरित की गयीं।


दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल देते एसएन साध ट्रस्ट के पदाधिकारी।

- सुबह से ही शिविर में दिव्यांगजनों की भीड़ उमड़ी
- राकेश साध व चमकेश साध ने दिव्यांगजनों का स्वागत किया

निरीक्षण — कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिये व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

## डीएम व एसपी ने बोर्ड परीक्षा तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होनी हैं। परीक्षा शुरू होने में महज तीन दिन शेष रह गये हैं। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी परीक्षा की तैयारियां चुस्त-दुरुस्त करने में लगे हैं। शनिवार को उन्होंने परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा फतेहगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज में तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था, केंद्रवार रिपोर्टिंग प्रणाली तथा तैनात कार्मिकों की उपस्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से निरंतर और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। किसी भी केंद्र पर अवांछित गतिविधि की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम एवं संबंधित अधिकारियों को दी जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रश्नपत्र निर्धारित समय से पूर्व सुरक्षित ढंग से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए जाएं तथा वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा कक्षों में बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल एवं सुरक्षा के सभी मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा अवधि के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने, बाहरी व्यक्तियों की अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगाने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 का कड़ाई से अनुपालन कराने की बात कही। कहा परीक्षा के दौरान बाहरी लोगों को निर्धारित दूरी के अंदर प्रवेश न करने दिया जाए। केंद्रों पर पुलिस पूरी चौकसी बरते।

जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जनपद की परीक्षा व्यवस्था आदर्श और निष्पक्ष बनी रहे।

निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


निर्देश देते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी साथ में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में चार लोग घायल, लोहिया रेफर

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कंपिल के गंगा रोड पर एक ऑटो और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी के बिछुआ थाना क्षेत्र के गांव तेजपुर निवासी 23 वर्षीय विवेक पुत्र केशव देव अपने चाचा के पुत्र विक्रम और पारिवारिक बाबा मोरपाल के साथ बाइक से कंपिल के अटेना घाट पर महाशिवरात्रि के लिए गंगाजल लेने जा रहे थे। कस्बे में कंपिल-अटेना मार्ग पर सामने से आ रही एक टैक्सी (ऑटो) से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में विवेक और विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक मोंटी पुत्र पप्पू (निवासी कटरा, बदायूं) और उसका बहनोई अनिकेत पुत्र हरगोविंद (निवासी शिकोहाबाद) भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनास्थल पर चीख-पुकार मचने के बाद, 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चारों को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। ऑटो चालक मोंटी ने बताया कि वह कटरा से कंपिल अपने बहनोई और मौसी मोहिनी को छोडऩे जा रहा था। हादसे में उसकी मौसी मोहिनी बाल बाल बच गई ।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे क्रासिंग पर लगा लंबा जाम, लोग हुए परेशान

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे के 13 एस रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार शाम लंबा जाम लग गया। फाटक देर से खुलने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और कांवड़ियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 4 बजे श्रंगीरामपुर से जल भरकर लौट रहे कांवड़िए जब क्रॉसिंग पर पहुंचे, तो फाटक बंद था। बिधूना की ओर से आ रहे वाहन भी जाम में फंस गए। देखते ही देखते दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जाम में फंसे कांवड़ियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। तेज धूप और भीड़ के कारण उन्हें असुविधा झेलनी पड़ी। काफी समय बाद जब फाटक खोला गया, तब जाकर यातायात सुचारू हो सका और लोगों ने राहत की सांस ली।

### मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ भंडारा

**अयाना।** गांव अयाना में काली माता मंदिर परिसर में स्थापित शनि देव की मूर्ति के चार वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धालु पूजा गुप्ता की ओर से भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे से पहले मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान कर विश्व कल्याण की कामना की गई। साथ ही सात साल पहले पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया गया। संत महात्माओं ने भंडारे में प्रसाद चखा। इस दौरान मुन्नालाल गुप्ता, श्यामजी उर्फ गोलू गुप्ता, पुष्पराज मिश्रा, श्याम जी दुबे, रवि गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, बल्लू गुप्ता, श्रृष्टि, अभय, आयुषि, शिवानी रावत आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### घर से लापता हुई 20 वर्षीय युवती, थाने में गुमशुदगी दर्ज

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरा पुर्वा निवासी एक 20 वर्षीय युवती घर से बिना बताए लापता हो गयी। परिजन की तहरीर पर थाना बेला में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरा पुर्वा निवासी सुधदेव सिंह पुत्र स्व. बालकराम ने थाना बेला में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री वंदना (उम्र लगभग 20 वर्ष) शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे घर से बिना कुछ बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती के बारे में बताया गया है कि वह पीले रंग का सूट पहने हुए है तथा रंग सांवला है। थानाध्यक्ष ने मामले की जांच उपनिरीक्षक कमल सिंह को सौंपी है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है कि युवती की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### गौरक्षकों ने किया मृत गोवंशों का अंतिम संस्कार

**फफूंद, औरैया।** नगर पंचायत फफूंद में बजट की 'बंदरबांट' बेजुबानों की जान पर भारी पड़ रही है। पक्के तालाब स्थित सरकारी गौशाला भ्रष्टाचार और प्रशासनिक संवेदनहीनता के कारण 'कत्लगाह' में तब्दील हो चुकी है। स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने जिम्मेदारों पर कई आरोप लगाए। गोवंशों की दुर्दशा का वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। गौशाला की बदहाली की सूचना मिलते ही गौरक्षा दल की टीम अभिषेक दुबे, सौरभ बाबू, डॉ. अभिषेक कुशवाहा, अनुराग धनगर व अन्य मौके पर पहुंची। मौके पर दो गवंशों की मौत हो चुकी थी। अन्य की हालत खराब थी। प्रशासनिक अनदेखी के बीच गौरक्षकों ने मानवता दिखाते हुए मृत गोवंशों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय ने बताया मामला संज्ञान में आया है, हम इसकी आंतरिक जांच करा रहे हैं। कहा कि वायरल वीडियो में जो गोवंश मृत दिखाए जा रहे हैं वो दोनों जीवित हैं और कोई गोवंश मरा नहीं है।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की हत्या

## आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम, पुलिस के समझाने के बाद हटा जाम



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार



आक्रोशित लोगो को समझाती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमावता में शनिवार तड़के खेत की रखवाली कर रहे 35 वर्षीय किसान की हत्या कर दी गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझा कर मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार अर्जुन सिंह प्रतिदिन की तरह हरपालपुर अड्डा, अमावता स्थित अपने गेहूं के खेत में मचान बनाकर रखवाली कर रहे थे और वहीं सोते थे। देर रात लगभग 3 बजे उनके मोबाइल फोन से चेन्नई में रह रहे उनके भाई के पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि जल्दी आ जाओ, तुम्हारे भाई को सूअर ने टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही परिजनों को अवगत कराया गया। परिजन जब खेत पर पहुंचे तो अर्जुन सिंह का शव गेहूं की फसल के बीच पड़ा मिला। घटनास्थल के पास से एक कुल्हाड़ी, टूटी टॉर्च और लाल मिर्च पाउडर का पैकेट बरामद हुआ, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को खेत से उठाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बाबरपुर-सिकरोड़ी मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने बताया कि अमावता गांव से एक युवक की हत्या की सूचना प्राप्त हुई है। मृतक की पहचान अर्जुन सिंह पुत्र दुर्गा सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर सर्विलांस व वीडियोग्राफी टीम को बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान परिजनों ने चौकी मलंगांव पुलिस पर क्षेत्र में गश्त न करने का आरोप लगाया। साथ ही एक पुलिसकर्मी द्वारा घटना को ड्रामा कहे जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अयाना, फफूंद और अजीतमल थानों की अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की गई। अर्जुन सिंह पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनके बड़े भाई कौशल सिंह एयरफोर्स में, विक्रम सिंह टीडीआई में, अखिल सिंह रेलवे में तथा राघव सिंह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। अर्जुन सिंह घर पर रहकर खेती का कार्य संभालते थे। परिवार में पत्नी शांति, 8 वर्षीय पुत्र नीतिक और 4 वर्षीय पुत्री हैं। पुलिस टीम को शव के पास से टूटी टॉर्च, कुल्हाड़ी और लाल मिर्च पाउडर मिला है, जिससे सुनियोजित हत्या की आशंका जताई जा रही है। जिला पंचायत सदस्य विश्वजीत प्रताप सिंह व पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद मृतक के भाई अखिल ने आरोपियों के नाम गुप्त रूप से बताए, जिसके बाद शव को हटाकर जाम समाप्त किया गया।

# आज भयानक नाथ मंदिर में उमड़ेगी आस्था

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** हर हर महादेव... मेरे डमरू वाले के डमरू पे दुनिया है नाचे, भोले के भक्त किसी से न घबराते..। कर्पूर गौरम, करुणावतारं...हर..हर शंभू..। मंगलवार आधी रात शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बम-बम भोले की गूंज के साथ आधी रात के बाद भक्तों ने बाबा के दर्शन किए।

बिधूना तहसील क्षेत्र के गांव कुदरकोट में भगवान भयानक नाथ के मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पौराणिक महत्ता है। मान्यता है कि भगवान भोलनाथ यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। यहां पर हर वर्ष शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। भयानक नाथ मंदिर पर पूजा अर्चना व जलाभिषेक करने वाले भक्तों की भारी भीड़ रहेगी। औरैया जिला जहां क्रांतिकारियों की भूमि के नाम से इतिहास के पन्नों में दर्ज है वहीं पौराणिक धरोहरों के साथ बिधूना तहसील क्षेत्र का गांव कुदरकोट (पूर्व में कुंडिनपुर) का नाम भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है। मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण की ससुराल है। यहीं से भगवान कृष्ण द्वारा रुक्मिणी के हरण करने के प्रमाण मिलते हैं। जानकार बताते हैं कुदरकोट गांव कभी कुंडिनपुर बाद में कुंदनपुर के नाम से जाना जाता था और द्वापर कालीन राजा भीष्मक की राजधानी हुआ करती थी। रुक्मणि के पिता महाराज भीष्मक द्वारा आज से लगभग पांच हजार साल पूर्व पुरहा नदी के तट के पास एक शिवलिंग की स्थापना कराई गयी थी। भयानक नाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है। यहां पूजन से मन्नत पूरी होती है, इसीलिए श्रावण मास हो या महाशिवरात्रि या फिर सोमवार का दिन, यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। महाशिवरात्रि में तो बम-भोले की गूंज के साथ कंधों पर कांवड़ लिए भक्तों की टोलियों का नजारा विहंगम होता है। हर बार की तरह इस बार भी शिवरात्रि का पर्व क्षेत्र के लिए विशेष उत्सव लेकर आया है। फर्रुखाबाद के श्रृंगीरामपुर से कांवड़ लाकर यहां भक्त गंगाजल चढ़ाने आए हैं। भयानक नाथ मंदिर के पुजारी राम कुमार चौरसिया ने बताया कि यह पौराणिक के साथ-साथ सिद्ध शिवलिंग है। कहा कि भगवान शिव की पूजा करने से मनवांछित फल प्राप्त होता है। सच्चे मन से भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, बिल्व पत्र, आक, धतूरा चढ़ता है। लगभग पांच दशक पहले उनके पिता सुभाष चन्द्र चौरसिया ने लोगों की मदद से इसका जीर्णोद्धार कराया था।



रोटी बिलखते परिजन। अमृत विचार

### मेले में दुकानदार की मौत, सांस की बीमारी से बिगड़ी तबीयत

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे में लगे मेले के दौरान शनिवार सुबह एक दुकानदार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से मेले में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। जानकारी के अनुसार, मृतक रामबाबू पुत्र बच्चू लाल निवासी थाना सिकंदरा, जिला कानपुर देहात, अछल्दा मेले में दुकान लगाए हुए थे। परिजनों के मुताबिक वह लंबे समय से सांस की बीमारी से पीड़ित थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार सुबह करीब 11 बजे उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्थिति गंभीर होते देख उनकी पत्नी गीता देवी आनन-फानन में निजी ई-रिक्शा से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा लेकर पहुंचीं। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर गौरव ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उन्हें लगभग 12:10 बजे ई-रिक्शा से लाया गया था। घटना की सूचना पर कस्बा प्रभारी मौके पर पहुंचे। मृतक के भतीजे शिवम ने पंचनामा भरवाया। कस्बा प्रभारी बृज किशोर ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के सांफर गांव में शनिवार सुबह एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 30 वर्षीय सोनी के रूप में हुई है, जो मोहित शंखवार की पत्नी थीं।

परिजनों के अनुसार, घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे की है। सोनी ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे की सहायता से फंदा लगाकर जान दे दी। सबसे पहले उनकी पांच वर्षीय बेटी सानबी कमरे में आई और मां को फंदे पर लटका देखकर घबरा गई। बच्ची ने रोते-चीखते हुए शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर अन्य परिजन दौड़े और सोनी को फंदे पर लटका पाया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी के अनुसार, फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# देवकली मंदिर पर चला सफाई अभियान

औरैया टीम

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि के चलते देवकली मंदिर प्रांगण व बाहर सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान प्रातः 7 बजे समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में चलाया गया। इसके तहत फूल-पत्ती, प्लास्टिक, पॉलिथीन व अपशिष्ट को एकत्रित कर नष्ट किया गया।

नगर पालिका परिषद, औरैया के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर व समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि औरैया शहर व दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग धार्मिक आस्था के चलते मनोकामना पूर्ण करने वाले भोले बाबा के दर्शन करने देवकली मंदिर आते हैं, उन्होंने बताया कि साफ सफाई व स्वच्छता से वातावरण के साथ लोगों का अंतर्मन प्रसन्न रहता हैं। मुख्य रूप से भक्तों की सुख सुविधा व शिव भक्तों की सहूलियत हेतु अभियान चलाया गया, आगे भी प्रमुख धार्मिक पर्वों पर सफाई अभियान जारी रहेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर आज भोले बाबा की बारात आएगी जिसके अंतर्गत 13 फरवरी को हल्दी रस्म का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ था। शनिवार को मंदिर प्रांगण में मौजूद भक्तों को मेहंदी लगाकर मेहंदी रस्म का उत्सव मनाया गया। उसके उपरांत महिलाओं ने मंगल गीत गाये।





मंदिर में सफाई करते संगठन के पदाधिकारी। फफूंद में शिवरात्रि को लेकर की जाती तैयारी। अमृत विचार

### फफूंद में प्राचीन शिव मंदिर पर भी हुई सफाई

- **फफूंद।** शनिवार को कस्बे के पाता चौराहा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शिवरात्रि को लेकर लोगों द्वारा साफ सफाई की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में लाउडस्पीकर साउंड पर पंडित दिनेश अवस्थी द्वारा विशेष मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। जिसके बाद पूरी रात ओम नम: शिवाय का जप चला। मुहल्ला चमनगंज के ही भक्तों ने शिवरात्रि के कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में व्यवस्था की है। रविवार को सुबह शिव मंदिर पर गन्ने के रस का वितरण किया जाएगा तथा हवन का कार्यक्रम भी होगा, इस आशय की जानकारी शिव भक्त अखिलेश कटियार अध्यापक ने दी। इस मौके पर अखिलेश कटियार अध्यापक, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला, शिवम कटियार, अहिवरन राजपूत, बीरेंद्र कुशवाहा, गोपाल जी मिश्रा केनरा बैंक कैशियर, विमल पाण्डेय, कन्हैया लाल दिवाकर, अरविंद यादव अध्यापक, सहित कई शिव भक्त मौजूद रहे।

### दुर्घटनाएं रोकने के लिए उठाए जाएं सख्त कदम : डीएम

**फर्रुखाबाद।** जिले में दुर्घटनाओं की वृद्धि के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने शनिवार को दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। अभय वर्मा क्षेत्राधिकारी (यातायात), अंकित कुमार अवर अभियन्ता (निर्माण खण्ड) लोक निर्माण विभाग व थानाध्यक्ष राजेपुर के साथ डीएम व एसपी ने शेराखार, डबरी, महमदपुर गढिया, गांधी मोड़, निबिया चौराहा, जमापुर चौराहा ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा की तैयारियां तेज

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के रामलीला मैदान में आगामी 15 फरवरी को आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम 23 फरवरी तक चलेगा। जबकि 24 फरवरी को पूर्ण आहुति तथा विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। इस भव्य आयोजन को लेकर बताया गया है कि 15 फरवरी को विशाल कलश यात्रा दोपहर को क्षेत्र के महिला-पुरुषों के द्वारा कस्बे में निकाली जायेगी। जबकि श्रीराम कथा के व्यास कामदगिरि पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम से स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज के द्वारा प्रतिदिन दिन के 3 बजे से सांय 7 बजे तक प्रवचन किये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य यजमान कौशलेंद्र सिंह वैस के अलावा शिवकांत दुवे, बच्चू मिश्रा, हरी शंकर तिवारी, नवीन तिवारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रुपरेखा तैयार करते संगठन के पदाधिकारी।

### रिकवरी एजेंट को घायल करने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली पुलिस ने रिकवरी एजेंट को घायल करने वाले युवक रामजी शुक्ला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। नरायनपुर सेन्ट्रल जेल निवासी प्रवीण कुमार पुत्र भूरे सिंह ने बीते दिन मोहल्ला नुनहाई कटरा निवासी हमलावर रामजी शुक्ला पुत्र यज्ञ प्रकाश शुक्ला के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।


**कानपुर विकास प्राधिकरण**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भवनों के आवंटन हेतु लाटरी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत निजी विकासकर्ता मेसर्स ट्रेड स्टोन लि. द्वारा प्रस्तावित मगरवारा (गोकुलधाम) योजना उन्नाव के अवशेष 218 फ्लैटों के आवंटन हेतु दिनांक 19.02.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे लाटरी के माध्यम से किया जाना है, जिसके लिये उपरोक्त तिथि को मोतीझील स्थित प्राधिकरण भवन के भूतल पर स्थित अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में सूडा द्वारा चयनित पात्र आवेदकों के मध्य लाटरी डाली जायेगी। लाटरी में सम्मिलित आवेदकों की अन्तिम सूची प्राधिकरण की वेबसाईट www.kdaindia.co.in पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि पर लाटरी में उपस्थित रह सकते हैं।

लाटरी स्थल पर प्रवेश हेतु पंजीकरण धनराशि की मूलप्रति एवं पहचान पत्र साथ लाना होगा।

(अभय कुमार पाण्डेय)
सचिव
कानपुर विकास प्राधिकरण



उत्तर प्रदेष सरकार
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
कानपुर वृत्त, लो.नि.वि., 16/22 सिविल लाइन्स, कानपुर–208001
Email Id :- sekanpurcircle@gmail.com

पत्रांक : 805सी0/131सी0–का0वृ0/2025–26 दिनांक : 06.02.2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में सुसंगत श्रेणी में "मार्ग कार्य" हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्न कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्णकरने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधानसभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत कार्य। | | | | | | | |
| 1. | कानपुर नगर (प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर। | जनपद कानपुर नगर में पी0जी0बी0 किमी0 49 से बरीमेहतन शाखाहारी चौराहा वाया हरवंषपुर बावन मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 1456.80 | 29.14 | 7714 (जी0एस0टी0 सहित) | 12 माह | "ए" (मार्ग कार्य) |
| 2. | कानपुर नगर (प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर। | पी0जी0बी0 किमी0 44 से गोपालपुर कोरिया होते हुए सवाईपुर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 1790.20 | 30.00 | 7714 (जी0एस0टी0 सहित) | 12 माह | "ए" (मार्ग कार्य) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.02.2026 से 24.02.2026 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक उपलब्ध हैं जो कि वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं, भरे हुए बिड डाक्यूमेन्ट ऑनलाइन द्वारा उक्त वेबसाइट पर दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12.00 तक अपलोड किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

शासनादेश संख्या–14/2020/879/तेईस–2020–176(सा0)/06 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा चाणक्य साफ्टवेयर में लॉगिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख लोड किये जायेंगे एवं प्रहरी से टेक्निकल शीट ई–1 डाउनलोड कर ई–टेण्डर पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

(अनूप कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कानपुर नगर

(अनिल कुमार)
अधीक्षण अभियंता
कानपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
कानपुर

UP - 246087 दिनांक: 13/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


**निरीक्षण** | सरकारी योजनाओं आदि का लाभ देने के लिए डीएम की ओर से कैम्प लगाए जा रहे हैं

# हकीकत जानने को डीएम ने किया कैंप का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप किसानों की भूमि को एक साथ प्रदर्शित करने व सरकारी योजनाओं आदि का लाभ देने के लिए डीएम की ओर से जनपद में कैम्प लगाए जा रहे हैं। डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कैंपो का निरीक्षण कर हकीकत परखी।

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने किसान पंजीकरण कार्य का भौतिक सत्यापन व प्रगति के संबंध में प्राथमिक विद्यालय अयाना, ग्राम तिवरलालपुर, ग्राम पंचायत सेंगनपुर, ग्राम जसवन्तपुर में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री व विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की लेखपाल व बूथ लेवल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए। कहा कि प्रधान व कोटेदार के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करायें जिससे आगे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोटिस को मतदाता को उपलब्ध कराते हुए उसी समय उनकी सुनवाई करते हुए आवश्यक प्रपत्र लेकर सुनवाई को पोर्टल पर अपलोड किया जाए। लाजिकल डिस्क्रीपेंसी को भी शत-प्रतिशत निस्तारित करायें। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में निर्देश दिए कि अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से पृथक करने के साथ-साथ यदि किसी के नाम, आधार कार्ड अथवा खतौनी में गलत दर्ज है तो उसकी सूची बनाते हुए संशोधित करायें तथा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करें।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत तिवरलालपुर में सड़क क्षतिग्रस्त पाये जाने पर संबंधित ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक कराना सुनिश्चित करें जिससे आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर कानूनगो, ग्राम प्रधान, लेखपाल एवं किसान आदि मौजूद रहे।



कैंप का निरीक्षण करते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

### ई-रिक्शा चालक ने महिला व उसके बच्चे को मारी टक्कर

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट क्षेत्र में तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से महिला और उसका छोटा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के पुल मंडी निवासी 13 वर्षीय रजत पुत्र शिव कुमार जाटव ई-रिक्शा चला रहा था। बताया जा रहा है कि वह भीलवाड़ा वाले इलाके की ओर तेज रफ्तार में ई-रिक्शा लेकर जा रहा था। बस स्टैंड के सामने रोडवेज चौकी के निकट उसने एक महिला और उसके छोटे पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला का पुत्र मौके पर ही बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दौडक़र घायलों को संभाला। हादसे के बाद नाबालिग चालक ने ई-रिक्शा लेकर मौके से भागने की कोशिश की, जिससे अन्य दुर्घटना होने की आशंका बन गई। यह नजारा देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी सक्रिय हो गए और दौडक़र चालक व ई-रिक्शा को पकड़ लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से अज्ञात युवक की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी के अंतर्गत कौशल्या वाटिका के सामने हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास के लोगों से उसकी जानकारी करने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### सड़क हादसों में बालक सहित पांच घायल

**जसवंतनगर।** क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बालक सहित पांच लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना धनुआ के पास हुई। नगर के व्यवसायी बाइक सवार राजकिशोर गुप्ता (70) निवासी महलई टोला जसवंत नगर तथा जितेंद्र उर्फ छुल्ले (46) निवासी नगला इंछा को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दूसरा हादसा वेयर हाउस के समीप फ्लाईओवर पर हुआ। एत्मादपुर (आगरा) से इटावा बारात में जा रहे विजय प्रताप तोमर (37), उनके पुत्र सम्राट (11) व भाई मनोज प्रताप तोमर (32) को गन्ने का रस बेचने वाली जुगाड़ ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे सभी घायल हो गए।

### वाहन की टक्कर से जीजा साले घायल

**बकेवर।** मैनपुरी जनपद के घिरोर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैसामई निवासी विनय कुमार शनिवार की दोपहर इटावा से अपने साले संदीप कुमार निवासी ग्राम नगला रमन, थाना बकेवर को बाइक पर बैठाकर अपनी ससुराल नगला रमन जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम परशूपुरा के सामने पहुंची, तभी इटावा की ओर से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए।

### कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**भरथना।** क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उसने 7 जुलाई 2023 को गांव की ही सोमवती पत्नी जगतराम, जगतराम व होतीलाल ने एक लाख 80 हजार रुपये उधार लिया था। विपक्षियों नेउधार लिए रुपये एक वर्ष में वापस करने का वादा किया। जब उसने रुपये मांगे तो उसे किसी केस में फंसाने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज हुआ।

### पिकअप से गिरकर जख्मी

**बकेवर।** पिकअप पर सवार होकर जा रहा गोविंद निवासी ग्राम बिजौली अचानक पिकअप से गिरकर घायल हो गया। वह अपने दोस्तों के साथ पिकअप में फल लेकर कांवरियों को वितरित करने जा रहा था तभी हादसा हो गया। उसे इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल लाया गया जहां उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर चिकित्सक ने घर भेज दिया।

### 16 को बटेंगे प्रवेश पत्र

**महेवा।** लोकमान्य रूरल इंटर कालेज में यूपी बोर्ड के दसवीं एवं बाहरवी के छात्र छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरण 16 फरवरी दिन सोमवार को दस बजे से होगा। विदित हो कि आगामी 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ शिवशंकर त्रिपाठी ने सभी छात्र छात्राओं से कालेज गणवेश में आकर अपने अपने कक्षाध्यापक से प्रवेश पत्र प्राप्त करने को कहा है।

### दुर्घटना में घायल छात्रा की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत पचावली गांव में ऑटो की टक्कर से घायल हुई छात्रा की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। उक्त गांव निवासी नंदनी 8 वर्ष पुत्री योगेश दो दिन पूर्व स्कूल से घर लौट रही थी तभी ऑटो ने छात्रा को टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिजन घायल बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नंदनी कक्षा दो की छात्रा थी, उसका एक भाई देव है। मां कौशल्या का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

### जेवर नकदी लेकर छात्रा घर से गायब

**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 19 वर्षीय स्कूली छात्रा घर से परिजनों को बिना बताये अपने साथ घर में रखे जेवर तथा नकदी लेकर गायब हो गयी। काफी खोजबीन करने पर भी जब परिजनों को कुछ पता नहीं चल सका तब परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है, पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# आमने-सामने भिड़े आटो, एक की मौत

## शुक्रवार की देर शाम ऊसराहार रोड पर हुआ हादसा, तीन लोग हुए घायल

संवाददाता भरथना इटावा



हादसे के बाद पलटा पड़ा ऑटो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भरथना-ऊसराहार मार्ग पर गुरुवार देर शाम नगला धना के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो ऑटो आमने-सामने टकरा गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भिजवाया, जहां से तीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम एक ऑटो भरथना से सवारियां लेकर ऊसराहार की ओर जा रहा था जब वह नगला धना के समीप पहुंचा तभी सामने से सवारियां लेकर आ रहे दूसरे आटो से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे पलट गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना में नगला हीरालाल पिलखना थाना बकेवर निवासी 30 वर्षीय पिंटू पुत्र परशुराम, सर्वेश कुमार पुत्र रघुवीर सिंह (26 वर्ष),औरैया जिले के बाबरपुर अजीतमल निवासी 56 वर्षीय हरीश चंद्र पुत्र राम शब्द गुप्ता तथा मंगूपुर निवासी 20 वर्षीय रोहित पुत्र देशराम घायल हो गए। सभी को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही नवांगतुक कस्बा चौकी प्रभारी तनमय चौधरी, उपनिरीक्षक इदु हसन और राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत निजी वाहनों से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ऑटो चालक पिंटू की हालत नाजुक देखते हुए उसे सैफई पीजीआई रेफर कर दिया, जबकि रोहित और हरीश चंद्र को जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं घायल सर्वेश का उपचार स्वास्थ्य केंद्र पर ही जारी है। वहीं रास्ते में चालक पिंटू की मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राम दवन मौर्य और थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल लिया और आवश्यक निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने गंभीर घायलों को पुलिस जवानों की मदद से एम्बुलेंस में शिफ्ट कराया। रेफर किए गए घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से गंतव्य अस्पताल के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिंटू की मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

# ‘सरकार संतों काअपमान कर रही’

कार्यालय संवाददताता इटावा



स्व. अजय यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अखिलेश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि इस सरकार ने यूपी का सत्यानाश कर दिया। सरकार अब संतों का भी अपमान करने पर उतारू हो गई है। यह बात उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. बलराम सिंह यादव के बेटे अजय यादव गुड्डू के निधन पर उनके आवास पर शोक संवेदना के बाद कही। अखिलेश यादव ने स्व अजय यादव की पत्नी पीयूषा यादव पुत्र शार्दुलसिंह यादव को सांत्वना दी और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री शंकराचार्य से प्रमाण पत्र मांग रहे है वह पहले अपना प्रमाण पत्र दिखाएं। देश मे लाखों बाबा हैं क्या सभी को कागज दिखाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा गेरुआ कपड़े पहनने या कान छिदवाने से कोई सन्त या बाबा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सनातनी होने का ढोंग कर रही है

- **सपा अध्यक्ष अखिलेश ने भाजपा पर जमकर बोला हमला**

जबकि सनातनी वह होते हैं जो शाकाहारी हों, भेदभाव न करते हों, कभी किसी को दुख न पहुंचाते हों लेकिन भाजपा का काम है भेदभाव की राजनीति करना। प्रदेश में सबसे ज्यादा भूमाफिया भाजपा के लोग हैं जो प्रदेश को खोखला कर रहे हैं। चुनाव आयोग और बीजेपी एक हैं और प्रशासन इनकी पूरी मदद कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने के लिए सपा, मुसलमान और पीडीए के वोट कटवा रही है। जब सपा ने विरोध किया तो फार्म 7 भरने में कुछ कमी आई। चुनाव आयोग ने शिकायतों के बावजूद एक भी डीएम या एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही नही की गई। इससे साफ पता चलता है कि चुनाव आयोग, बीजेपी और प्रशासन मिले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी वोट बढ़वाने की है जबकि विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनते ही प्रदेश में एक बार फिर विकास की गंगा बहेगी और पीडीए के चेहरे पर मुस्कान लौटेगी। इस अवसर पर विधायक करहल तेज प्रताप यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पप्पन सिंधी, डा. आशीष दीक्षित, , आलोक दीक्षित, सुरेश यादव और स्व. अजय यादव गुडडू के परिजन उपस्थित रहे।

# फेयरवेल पार्टी में ‘यादों का कारवां’ का भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददताता इटावा




बच्चों के साथ प्रबंधक सतीश यादव निदेशक मयंक कुमार व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह ‘यादों का कारवां’ अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार,प्रबन्ध निदेशक मयंक कुमार, गर्ल्स विंग की निदेशक डॉ. निधि यादव,एवं निदेशक/प्रधानाचार्य कमल कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की सीख दी। प्रधानाचार्य कमल कुमार ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास करने का संदेश देते हुए आगामी परीक्षाओं की श्रेष्ठ तैयारी के लिए

- **बच्चों ने पेश किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**

प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ समन्वयक मसूद अहमद, बॉयज विंग के एचएम संदीप मौर्य, गर्ल्स विंग की एचएम सिंपल त्रिपाठी, जूनियर बॉयज विंग की एचएम अंशु दीक्षित, प्राइमरी विंग की एचएम शाहीन खान एवं किंडरगार्टन एच एम कंचन सक्सेना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में विज्ञान शिक्षिका सीमा यादव एवं शिक्षक मोहित पोरवाल का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई।

## आटो चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**इटावा।** वैदपुरा थाना पुलिस ने गस्त के दौरान आटो चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से आटो की बैट्री के अलावा तमंचा कारतूस व अन्य सामान बरामद हुआ है।

सैंफई थाना क्षेत्र के गांव लछवाई निवासी पवन कुमार ने थाना फ्रेण्डस कालोनी पर दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि चोर उसका आटो चुरा ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। बाद में उक्त आटो वैदपुरा क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया था। एसओ वैदपुरा नागेद्र चौधरी अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी सूचना मिली कि आटो चोर गिरोह के दो सदस्य किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम श्यामू व लव बताया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस चाकू व चोरी किए गए आटो की बैट्री बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

# आईजीआरएस व हेल्पलाइन में फीडबैक की स्थिति सुधारें

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से हुए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आहूत की गई। बैठक में विद्युत स्मार्ट मीटर एवं सोलर ऊर्जा के संबंध में विस्तृत चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि जनपद में अप्रैल 2025 से माह दिसंबर 2025 तक कुल दस हजार उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर लगवाए गए हैं जिससे रिवेन्यू में काफी सुधार हुआ।

उन्होंने कहा आईजीआरएस और हेल्पलाइन में फीडबैक की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कार्यालय में अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा, रोजगार, फैमिली आईडी, टीकाकरण, संरक्षित निराश्रित गौवंश की सुपुर्दगी को लेकर संबंधित गौशालाओं की समीक्षा की एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति, विवाह अनुदान, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा, कन्या सुमंगला योजना, सेतु निर्माण, नई सड़कों के निर्माण, ओडीओपी टूल किट, सामूहिक विवाह योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना के अतिरिक्त अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूल बस की टक्कर से तीन कांवड़िये घायल

**बसरेहर।** थाना क्षेत्र से निकलने वाली बरेली हाईवे मार्ग लोहिया पुल के समीप स्कूल बस की टक्कर से तीन कांवरड़िये घायल हो गए।

गुड्डी देवी पत्नी टिंकू, अनुज , अरुण कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी यादव नगर ग्वालियर रोड जिला भिंड यह सभी लोग श्रंगीरामपुर से कांवड़ लेकर बरेली हाईवे मार्ग होते हुए भिंड की तरफ जा रहे थे। तभी लोहिया पुल के समीप स्कूल बस की टक्कर से तीनों कांवड़िया हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने व संग चल रहे कांवड़िया साथियों ने मिलकर तीनों घायलों को एंबुलेंस द्वारा बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचा जहां पर तीनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## शिवरात्रि आज, सज गये शिवालय

संवाददताता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को होने के चलते श्रृंगीरामपुर से जल भरकर कांवड़ों को लाने का सिलसिला शुरू हो गया है। पुरुषों के साथ महिलाएं भी पैदल जा रही हैं। श्रद्धालु गंगा जल लाकर शिवमंदिरों पर जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए बकेवर, लखना मार्ग पर समाजसेवियों द्वारा जलपान कराया जा रहा है। बम बम भोले की के जयकारों की गूंज दिन रात गूंजती रही। शिव रात्रि को लेकर शिवालयों का आकर्षक ढंग से सजाया संवारा गया है।

महाशिवरात्रि आज है। इस पर्व पर शिवभक्त श्रृंगीरामपुर घाट फर्रुखाबाद पहुंचकर गंगा जी से जल भरकर कांवड़ों को लाकर अपने अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल मार्ग से आते हैं और वहां पहुंचकर शिव मन्दिर पर जलाभिषेक करते हैं। शिवभक्तों के द्वारा जल भरकर वापस लौटना प्रारंभ हो गया है। वहीं कुछ श्रदालु अब कांवड़ें भरने के लिए जा रहे हैं। इस कांवड़ यात्रा में संकल्प लेने वाली महिलाओं का भी जोड़ा निकल रहा है। वह भी अपने भाई या पति के साथ कांवड़ लेने के लिए रवाना हो रही हैं। वहीं मध्यप्रदेश के भिंड, दतिया, मुरैना, लहार जाने वाले शिवभक्त कांवड़ भरकर वापस लौटते देखे जा रहे हैं। यह कांवड़ बकेवर, लखना मार्ग से चकरनगर होकर सीधे हनुमंतपुरा से अपने गंतव्य के लिए निकलने प्रारंभ हो गये हैं।

इन कांवाड़ियों को बकेवर व लखना में समाजसेवियों के द्वारा स्टाल लगाकर जलपान भी कराया जा रहा है। वहीं बम बम भोले के जयकारों की गूंज दिन भर बकेवर लखना मार्ग पर कावंड़ियों के द्वारा गूंजती रही। वहीं शिवालयों को भी शिवभक्तों के द्वारा सजाया गया है। लेकिन मौसम अचानक गर्माहट आने से कांवाड़ियों के चेहरों पर मायूसी देखने को मिल रही है।

# तनाव मुक्त परीक्षा पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददताता इटावा



अतिथियों का स्वागत करते डा. कैलाश चन्द्र यादव।

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद तुलसी द्वारा कलावती रामप्यारी बालिका इण्टर कॉलेज लखना में बालिकाओं को समर्पित दो प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन शाखा अध्यक्ष डॉ कैलाश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुआ। प्रथम सत्र में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्कारशाला परिवार प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें परिषद द्वारा संचालित विभिन्न आयामों के विषय में जानकारी प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय ने दी।

मुख्य अतिथि डॉ सीमा जादौन प्रांतीय संयोजिका दुर्गावाहिनी मातृशक्ति ने कहा कि आज बेटियों को समाज में जागरूक रहने की महती आवश्यकता हैं। आज की पीढ़ी के कुछ बच्चे संस्कारहीन हो रहे हैं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव का असर बच्चों पर ज्यादा दिख रहा हैं इससे आपको बचना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जनसहयोगी इण्टर कॉलेज मोढी की प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने कहा कि बेटियों को दुर्गावती, लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आचरण को अपने जीवन में उतारना चाहिए। समाजसेवी शशि दीक्षित, प्रीतम खन्ना और सुशीला राजावत ने भी बेटियों को हुनरमंद बनाने के साथ ही उनकी सुरक्षा हेतु चल रही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी बेटियों को प्रदान की। संचालन नीलिमा चौधरी ने किया।

द्वितीय सत्र में तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश यादव ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान पढ़ाई के साथ ही स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य आर. एन दुबे एवं प्रधानाचार्य जे. एस. भदौरिया , नीलिमा चौधरी, शशि दीक्षित, वन्दना मिश्रा, संगीता सिंह, प्रीती पाण्डेय, दीप्ति, प्रीति यादव रहीं।

## पीट कर मोबाइल छीनने से क्षुब्ध युवक ने की जान देने की कोशिश

संवाददताता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखना कस्बे में मारपीट और मोबाइल छीने जाने से परेशान युवक ने चूहे मार दवा खाकर जान देने की कोशिश की और पुलिस पर समय पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मोचियान मोहल्ला निवासी विकास पुत्र श्याम सिंह दोहरे अपने घर से दुकान पर सामान लेने जा रहा था। रास्ते में मोहल्ले के कुछ लोगों ने उससे मोबाइल मांगा। मोबाइल देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की और मोबाइल छीन लिया। विकास ने बताया युवकों ने मिलकर उसे पीटा और मोबाइल लेकर वहां से भाग गए। घटना के बाद वह सीधे पुलिस चौकी पहुंचा लेकिन वहां कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं मिला। युवक का आरोप है कि चौकी पर सुनवाई न होने के बाद वह बकेवर थाने गया और लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर आने की बात कही लेकिन कोई नहीं पहुंचा। इससे वह बेहद आहत और निराश हो गया। घर लौटकर उसने गुस्से में चूहे मार दवा खा ली। परिजन तुरंत उसे 50 शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण परिजन उसे बोतल लगी हालत में ही निजी साधन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

महाशिवरात्रि

### ॐ नम : शिवाय का जयघोष वातावरण को भक्तिमय बना देता है : विनीत यादव

# भक्ति से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ

कार्यालय संवाददताता इटावा



कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के साथ स्कूल का स्टाफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करवाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा के पश्चात ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष विनीत यादव व धर्मपत्नी श्रद्धा यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पहार किया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को संबोधित करते हुए महाशिवरात्रि के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि महाशिवरात्रि हमें संयम, श्रद्धा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह पर्व सिखाता है कि सच्ची भक्ति और अच्छे कर्मों से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। भगवान शिव को भोलेनाथ कहा जाता है, क्योंकि वे अपने भक्तों की सच्ची भक्ति से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। महाशिवरात्रि केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति और आत्मशुद्धि का पर्व है। हमें इस दिन भगवान शिव से प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें सद्बुद्धि दें और जीवन में सही मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करें। विद्यालय के किंडरगार्टन सेक्सन के नन्हें-नन्हें छात्र-छात्राओं ने शिव-पार्वती के रूप लेकर झांकियां प्रस्तुत की। भूत-प्रेतों के साथ भूतेश की बरात का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी व किंडरगार्टन सेक्सन की मौनी व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल , ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान , वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में एआई रोबोट और राकेट रहे आकर्षण का केंद्र

संवाददताता भरथना इटावा



मॉडलों का अवलोकन करते एडीएम न्यायिक साथ में अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जयोत्री एकेडमी में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की प्रतिभा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला।

कुल 44 कार्यशील मॉडलों ने अतिथियों और अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम न्यायिक संदीप श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी ममता श्रीवास्तव मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों की जिज्ञासा, प्रयोगधर्मिता और नवाचार की भावना को सशक्त बनाते हैं। प्रदर्शनी में चैट बॉट, आदेश पर कार्य करने वाला एआई रोबोट, लगभग 21 हजार फुट तक

- **जयोत्री एकेडमी में 44 मॉडलों के साथ सजी विज्ञान प्रदर्शनी**

जाने की क्षमता वाला रॉकेट प्रक्षेपण मॉडल तथा विभिन्न एआई आधारित अनुप्रयोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा एयर प्यूरीफायर के अपशिष्ट से स्याही बनाने की तकनीक को भी दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. हर्षित पोरवाल पीएचडी, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और उनकी धर्मपत्नी डॉ. रिचा सग्गर पोरवाल मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य योगेंद्र नाथ मिश्रा ने सभी अतिथियों, गणमान्य अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। आयोजन की सफलता में होनिश शर्मा, अमित तिवारी, अनुज कुमार, सौरभ, प्रवीण गुप्ता, भोला सिंह सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वर्णकार एसो. के अध्यक्ष बने बसंत

**मौदहा।** कस्बे के समाजसेवी बसंत सोनी को अखिल भारतीय स्वर्णकार एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने खुशी जताई है। भाजपा नेता बसंत सोनी को ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा ने जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। बसंत सोनी समाज एवं क्षेत्र में एक बेहतर पकड़ और सामाजिक कार्य के लिए जाने जाते हैं।

### पड़ोसी युवक के साथ किशोरी हुई गायब

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से पड़ोसी युवक किशोरी को बहला कर भगा ले गया। पिता ने युवक के खिलाफ पुत्री को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पिता का आरोप है कि उसकी नाबालिग पुत्री को पड़ोसी महेश निषाद 8 फरवरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### एचयूएल कर्मी की अटैक से थमी सांस

**सुमेरपुर।** कस्बे के रामनगर निवासी बाबूलाल कुशवाहा का एकलौता पुत्र रमेश कुशवाहा (48) एचयूएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेज में इलेक्ट्रीशियन था। कस्बे में अखबार वितरण का भी काम करता था। रात 2 बजे घबराहट हुई और बेहोश हो गया। परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से डॉक्टर ने सदर अस्पताल रेफर किया। सदर अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत पर पिता बाबूलाल कुशवाहा, मां सुभद्रा, पत्नी ममता, पुत्रियां सोनू, मोनू, मुस्कान, पुत्र विवेक कुमार, प्रशांत कुमार रोते-बिलखते रहे। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ।

### ट्रक ने बाइक सवार का हाथ कुचला

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव निवासी सरवारी लाल कुशवाहा (55) शनिवार 11 बजे बाइक से सीमेंट लेने महोबा जनपद के खन्ना जा रहा था, तभी नेशनल हाईवे पर खन्ना के पास सामने से बाइक की टक्कर से सड़क पर गिर पड़ा। इसी बीच पीछे से आया ट्रक उसका हाथ रौंदते हुए निकल गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अधेड़ की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### समाधान दिवस में दो शिकायतें दर्ज हुईं

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना परिसर में मौदहा सीओ राजकुमार पांडेय व थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति की देखरेख में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जमीन से विवादित दो शिकायती पत्र आए। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि राजस्व विभाग के साथ पुलिस टीम को भेजकर निस्तारित किए जाने का कार्य किया जाएगा।

### 50 छात्रों ने छोड़ दी मदरसा बोर्ड परीक्षा

**मौदहा।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाओं के अंतिम दिन मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम, मदरसा नूरे निजामी, मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी व मदरसा निजामिया रागौल की प्रथम पाली में पंजीकृत 153 छात्र-छात्राओं में 114 परीक्षार्थी पहुंचे। शेष 38 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में आलिम की परीक्षा में पंजीकृत 50 छात्रों में 38 छात्र उपस्थित हो सके। 12 छात्र-छात्राएं नहीं पहुंच सके। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य अंजली प्रिया गौतम ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की निगरामी में परीक्षाएं हुईं।

### नशे में धुत युवकों ने एक युवक को पीटा

**राठ।** कस्बे के कोटबाजार इलाके के निवासी असलम पुत्र अकरम ने आज शनिवार को राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि वह राठ कस्बे की नवीन गल्ला मंडी के पास खड़ा हुआ था। बताया कि तभी उसी दौरान शराब के नशे में धुत चार युवकों ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त सभी दबंगों ने एक राय होकर उसकी लाठियों से जमकर पिटाई कर दी। तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि दबंगों के द्वारा की गई मारपीट से उसे चोटें आईं हैं। तथा उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मारपीट की घटना की जांच कराई जाएगी।

# आधी रात सूने मकान में धमाके से मचा हड़कंप

## शहर के बदनपुर मोहल्ले में घरेलू गैस सिलेंडर में हुआ विस्फोट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- घटना के समय परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में गए थे
- दीवार और छत ढही, टंकी का पानी फैलने से बुझ गई आग

**अमृत विचार।** शहर के बदनपुर मोहल्ले में शुक्रवार की देर रात सन्नाटे के बीच एक मकान में घरेलू गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से हड़कंप मच गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। विस्फोट की आवाज दूर तक सुनी गई। इससे पूरे मकान में दरारें पड़ गई हैं। विस्फोट के बाद मकान में आग भी लग गई, हालांकि स्लैब का हिस्सा ढहने से घर के अंदर गिरी पानी की टंकी की वजह से आग बुझ गई।

बदनपुर मोहल्ला निवासी जावेद खान के आवास में शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे के आस-पास घरेलू गैस सिलेंडर में तेज विस्फोट हो गया, जिससे इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना के समय जावेद का पूरा परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। धमाके की आवाज सुनते ही मोहल्ले के लोग घरों से बाहर भागे और माजरा समझने की कोशिश की। जावेद के घर से धुआं निकलता देख लोगों को विस्फोट और आग लगने का एहसास हुआ।

विस्फोट इतना तेज था कि पूरे मकान में दरारें पड़ गईं और लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने करीब जाकर देखा तो जावेद के मकान का एक हिस्सा ढह गया था। मकान में बाथरूम की तरफ की दीवार और उसके ऊपर स्लैब का हिस्सा ढहा था। विस्फोट के बाद मकान में आग भी लग गई, लेकिन अनुमान है कि स्लैब ढहने से छत में रखी पानी की टंकी नीचे गिरने से पानी चारों तरफ फैल गया, जिससे आग बुझ गई। विस्फोट की सूचना मिलते ही वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद जावेद, उनके परिजन और नाते-रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। सिलेंडर से धमाके का अनुमान है।

## चौपरेश्वर मंदिर में आज शिव विवाह

**राठ।** ऐतिहासिक चौपरेश्वर मंदिर में भगवान शिव और पार्वती का विवाह रविवार को धूमधाम के साथ होगा। शनिवार को सारा दिन मंदिर में बिजली की सजावट होती रही।

विराटनगरी के चौपरेश्वर मंदिर में स्थापित भगवान शिव की पिंडी का अलग महत्व है। इस पिंडी के बारे में कहा जाता है कि इसकी स्थापना महाभारत काल में राजा विराट की पुत्री उत्तरा ने की थी। तब से इस मंदिर का विशेष महत्व है। शिव पार्वती के विवाह को लेकर शनिवार को मंदिर परिसर में सजावट का दौर चलता रहा। मंदिर परिसर को फूलों और लाइटों की झालरों से सजाया गया है। तालाब के बीचो बीच स्थित भगवान शिव और पार्वती की प्रतिमा को संवारने का कार्य चलता रहा। मुख्य मार्ग की साफ सफाई करने के लिए सारा दिन नगर पालिका के कर्मचारी जुटे रहे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि शिव विवाह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार की तड़के भगवान का जलाभिषेक का दौर शुरू हो जाएगा।

# एडीजी ने शिव मंदिर में माथा टेक कप्तान के साथ तैयारियां भी देखीं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


खंडेह मंदिर में पूजा-अर्चना करते एडीजी ज्योति नारायण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिवरात्रि एक दिन पहले प्रयागराज एडीजी ज्योति नारायण ने एसपी दीक्षा शर्मा के साथ शिल्प और वास्तु कला के बेजोड़ खंडेह शिव मंदिर में दर्शन कर शिवरात्रि की तैयारी का जायजा लिया। इस बीच नगर पालिका कर्मी शिव मंदिर में जाने वाली रास्ते में गड्ढे भरने और बिजली तारों को दुरुस्त करने में लगे रहे। मंदिर में फल-फूलों की दुकानों में सज गई।

पर्यटन विभाग में दर्ज राम जानकी मंदिर व शिव मंदिर ग्राम खण्डेह में एडीजी ज्योति नारायण, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, सीओ राजकुमार पांडेय मंदिर पहुंचे और महादेव की पूजा-अर्चना करते हुए प्रार्थना की। निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। बताते चलें कि हर साल फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की तिथि पर महाशिवरात्रि मनाई जाती है इस साल 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पड़ रहा है यह त्योहार देवों के देव महादेव और जगत की देवी मां पार्वती को समर्पित इस शुभ अवसर पर भक्ति भाव से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है जिसका पूरा लाभ लेने के लिए शिव भक्त महाशिवरात्रि का व्रत धारण कर उनकी पूजा अर्चना करते हैं। नगर के बड़ी देवी मंदिर शिव मंदिर फतेहपुर शिव शक्ति, महाकाल मंदिर हुसैनिया मांगी पुरवा मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के खंडेह शिव मंदिर, गणेश्वर मंदिर टिकरी, अन्य मंदिर में सज्जा प्रकाश की व्यवस्था एवं सफाई अभियान करके शिवरात्रि का पर्व की तैयारी की गई और शिव बारात निकालने के लिए उत्साहित नगर व ग्रामीण वाशी जगह-जगह माइक से अनाउंसमेंट कर रहे हैं।

# न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में जून महीने में हुई थी वारदात
- पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने अदालत की शरण ली

**अमृत विचार।** मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के के साथ हुए दुष्कर्म का प्रयास करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में पति ने तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गौरतलब है कि बीते 10 जून को एक महिला अपने मासूम बच्चे के साथ आंगन में सो रही थी। महिला का पति घर के बाहर था। रात में गांव का एक युवक घर की दीवार फांद घुस आया और उसके कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म का प्रयास किया। जब उसकी पत्नी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री को जमीन पर पटक दिया। शोर सुनकर पति बचाने पहुंचा तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित पत्नी ने मझगवां थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित महिला के पति ने बताया कि उसने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को भी शिकायती पत्र भेजा, लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया। इस मामले में मझगवां थाना के इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और कार्रवाई की जा रही है।

# नशा से होता घर-परिवार का विनाश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



समापन कार्यक्रम पर मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- ब्रह्मानंद महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर का समापन

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे एनएसएस शिविर का समापन किया गया। आखिरी दिन नशा मुक्ति अभियान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे जैसी बीमारी और कुरीतियों से बचाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डा.सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में हुआ। डा.वेद प्रकाश ने युवा क्या होता है? उन्होंने बताया की वर्तमान समय में अपनी शक्तियों का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति ही युवा है। डा.आरबी शर्मा ने कहा कि नशे के कारण हमारे मस्तिष्क एवं स्नायु तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिस कारण से व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है और अपना वर्तमान एवं भविष्य दोनों बर्बाद कर लेता है।

कार्यक्रम में डॉ.राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि मानव इस धारा की सबसे सुंदर कृति है। नशा अपना कर हमें इस मानव जीवन को बर्बाद नहीं करना चाहिए। मानव जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डा.जितेंद्र सिंह ने बताया कि नशा एक बीमारी है जो सिर्फ अपने आप को ही बर्बाद नहीं करती है बल्कि आपके साथ आपके परिवार समाज एवं देश को भी खोखला बनाती है। प्राचार्य ने कहा कि मानव को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। नशा करने से हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार की कैंसर जैसी बीमारी होती हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शिविर में उपासना, दिपांसी, ज्योति कुशवाहा, जूली, संगीता, रानी सोफिया, करिश्मा, सौम्या, महक, लेखराज, जितेंद्र, रोहित कुमार, समिद अली एवं पुष्पेंद्र आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मानव का लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति होना चाहिए

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सिसोलर के मजरा खदराडेरा में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास नीतम ज्योति ने भगवान कृष्ण की लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता।


नीतम ज्योति।

इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है।

उधर सिसोलर क्षेत्र के ग्राम भैंसमरी के अमृत सरोवर में श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम के बाद तीन दिवसीय संत सम्मेलन के अंतिम दिन संत-महात्मा एवं विद्वानों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। ब्रम्हचारी महाराज ने कहा कि मानव का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति होना चाहिए, लेकिन हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। संतों के साथ सत्संग करने से ही हमारा कल्याण संभव है। जब सदगुरुदेव की कृपा प्राप्त होती है तब हमको भगवत कृपा मिलती है। स्वामी शिवानन्द महाराज ने कहा कि संतों का सत्संग बड़ा दुर्लभ होता है। संत हमारे जीवन को भक्ति से अनुरक्त करते हैं। स्वामी निर्मल दास ने कहा कि संत यदि क्रोध भी करें तो उसे आशीर्वाद ही समझना चाहिए।

# मछली पालन का तरीका सीखकर उड़ीसा से लौटा मछुआरों का दल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ ने भेजा था प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ की ओर से पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए एक प्रतिनिधिमंडल उड़ीसा भेजा गया। प्रतिनिधि मंडल ने उड़ीसा में जाकर मछली पालन में क्या-क्या आवश्यक है इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल सुरौली बुजुर्ग के पूर्व प्रधान बसपा नेता रामफूल निषाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर संघ की ओर से उड़ीसा भेजे गए प्रतिनिधि मंडल में उन्हें भी शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि उड़ीसा में सीफा भुवनेश्वर में उन्हें पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मत्स्य पालन में क्या-क्या आवश्यक है। इसका वृहद प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण संतोषजनक रहा। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। 9 फरवरी से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 13 फरवरी को संपन्न हुआ। इसमें समुद्री मछली के बारे में भी वृहद जानकारी दी गई।

## ज्ञापन सौंप बीडीओ से मांगा बकाया मानदेय

**कुरारा।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय में कार्यरत संविदा कर्मियों ने एक वर्ष से अधिक समय हो जाने पर मानदेय नहीं मिलने के कारण खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर मानदेय निर्गत कराए जाने की मांग की है।

विकास खंड कार्यालय में कार्यरत संविदा कर्मचारी मनोज कुमार व रविकरण ने खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर बताया कि अक्टूबर 2024 से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में संविदा पद पर कार्य कर रहे है। तथा अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन चौदह माह से मानदेय का भुगतान नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तथा बच्चों की शिक्षा आदि बाधित हो रही है। संविदा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी से लंबित मानदेय भुगतान कराए जाने की मांग की है।

# मंडप में पथराव करने पर मुकदमा

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मंडप के दिन रंजिश के चलते पड़ोसियों के पथराव करने व मारपीट के मामले में दुल्हन की मां की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में मंडप के दिन पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने पथराव करते हुए मारपीट की थी। पथराव में दुल्हन की मां के सिर में गंभीर चोटें आने के साथ कई लोग घायल हो गए थे। थाने में सूचना देने पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित दुल्हन पक्ष ने शुक्रवार को मौदहा बसवारी मार्ग पर मंडप रखकर जाम लगा दिया था। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति, चौकी इंचार्ज रविंद्र कुमार के समझाने पर परिजनों ने जाम खोला था। पुलिस राकेश को हिरासत में लेकर थाने ले गई, लेकिन अन्य लोगों की गिरफ्तारी न होने से नाराज दुल्हन पक्ष कलेक्ट्रेट जाकर धरने पर बैठ गया था। उधर, पुलिस हिरासत में बैठे राकेश की मां रामपतिया व गर्भवती प्रीति ने युवक को छोड़ने को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। पुलिस गर्मियों के समझाने पर थाने से बाहर आकर थाने के सामने सड़क में लेट गई, जिससे हमीरपुर -राठ मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। रात में थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति कलेक्ट्रेट जाकर दुल्हन पक्ष को समझा कर वापस ले आए। दुल्हन की मां पानकुंवर की तहरीर पर पड़ोसी कल्लू, शारदा, राकेश, प्रीति, रामपतिया के खिलाफ धारा 118(1),125 ,191 (2), 352 मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि दुल्हन की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी राकेश को जेल भेजा गया है। दुल्हन की मां पान कुंवर ने बताया कि पुत्री की शादी गांव से होनी थी, जिसकी तैयारी कर ली गई थी। वर पक्ष के कहने पर शादी राठ के गेस्ट हाउस से की जा रही है।

### शादी में शराब नहीं पिलाने पर युवक को पीटा

**बिवांर।** क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव के सुरेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि परिवार में शादी समारोह का आयोजन था, जिसमें शामिल होने के लिए उमरी गांव के रिश्तेदार राजू और संतोष अपने पुत्रों के साथ आए थे। दोनों के पुत्र शराब पीने के लिए उससे रुपयों की मांग करने लगे। रुपये देने से इंकार के करने पर दोनों अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर थप्पड़-घूंसों से मारपीट की। पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नई पहल | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पॉक्सो कानून व बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम

# किशोरियों को कानूनी समझ होना जरूरी : पांडेय

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और समर्थ इंडिया की ओर से क्षेत्र की पारा ग्राम पंचायत में पॉक्सो कानून और बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पांडेय रहे।

सचिव महेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि किशोरियों, लड़कियों को कानूनी समझ बनाना होगा। पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। इस कानून में लड़कियां, लड़के जो 18 साल से कम उम्र हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की रोकथाम का प्राविधान है। इसमें सभी दोषियों चाहे वह रिश्तों में है या न हो, सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पॉक्सो कानून की विस्तार से जानकारी दी।



जागरूकता कार्यक्रम में किशोरियों के साथ सचिव। अमृत विचार

उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए बने कानून की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लड़कियों, युवतियों से कहा कि पहले पढ़ें-लिखे और अपना बेहतर भविष्य बनाएं। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल आवाज बुलंद करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जरूरतमंद की हर संभव सहायता करता है। इस दौरान समर्थ इंडिया के देवेंद्र गांधी, राखी, कोमल, लक्ष्मी, नेहा, सोनी, मोनी, राधा, सहित अन्य ग्रामीण किशोरियों, युवतियों शामिल रही।


कार्यक्रम को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### बाल विवाह कानूनी अपराध

**कुरारा।** समर्थ इंडिया और बाल कल्याण समिति की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमरा एवं चंदुपुर में बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। समिति की अध्यक्ष विभा भारती ने कहा कि बाल विवाह अपराध है। इसमें शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई का प्रावधान है। सदस्य सनत श्रीवास्तव ने बाल विवाह कानून की जानकारी दी। जिला प्रभारी चाइल्ड लाइन साफवान ने 1098 के बारे में जागरूक किया। यहां प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, तरंग खरे, विजय श्रीवास्तव, लियाकत, छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बच्चों के मानसिक विकास के लिए स्कूलों का युग्मन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- रहमानिया इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** बच्चों के शारीरिक मानसिक विकास के लिए शासन के निर्देशानुसार दो विद्यालयों का युग्मन कराया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय व रहमानिया इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए एक दूसरे से आचारों विचारों को समझने की कोशिश की।


कार्यक्रम में भाग लेते छात्र-शिक्षक।

कस्बे के रहमानिया इंटर कॉलेज में उच्च प्राथमिक विद्यालय नरयाइच व रहमानिया इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का युग्मित कराया गया। जिसका उद्देश्य उग्मित विद्यालयों के बीच एकेडमिक पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियां विचारों का दृष्टिकोण, शिक्षण गतिविधियां, तकनीकी की पहचान सर्वश्रेष्ठ प्रयासों को एक दूसरे को साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। लर्निंग बाई डूइंग प्रोसेस करके सीखने की प्रक्रिया को गतिशीलता एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराया गया। लर्निंग हब बनाया गया, जिसके माध्यम से सीखने सिखाने के संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई। सर्वोत्तम प्रथाओं का अभिलेखीकरण एवं अनुसरण करना है। यहां रजिया सुल्तान आसिफ, शाहिद सिद्दीकी, सुखदेव रंजन, वेदना धुरिया आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

## सराफा कारोबारी पर गहने हड़पने का आरोप

**मऊ।** थानांतर्गत बरिया गांव की निवासी सावित्री देवी पत्नी विक्रम ने एक सराफा कारोबारी पर गहने वापस न करने, अतिरिक्त ब्याज की मांग करने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में तहरीर दी है। सावित्री ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पहले उसने अपने जेवर एक सर्राफ की दुकान पर एक लाख रुपये में रेहन रखे थे। आरोप है कि अब तक वह सर्राफ को करीब 1,60,000 रुपये दे चुकी है। इसके बाद कारोबारी 1,97,000 रुपये अतिरिक्त ब्याज के रूप में मांग रहा है। महिला का कहना है कि जब उन्होंने अपने गहने वापस मांगे तो गालियां दीं। सावित्री ने प्रशासन से अपने गहने वापस दिलाए जाने और आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

## रेमा बनी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव

**चित्रकूट।** रजौला (कर्वी) निवासी रेमा श्रीवास्तव को समाजवादी पार्टी महिला सभा के राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने रेमा को मनोनीत किया है। रेमा के मनोनयन पर महासचिव पद पर मनोनियां को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, डा. निर्भय सिंह पटेल, सूरज पटेल, अमर सिंह, गुलाब आदि ने खूशी जाहिर की है।



रेमा श्रीवास्तव।

## पुलिस ने दो परिवारों को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** महिला थाने में पुलिस ने दो परिवार में सुलह कराई। संगीता पत्नी किशन निवासी राजापुर और रवीना पत्नी गरीबउद्दीन निवासी कालूपुर पाही ने महिला थाने में पतियों पर प्रताड़ित करते हुए घर से बाहर निकाल देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिए थे। थानाध्यक्ष नीलम देवी ने दोनों मामलों में दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाया। पुलिस टीम में आरक्षी शबनाज शामिल रहीं।

## मंदिर का नाम बदलने पर भक्तों में रोष

**कालपी जालौन।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सन्दी में पुरातन शिव मन्दिर का नाम परिवर्तित करने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम के फिर से पुराना नाम कराए जाने के आश्वासन पर मामला शान्त हो गया है। कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सन्दी में पुरातन शिव मन्दिर है जिसे पातालेश्वर मन्दिर के नाम से जाना जाता है और इसी नाम से उसके रखरखाव के लिए समिति भी बनी हुई है लेकिन गत दिनों शासन की पुरातन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार योजना में उक्त मन्दिर को भी शामिल किया गया है जिसके तहत भारी धनराशि से समिति उसका कायाकल्प कराएगी पर मन्दिर में धन आने पर ग्रामीण दो भागों में बंट गए हैं, जिसके तहत काफी दिनों से समिति को लेकर कागजी जंग चल रही थी लेकिन अब एक पक्ष ने मन्दिर का नाम बदलकर गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर कर दिया है। शनिवार को मन्दिर की दीवार पर नाम परिवर्तित देख ग्रामीणों का एक धड़ा आक्रोशित हो गया और आमने सामने आ गया था हालांकि मामला बिगड़ता कि इससे पहले एसडीएम मनोज कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मौके की स्थिति देख ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मन्दिर का नाम वही रहेगा। एसडीएम के अनुसार ग्रामीणों का आक्रोश शान्त हो गया है।

# भारत- अमेरिका व्यापार समझौते पर भड़की आप

### समझौते की प्रतियां फूंकी, राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर की हस्तक्षेप की मांग

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** अमेरिका से भारत के व्यापार समझौते के खिलाफ आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने बताया कि ट्रेड डील को निरस्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया और विरोधस्वरूप समझौते की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाई गईं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी इसे गंभीर राष्ट्रीय चिंता मानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ ट्रेड डील को लेकर देशभर में गहरी चिंता और व्यापक आशंकाएं हैं। आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील की शर्तों, संभावित लाभार्थियों और दूरगामी प्रभावों को लेकर न तो संसद को विश्वास में लिया गया है और न जनता के समक्ष पूर्ण पारदर्शिता बरती गई है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक विमर्श है कि




रजिस्ट्रार पुरुषोत्तम शुक्ला को ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ भारतीय उद्योग समूहों के विरुद्ध जांच, समन और वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित कार्यवाहियां चल रही हैं। ऐसे समय में ट्रेड डील के समय और प्राथमिकताओं पर स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं। बताया कि पार्टी का सरकार पर आरोप है कि उसने देश के करोड़ों किसानों के हितों को अमेरिका के सामने गिरवी रख दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ट्रेड डील की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर आक्रोश दर्ज किया गया। रजिस्ट्रार पुरुषोत्तम शुक्ला को राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है। इस मौके पर प्रांत महासचिव अंकित सिंह, विमल किशोर केशरवानी, प्रमोद कुमार सोनी, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रामकिशोर, शिवशंकर सिंह, जितेंद्र गोयल, बसंत पटेल, श्याम बाबू त्रिपाठी, मोहम्मद ताहिर, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**कृषि बाजार अमेरिका के लिए खोलने का आरोप :** आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा जबकि भारत अमेरिकी उत्पादों पर जीरो प्रतिशत टैक्स वसूलेगा।

सबसे गंभीर बात यह है कि भारत का कृषि बाजार अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया है, जिन्हें वहां लगभग 80 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। ऐसे में भारतीय किसान ऐसी किसी सब्सिडी के अभाव में उनसे कैसे प्रतिस्पर्धा करेगा आलोचकों का कहना है कि इस डील में कुछ चुनिंदा वस्तुओं के साथ और अन्य उत्पाद जैसे शब्द जोड़कर भविष्य में और अधिक क्षेत्रों को खोलने की गुंजाइश रखी गई है, जिससे देश की आर्थिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा दोनों पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

# एसआईआर में लापरवाही पर दी जाएगी प्रतिकूल प्रविष्टि : डीएम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत नगर क्षेत्र कर्वी के विभिन्न मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ और अन्य कार्मिकों को चेतावनी दी कि लापरवाही और शिथिलता पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने बूथ संख्या 450 (लक्ष्मणपुरी) एवं बूथ संख्या 226 (कंपोजिट विद्यालय, कुंजनपुरवा) पर पुनरीक्षण कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। बताया कि पुनरीक्षण कार्य में तार्किक विसंगति के निराकरण पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए आधार कार्ड एवं परिवार रजिस्टर का मिलान कर डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करें। सुपरवाइजरों के यह बताने पर कि मतदाताओं को अभी तक नोटिस प्राप्त नहीं हुए हैं, जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल नोटिस प्रिंट कराकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि नोटिस वितरण में विलंब हुआ या कार्य में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित कार्मिक के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ से कम से कम 50 मतदाताओं को नोटिस तामील कराते हुए उनकी सुनवाई की जाए। विसंगतियों का मौके पर ही निस्तारण कर उसे तत्काल बीएलओ एप पर अपलोड करें। आयोग की मंशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित और शुद्ध बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी।



एसआईआर के कामों का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

## पीस कमेटी की बैठक में दिये निर्देश

**चित्रकूट।** अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह की अध्यक्षता में थाना भरतकूप में त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दोनों समुदायों के सदस्यों से वार्ता कर भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई तथा शासन के दिशा निर्देश बताए गए।

## भोर से ही गूंजा हर हर महादेव

**कालपी जालौन।** महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर शिव मंदिरों की तैयारियां पूरी हो गईं। प्रशासन और पुलिस ने अपनी अपनी सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर लीं। जिले के सारे मंदिरों का आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

आज महाशिवरात्रि को लेकर उपकाशी के रूप में पहचान बनाये व्यास नगरी स्थित अति प्राचीन शिव मन्दिर श्री पातालेश्वर मन्दिर, श्री ढोडेश्वर मन्दिर, पाहुलाल शिव मन्दिर, फालेश्वर मन्दिर, बानेश्वर मन्दिर, लुढकेश्वर मन्दिर, नर्वदेश्वर मन्दिर, महादेव मन्दिर, भूरेश्वर मन्दिर, मां वनखण्डी देवी मन्दिर स्थित महामृत्युंजय मन्दिर में सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत विधानसभा घेरेंगे कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा के तहत श्रमिकों को दिए गए अधिकारों को कम करने का आरोप लगाया है। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि इसके विरोध में 17 जनवरी को विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस की जिला इकाई ने मनरेगा बचाओ संग्राम के संबंध में प्रेसवार्ता की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पूर्व यूपीए सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू कर ग्रामीणों को काम का अधिकार सुनिश्चित किया था। यह कानून ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करता है और कोविड-19 जैसे संकट काल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा साबित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे बदलावों से इस योजना को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। इसका कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। बताया कि तीन जनवरी से देशभर में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू किया गया है। दावा किया कि प्रदेश में 5,000 से अधिक चौपालों का आयोजन व पदयात्राएं निकाली गईं। उन्होंने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव किया जाएगा, जिसमें चित्रकूट से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जाएंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पांडेय, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, मनरेगा कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## नहर में डूब रहे मासूम को किसानों ने बचाया

**मानिकपुर।** विकासखंड अंतर्गत गांव चुरेह केशरूआ में शनिवार शाम खेलते-खेलते गिरदुहा निवासी सागर का छह वर्षीय बेटा अनुराग गांव के पास से निकली नहर तक पहुंच गया और इसमें गिर गया। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े और मशक्कत के बाद इसको बाहर निकाल लिया। अनुराग ज्यादा देर तक पानी में रहने के कारण बेहोश हो गया। उसे तत्काल परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बताया जा रहा है कि अनुराग पिछले करीब दो सप्ताह से अपने ननिहाल चुरेह केशरूआ में रह रहा था। अस्पताल में बैठी मां बेहोश बेटे को सीने से लगाये रही।

# तीस कार्यदिवस में उपलब्ध कराएं सूचनाएं : द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- राज्य सूचना आयुक्त ने जनसूचना अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी की अध्यक्षता में शनिवार को डाक बंगले में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित अपीलों/शिकायतों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने जनसूचना अधिकारियों को अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई सूचनाएं निर्धारित 30 कार्यदिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार नागरिक सशक्तिकरण का एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है, जिसे 'सिक्स इन वन' की संज्ञा भी दी जाती है। अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई सूचनाएं निर्धारित 30 कार्यदिवस के भीतर उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बताया कि सूचना प्राप्त न होने या असंतोषजनक उत्तर की स्थिति में आवेदक प्रथम अपील और तत्पश्चात द्वितीय अपील कर सकता है। अंततः समाधान न होने पर प्रकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत होता है। द्विवेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों को भ्रमित करने के बजाय तथ्यों पर आधारित और गुणवत्तापूर्ण उत्तर समय सीमा के भीतर भेजे जाएं। अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि वर्तमान में जनपद के विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 64 प्रकरण राज्य सूचना आयोग में लंबित हैं। इनके निस्तारण के लिए संबंधित पटल सहायकों एवं अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, अपर उप जिलाधिकारी अजय यादव रहे।

# कालपी में तीन दिवसीय उर्स आलिया मुहम्मदिया का समापन

संवाददाता कालपी जालौन

- अकीदत मंदो ने मुल्क की तरक्की तथा खुशहाली की मांगी दुआयें
- अंतिम दिन दरगाह परिसर में कुल की फातिहा का आयोजन

**अमृत विचार।** दरगाह खानकाह शरीफ कालपी में कुल की रस्म के साथ हजरत मीर सैयद मुहम्मद रहमतुल्लाह अलैहे का तीन दिवसीय सालाना उर्स आलिया मुहम्मदिया का धूमधाम से समापन हो गया। उर्स के अंतिम दिन दरगाह परिसर में कुल की फातिहा एवं लंगर का आयोजन हुआ।

शनिवार को दरगाह परिसर में आयोजित कुल के फातिहा की महफ़िल में सज्जादा नसीन सैय्यद ग्यासुद्दीन मियां ने कहा कि हुजूर सल्लाह अलैह वसल्लम ने दुनिया में सच्चाई नेकी पर चलने का जो पैगाम दिया है। उसी के अनुरूप सभी लोग दुनिया में काम करें। उन्होंने नमाज पढ़ने पर जोर दिया। इस मौके पर गौस पाक पीराने पीर दस्तगीर, हिन्द उल वली ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी, हजरत मीर मुहम्मद तिरमिजी, हजरत मीर सैयद अहमद, हजरत शाह फजलुल्लाह रहमतुल्लाह आदि वलियों की जीवनी तथा दरगाह के बारे मे जानकारियां देते हुये सुन्नियत पर चलने की नसीहत दी। सज्जादानशीन ने दुनियावी तथा दीनी शिक्षा के बारे में कहा खानकाह मदरसा को यूनीवर्सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। सभी लोगों से शरियत पर चलने के लिये जोर दिया गया। कुल की फातिहा में उपस्थित लोगों ने मुल्क एवं समाज की प्रगति एवं खुशहाली तथा अमन की दुआए मांगी। अकीदतमंदो ने श्रद्धापुर्वक दरगाह मे फूल एवं चादर चढ़ा कर फातिहा पढ़ी। कार्यक्रम मे मौलाना अफजल मियां, मौलाना अशफाक बरकाती, मौलाना शहनवाज अनवर रहे।

## हाफिज की उपाधि पाने वाले 14 बच्चों को सम्मानित किया

**कालपी जालौन।** शनिवार को मदरसा खानकाह मुहम्मदिया दारुल उलूम कालपी में हाफिज की उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मान से नवाजा गया। दरगाह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मौलानाओं ने नये बने हाफिजों को दुआओं से नवाजा तथा दीन को फ़ैलाने की अपेक्षा की है।

# सभी समुदायों से त्यौहार शांति से मनाने की अपील

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** थाना सभागार में शनिवार को हुई पीस कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव व क्षेत्राधिकारी राजकमल ने लोगों से अपील की कि वे त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों समुदायों से अपील की गई है कि महाशिवरात्रि व रमजान मुबारक पर आपसी भाईचारा के साथ त्यौहार मनाएं। बताया कि शिव मंदिरों व मस्जिद के आसपास सफाई और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। सीओ ने बताया कि राजापुर, पहाड़ी, सरधुआ, रैपुरा के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शिव मंदिरों में विशेष पुलिस बल तैनात किया जाए। हल्का इंचार्ज, बीट सिपाहियों को अपने-अपने क्षेत्र में नजर बनाए रखने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। कोई भी व्यक्ति त्यौहार के समय उपद्रव करते हुए पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुस्लिम समाज की उप प्रबंधक नूरी खान ने कहा कि दोनों समुदायों ने आज तक आपसी भाईचारा के साथ रहना सीखा है। लोग आपस में एक दूसरे के त्योहारों में शरीक होकर सद्भावना तथा प्रेम से मानते चले आ रहे हैं। शंकर दयाल जायसवाल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरित मानस में समता मूलक समाज की स्थापना करने के लिए लिखा है।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD EKHALAK से बदलकर MOHAMMAD AKHLAQUE रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/0- MOHAMMAD AFJAL ADD-220 ASAHI AZAMPUR PS-KASIMPUR, DIST-HARDOI-241305 (U.P.)**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मै **प्रदीप कुमार पुत्र गया प्रसाद वर्मा नि0 ग्राम देवमनपुर पोस्ट गोसवा तहसील बिलग्राम जिला हरदोई,** यह कि पुत्री प्रियांशी वर्मा उर्फ भूमिका वर्मा दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है। भविष्य मे भी मेरी पुत्री को दोनो नामो से ही जाना पहचाना जाएगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 659147815695 मैं जन्मतिथि 4/06/1997 भूल बस अंकित हो गई है जबकि उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद बोर्ड आफ सेकेंडरी संस्कृत एजुकेशन लखनऊ वर्ष 2014 के मूल प्रमाण पत्र में 9/05/1996 सही अंकित है मूल प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि सही और सत्य है इसी को पढ़ा और लिखा जाए। **संगीता देवी पत्नी मंगल प्रसाद निवासी पराको राजापुर चित्रकूट**

**सूचना**

पहले मेरा नाम TAHIR MAHMOOD था अब मैने बदलकर अपना नाम MAHMOOD KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MAHMOOD KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MOHAMMAD SALEEM MAMMON R/O- MOHAN ROAD KHUSHALGANJ KAKORI, LUCKNOW

**सूचना**

मैं MOHAMMAD JAVED RAZA पुत्र श्री YAR MOHAMMAD, निवासी ग्राम–गिरधारी पुरवा, पो0 व थाना–वजीरगंज, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MO JAVED RAJA रख लिया है, अत: आज से मुझे MO JAVED RAJA S/O YAR MOHAMMAD के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैंने अपना नाम HARJASS SINGH से बदल कर HARJOT SINGH रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: KULWINDER SINGH R/O:E-34 SECTOR C1 LDA COLONY KANPUR ROAD LUCKNOW UTTAR PRADESH 226018

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निदा कौसर, पुत्री सिराजुद्दीन, निवासी अहमदाबाद, गुजरात , मेरे आधार कार्ड में नाम निदा कौसर है, जबकि एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या 215022118 में नाम शगुफ्ता कुरैशी अंकित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दोनों नाम एक ही महिला के हैं। दिनांक: 12/02/2026

**भवदीया**
**निदा कौसर**

**सूचना**

यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या में मेरा नाम अवंतिकाबेन पटेल दर्ज है, वहीं मेरा पासपोर्ट संख्या P4372349 में मेरा नाम त्रुटिवश अवंतिकाबेन कल्पेश पटेल दर्ज हो गया है जो गलत है। अत: मेरा नाम अवंतिकाबेन पटेल दर्ज किया जाय। **अवंतिकाबेन पटेल पत्नी कल्पेश पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवे गंज जिला हरदोई**

**सूचना**

मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज है,वही मेरे पासपोर्ट संख्या P4372306 में मेरा नाम त्रुटिवश कलेश राजेंद्रभाई पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अत: मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज किया जाए। **कलेश पटेल पुत्र राजेंद्र भाई पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवेगंज जिला हरदोई**

अनदेखी

### सरकारें आईं और गईं पर नहीं सुधरी कोल आदिवासियों की जिंदगी

# मानिकपुर के सुदूर गांव–मजरों में मूलभूत सुविधाएं नहीं

संजय साहू, चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकास के तमाम दावे प्रतिदावे और वादे मानिकपुर के पाठा क्षेत्र में आकर दम तोड़ देते हैं। सरकारें आईं और गईं पर नहीं बदली तो कोल आदिवासियों की जिंदगी। दूरदराज के गांव-मजरों में जाकर देखने पर पता चलता है कि जिंदगी कितनी कठिन और मुश्किलों से भरी है, जब एक बाल्टी पानी और एक मुट्ठी अनाज के लिए हाड़तोड़ मेहनत करनी पड़ती है।

यहां की जिंदगी का संघर्ष सूरज उगने से शुरू हो जाता है। महिलाएं अपनी बच्चियों के साथ चूल्हा जलाने के लिए सुबह जंगलों में लकड़ियां बीनने निकल पड़ती हैं। सिर पर गट्ठर लादे इनको कई किमी हांफकर चलना पड़ता है। घर के पुरुष काम की तलाश में निकल पड़ते हैं। ज्यादातर गांवों में तो सरकारी योजनाओं की जानकारी ही नहीं। मानिकपुर क्षेत्र में रोजगार का अभाव है और इस वजह से पलायन मजबूरी बन चुका है। पाठा में लंबे समय से समाजसेवा कर रहे अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई बताते हैं कि हर साल बड़ी संख्या में परिवार के परिवार मजदूरी के लिए पलायन कर जाते हैं।



मानिकपुर के सुदूर इलाकों में आम हैं ऐसे दृश्य। अमृत विचार

**संस्कार केंद्रों की शुरुआत**

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या से ही अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकार जहां शिक्षकों की तनख्वाह, स्कूलों की बेहतरी पर भारी रकम खर्च कर रही है वहीं दूरदराज के स्कूलों की क्या स्थिति है। गोपाल भाई बताते हैं कि संस्थान ने आदिवासी परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए दुर्गम बस्तियों में 10 संस्कार केंद्र शुरू किए। हर केंद्र में कम से कम 30 बच्चों का लक्ष्य है। पर जैसे ही फसल आदि कटने के बाद यहां काम नहीं रहता, पलायन शुरू हो जाता है। ऐसे में ये बच्चे फिर शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित रह जाते हैं। बताया कि संस्कार केंद्रों में पढ़ाई का सारा सामान संस्था देती है। लोगों के दान से यहां संचालकों को सात-साढ़े सात हजार रुपये मानदेय दिया जाता है।

**कई बस्तियों में अभी तक मूलभूत सुविधाएं नहीं :** गोपाल भाई बताते हैं कि सरहट, मनगवां, झरी, जगन्नाथपुरम, बंधाभीतर, घाटाकोलान और नई बस्ती जैसी तमाम बस्तियों में आज भी तमाम बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। बताते हैं कि कई गांव तो ऐसे हैं, जहां तीन किमी तक कोई स्कूल ही नहीं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए।

**बूटी कोल जैसों ने जीवन किया समर्पित:** संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता बूटी कोल आदि ने तो कोल आदिवासियों के लिए अपना जीवन ही समर्पित कर दिया। बूटी आज एक केंद्र का संचालन कर रही हैं। उन्होंने संस्था के साथ जुड़कर ही पढ़ना लिखना सीखा और अब कोल आदिवासियों का रहनसहन सुधारना ही इन जैसों की जिंदगी है।

# शिव सभी कालों में हैं और काल के परे भी

हम भारत के लोग देवों को भी धरती पर बुलाते रहते हैं। ईश्वर भी धर्म संस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भारत देवभूमि है। भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। जहां-जहां आभा, प्रभा, सुभा और दिव्यता वहां-वहां देवता। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। भारत के कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी। वे इसी क्षेत्र को शिव उपासना का मूल केंद्र बताने की गल्ती करते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है, 'वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।'

शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर ने शर शैय्या पर लेटे भीष्म से तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, 'शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इंद्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, 'रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।' संप्रति महाशिवरात्रि उत्सवों में भारत सहित एशिया के बड़े भूभाग में बम भोले की बम-बम है।

शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। सत्य आराध्य है, लेकिन शिव सत्य आनंददाता हैं। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव अखिल ब्रह्म की ऊर्जा हैं। इस ऊर्जा प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने बहुत भड़काया 'पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गईं। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?' शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा, "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं- विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।"

शिव ही सभी रूपों में प्रकट होकर रूप-रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में जब-तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले, "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि प्रश्न पूछूं शिव से- महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन अपना प्रश्न वापस भी लेता हूं। शिव तप का पुरस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं।

सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चंद्र हैं। वैदिक ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां-औषधियां उगाते हैं। खिलाते हैं। खिलखिलाते हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन का मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं, बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार और शिवरात्रि प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। काशी बहुत जाता हूं, लेकिन मंदिर दर्शन बहुत पहले एक बार ही हुआ। मैंने समूची काशी में शिव चैतन्य पाया है। मैं कर्मकांडी हूं नहीं। योग, तप से परिचित नहीं, लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं।

> ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

शिव सभी कालों में हैं। काल के परे भी हैं, लेकिन भारत के मन में वे पार्वती के साथ हैं। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागीं। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दाईं आंख में ही काजल लगाया था, वह बाईं आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता-पिता हैं। विवाह के बाद शिव देवों ने शुभकामनाएं दीं।

कालिदास जैसे प्रत्यक्षदशा बराती थे- शिव बारात के। उनकी अनुभूति में भारत का मन-दर्पण प्रकट हुआ है। सूरदास भी श्रीकृष्ण की बरात में गाना चाहते थे- सूरदास होई कुटिल बराती गीत सुमंगल गइहौं। अजब अंतर्विरोध, सुमंगल गीत, लेकिन कुटिल बराती। हम शिव भक्त कांवड़ियों को दूर से ही देखते आए हैं। हम भी शिवार्चन उत्सवों में कुटिल आस्तिक की तरह दूर से सम्मिलित होते रहे हैं। मन तो वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि और सावन के सोमवारों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के संवाद से भरा-पूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्त्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया, लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है, लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र-सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कंठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी है, लेकिन चंद्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। सोम और चंद्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चंद्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं।

सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चंद्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब शिवार्चन की शुभ मुहुर्त बनती है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास, लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। बसंत हहराता है तब क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। शिवरात्रि आती है। वायु सुकुमार लज्जाशील नायिका की तरह बहती है।

मनुष्य सुगंध प्रिय है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्त्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

सोंचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं- त्रिशूल धारक जो हैं, लेकिन सोंचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। सोम ओम की यारी पुरानी है, लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था- न्यम्बक रूद्र को- हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो।'

# बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की हार से सुधरेगा रिश्ता

बांग्लादेश के आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने प्रचंड जीत दर्ज कर ली है। बांग्लादेश की जनता से कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को करारी हार मिली है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए राहत की बात है, क्योंकि पार्टी मुखिया तारिक रहमान ने चुनावी सभाओं में भारत से रिश्ते सुधारने के न सिर्फ संकेत दिए बल्कि उनके बयानों में भी भारत के लिए कभी कड़वापन नहीं दिखा। तारिक रहमान की मां एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने भारत से रिश्ते सुधारने की कभी पहल नहीं की, लेकिन जब वह बीमार हुईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलाज में सहयोग की पहल की और निधन पर विदेश मंत्री को भी वहां भेजा। यह रिश्तों में जमीं बर्फ को पिघलाने वाली पहल मानी गई। बीएनपी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा फोन कर तारिक रहमान को बधाई देना और भविष्य में पूर्व की भांति ही सहयोग देने के आश्वासन को बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।



अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक

बांग्लादेश की जनता ने बीएनपी को बहुमत देकर बता दिया है कि वह कट्टरपंथ को पसंद नहीं करती। बीएनपी का पाकिस्तान और चीन के प्रति लचीला रुख रहा है, लेकिन भारत के विरुद्ध बहुत कटुता वाला भी नहीं रहा है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि भारत से पुरानी कड़वाहट को भूलकर तारिक रहमान दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। वह ऐसी गलती नहीं करेंगे, जो मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने की।

> बांग्लादेश की जनता ने कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को नकार दिया है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए बड़ी राहत की बात है। बीएनपी मुखिया तारिक रहमान ने भी भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं।

प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाले छात्रों ने भारत विरोध का रुख अख्तियार कर रखा था। उन्हें जमात-ए-इस्लामी का पूर्ण समर्थन भी था। हिंदुओं पर हुए अत्याचार में इसी कट्टरपंथी गैंग का हाथ है। उनकी कट्टरता और भारत व हिंदू विरोधी सोच के कारण ही वहां हिंसा भड़की और एक दर्जन से अधिक हिंदुओं की हत्या हुई। जमात-ए-इस्लामी सदैव वहां इस्लामिक शासन की मांग करती रही है। पाकिस्तान के आतंकी समूहों को भी उसका समर्थन रहा है। ऐसे में अगर जमात और छात्र नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टी सत्ता में आती है, तो भारत की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ जातीं। फिर तो वहां न सिर्फ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के पांव पूरी तरह से जम जाते, बल्कि आतंकी समूहों का बोलबाला भी होता।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल के बाद अब यह माना जा रहा है कि तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र सरकार का कोई मंत्री जरूर हिस्सा लेगा। इसी माह होने वाली एआई समिट में शामिल होने के लिए तारिक रहमान को निमंत्रण दिया जा सकता है। वैसे कुछ राजनीतिक विश्लेषक यह कह रहे हैं कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर तारिक रहमान से भारत के रिश्ते खराब हो सकते हैं, लेकिन कई विश्लेषकों का यह कहना है कि 20 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही बीएनपी कड़वाहट वाले मुद्दों को भूलकर भारत से रिश्ते मजबूत करना चाहेगी, क्योंकि इसमें ही उसका भला है।

# समाज बेटियों को नियंत्रित करता है

'सुरक्षा' एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही मन में भरोसे और संरक्षण की छवि उभरती है। यही शब्द माता-पिता की सबसे बड़ी ढाल माना जाता है और यही समाज की सबसे बड़ी दलील भी, लेकिन जब यह शब्द बेटी की आज़ादी छीनने का माध्यम बन जाए, तब इसका अर्थ बदल जाता है। तब सुरक्षा एक ऐसा ताला बन जाती है, जो बेटी के सपनों, इच्छाओं और आत्मसम्मान पर जड़ दिया जाता है। यह ताला दिखाई नहीं देता, पर इसका बोझ हर सांस के साथ महसूस होता है। बेटी को बताया जाता है कि यह सब उसके भले के लिए है, जबकि असल में यह उसके अस्तित्व पर नियंत्रण की प्रक्रिया होती है।

भारतीय समाज में बेटी को आज भी एक स्वतंत्र व्यक्ति के बजाय परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। उसकी चाल, पहनावा, दोस्ती और निर्णय- सब पर निगाह रखी जाती है। जैसे ही बेटी अपने जीवन के फैसले खुद लेने की बात करती है, 'सुरक्षा' का तर्क सामने खड़ा कर दिया जाता है। प्रेम, विवाह, शिक्षा या करियर- हर क्षेत्र में उसकी आज़ादी सीमित कर दी जाती है। यह सीमाएं परिवार द्वारा खींची जाती हैं और समाज द्वारा स्वीकार कर ली जाती हैं। यही स्वीकृति इस समस्या को और गहरा बनाती है।



कृति जैन
लेखिका

इस तथाकथित सुरक्षा का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसे प्रेम का रूप देकर प्रस्तुत किया जाता है। माता-पिता कहते हैं कि दुनिया बहुत खराब है, इसलिए बेटी को घर में रखना ज़रूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया केवल बेटी के लिए ही खराब है? बेटे भी उसी दुनिया में रहते हैं, वही रास्ते तय करते हैं, वही जोखिम उठाते हैं। फर्क सिर्फ़ इतना है कि बेटी को कमजोर और असहाय मान लिया जाता है और यही मान्यता उसकी आज़ादी की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है।

यह कैद केवल दरवाज़े बंद करने तक सीमित नहीं होती। यह सोच, भावनाओं और निर्णयों पर भी पहरा बिठा देती है। बेटी से बार-बार कहा जाता है कि वह समझदार बने, समाज की बात माने, परिवार की इज़्ज़त रखे। धीरे-धीरे वह अपने मन की बात कहना छोड़ देती है। सवाल पूछना, विरोध करना या अपनी इच्छा जताना उसे अपराध जैसा लगने लगता है। यह मानसिक कैद शारीरिक कैद से कहीं अधिक खतरनाक होती है, क्योंकि इसमें सलाखें दिखाई नहीं देतीं, लेकिन रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या परंपरा और जाति की कठोर दीवारों से और भी मज़बूत हो जाती है। प्रेम विवाह या अंतरजातीय संबंधों के मामलों में बेटियों को घर में बंद कर देना, मोबाइल छीन लेना या बाहर निकलने से रोक देना, वहां सामान्य व्यवहार माना जाता है। कई बार यह कैद महीनों नहीं, बल्कि वर्षों तक चलती है। शहरों में इसका रूप थोड़ा बदला हुआ दिखता है, लेकिन सार वही है। यहां बेटी को 'आधुनिक सुरक्षा' के नाम पर निरंतर निगरानी में रखा जाता है-लोकेशन ट्रैकिंग, समय की सख्त पाबंदी और हर निर्णय पर सवाल। फर्क सिर्फ़ दिखावे का है, सोच वही पुरानी है।

# ऑप्टिकल माइक्रो चिप में चीन की बढ़त

सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच को सीमित करने और उन्हें बनाने के लिए ज़रूरी उपकरणों पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेज़ी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल को प्रशिक्षित करके इसकी मेधा को बढ़ाने और इसे काम पर लगाने के लिए ज़रूरी हैं। चीन शांगहाई में फु दां यूनिवर्सिटी के मटीरियल साइंटिस्ट ज़ेंग गुआंग चेंग कहते हैं कि अमेरिकन और उसके दोस्तों के प्रतिबंधों ने चीन को हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए वैकल्पिक रास्ते खोजने के लिए और ज़्यादा प्रेरित किया है। वह कहते हैं कि चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में फोटोनिक्स का ज़िक्र है, साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग प्रोजेक्ट्स का भी। चीन की सरकार ने इसके लिए लगातार बहुत ऊंचे स्तर का निवेश किया है।

> सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच सीमित करने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेजी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मेधा बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

कंप्यूटिंग के क्षेत्र में फु दां यूनिवर्सिटी विश्व की टॉप दस में से एक है। एक ऑप्टिकल चिप, जिसे अक्सर फोटोनिक चिप भी कहा जाता है, एक माइक्रोचिप है, जो जानकारी भेजने और प्रोसेस करने के लिए लाइट वेव्स अर्थात प्रकाश कणों/तरंगों का इस्तेमाल करती है और यह मॉडर्न ऑप्टिकल कम्युनिकेशन सिस्टम में बहुत ज़रूरी भूमिका निभाती है। एक फोटोनिक चिप बनाने के लिए पारंपरिक फोटोलिथोग्राफी, एक्सट्रीम अल्ट्रावायलेट और रेजोनेंट फोटोनिक इंटरफेरोमेट्री की ज़रूरत होती है। इसमें अत्यंत बारीक पराबैंगनी किरण की बहुत तेज़ धार से सिलिकॉन और गैलियम नाइट्राइड के वेफर्स या चिप्पड़ों पर बनाए गए इंटिग्रेटेड सर्किट्स से करोड़ों की संख्या में ट्रांजिस्टर्स को चिपकाना संभव है, ताकि डाटा प्राप्त करने के बाद ये बहुत तेज़ी से काम करते हुए क्षणभर में निष्कर्ष निकाल सकें।



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

चीन ने ऑप्टिकल चिप्स बनाने के लिए टेक्नोलॉजी डेवलप कर ली है, खासकर फोटोनिक कंप्यूटिंग के फील्ड में। शांगहाई में जिओ टोंग यूनिवर्सिटी और सिंग हुआ यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स द्वारा डेवलप की गई लाइट-जेन चिप, ऑप्टिकल एआई टेक्नोलॉजी में एक बड़ी तरक्की है, जो हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेज बनाने और वीडियो बनाने में सक्षम है। वैसे, शोध साहित्य देखा जाए तो इस टेक्नोलॉजी के विकास के लिए बेसिक रिसर्च सन् 2019 से ही हो रही है और चीन के साइंटिस्ट्स ने इस बारे में सर्वाधिक शोधपत्रों का प्रकाशन किया। ऑप्टिकल कंप्यूटिंग में चीन की रिसर्च से दुनिया की पहली ऑल-ऑप्टिकल कंप्यूटिंग चिप बनी है, जो बड़े पैमाने पर जेनरेटिव एआई मॉडल को सपोर्ट करती है। देश ने थिन-फिल्म लिथियम नायोबेट फोटोनिक चिप्स के लिए अपनी पहली प्रोडक्शन लाइन भी शुरू की है, जिससे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए ग्लोबल मार्केट में मुकाबला करने की स्थिति में आ गया है।


डेटा ट्रांसमिशन, मॉड्यूलेशन और डीमॉड्यूलेशन जैसे कई काम करने के लिए ऑप्टिकल चिप्स इलेक्ट्रिकल सिग्नल या इलेक्ट्रॉन्स के बजाय लाइट कणों फोटॉन का इस्तेमाल करती हैं। ये एक ही चिप पर कई ऑप्टिकल कंपोनेंट्स को इंटीग्रेट करती हैं, जिससे ऑप्टिकल सिग्नल की कुशल प्रोसेसिंग हो पाती है। यह टेक्नोलॉजी हाई-स्पीड डेटा कम्युनिकेशन के लिए बहुत ज़रूरी है, खासकर फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क में, जहां लाइट पल्स लंबी दूरी तक जानकारी ले जाती हैं।

भारत एक्टिव रूप से ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल और सब-असेंबली बनाने की जुगत में है, लेकिन पूरी तरह से इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल चिप्स अथवा फोटोनिक इंटिग्रेटेड सर्किट्स बनाना एक मायने में एडवांस्ड लिथोग्राफी और मटेरियल एक्सपर्टाइज पर निर्भर करते हैं। भारत के अनुसंधानकर्मी इसे अभी भी स्वायत्त रहकर देश में डेवलप कर रहे हैं, परंतु समय सीमाएं और एडवांस्ड लिथोग्राफी और अत्यधिक सटीक फैब्रिकेशन के लिए चुनौतियां मौजूद हैं, जोकि फोटोनिक चिप्स और हाई-एंड ऑप्टिकल इंटिग्रेटेड सर्किट्स के लिए ज़रूरी हैं। फिलहाल एक फोटोनिक चिप के लिए एक फैब लगाना भारत की स्वदेशी क्षमताओं से पूरी तरह बाहर है।

मुख्य प्रोसेस नोड्स और ऑप्टिकल-ग्रेड सिलिकॉन-ऑन-इंसुलेटर या पीरियाडिक टेबल में ग्रुप III और V एलेमेंट्स/मटेरियल के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर या विदेशी सहयोग की ज़रूरत होती है। भारत ने 2018 व 2023 के बीच चिप डिजाइन और फैब्रिकेशन पर पब्लिश रिसर्च पेपर की संख्या में ग्लोबल लेवल पर तीसरा स्थान हासिल किया है, जैसा कि जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएस द्वारा बनाए गए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ऑब्जर्वेटरी ने पुष्ट किया है।

# मर्यादित जीवन जीने वाला जीत लेता है हरेक का दिल

सामान्यतया सरल, शिष्ट एवं समाज के प्रति शालीनता का भाव प्रदर्शित करने को मर्यादायुक्त जीवन जीना कहते हैं। मर्यादित जीवन जीने वाला हरेक का दिल जीत लेता है। वह दूसरों को आदर देता है, तो बदले में आदर पाता भी है, जबकि अमर्यादित जीवन जीने वाले समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते है, क्योंकि अमर्यादित जीवन वाला अपने पद एवं संपदा के बल पर अहंकारग्रस्त रहते हैं। अपने से अशक्त लोगों का माखौल उड़ाते हैं, जबकि मर्यादा का ख्याल रखने वाला कोशिश करता है कि उसके आचरण से दूसरों को कष्ट न हो।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लें तो त्रेतायुग के महानायक श्रीराम मनुष्य रूप में इतना मर्यादित आचरण करते हैं कि उनके नाम के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम पद का उपयोग किया जाता है। भगवान राम की यह मर्यादा थी कि उन्हें 14 वर्ष वनवास का आदेश कराने वाली कैकेई एवं मंथरा तक को वे अपमानित नहीं करते, जबकि अयोध्या की जनता श्रीराम के साथ थी। वे चाहते तो जनता के बल पर सिंहासन हासिल कर सकते थे, लेकिन पिता का सम्मान करते हुए प्रसन्नता के साथ वनवास चले गए।

दूसरी ओर उसी युग में रावण का पूरा जीवन अमर्यादित था। अपनी शक्ति के बल पर अनाचार एवं अमर्यादित आचरण करता था। दूसरे की पत्नी पर कुदृष्टि डालने वाला सर्वाधिक अमर्यादित होता है। उसने भगवान श्रीराम की पत्नी का अपहरण किया। जिन-जिन लोगों ने इसकी निंदा की, उसे वह अपमानित करता रहा। यहां तक की उनकी पत्नी मंदोदरी तक ने जब इस गलत काम की निंदा की तो भी उसके ऊपर असर नहीं पड़ा। यहां तक कि भाई विभीषण को लंका से निकाल दिया।

इस तरह समाज मर्यादा पुरुषोत्तम की तरह आचरण करने वाले को सम्मान की नजर से देखता है। मर्यादापूर्ण जीवन से सुख-शांति मिलती है। कहते हैं कि इज्जत देने से इज्जत मिलती है। ऐसा नहीं हो एकता कि हम दूसरों का अपमान करें और बदले में वह इज्जत दे। भले अशक्त है तो चुप रह जाएगा, कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त करेगा, लेकिन मन ही मन कोसेगा जरूर। जीवन में शुभकामनाओं का एवं बद्दुआओं का असर पड़ता है। अतः कोशिश करनी चाहिए कि मर्यादापूर्ण जीवन जीते हुए लोगों की शुभकामनाएं ही मिलती रहें।

# सप्त चक्र और सप्त पावन पुरियां: आनंद की ओर एक अंतर्यात्रा



जैसे पतंग को आकाश में ऊंचा उड़ाने और धरती से साधने के लिए एक पतली डोर की आवश्यकता होती है। डोर भले ही भूमि पर रहती है, किंतु उसी के सहारे पतंग अनंत गगन में विचरती है। वह डोर 'सूत्र' कहलाती है। वैसे ही जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने और अनंत आकाश में विस्तार देने के लिए हमें भी एक ऐसे सूत्र की आवश्यकता होती है, जो पृथ्वी और आकाश, मानव और देवत्व के बीच सेतु का कार्य करे।

सूत्र ज्ञान का सार है, यह अल्प शब्दों में गहनतम अर्थ का प्रकाश छिपाए हुए है। हम जिस सूत्र को थामते हैं, वही हमारे जीवन की दिशा और गुणवत्ता निर्धारित करता है। प्रत्येक जीवन में शुभता की कोई न कोई ज्योति अवश्य विद्यमान होती है। प्रश्न यह है कि हम उस शुभता को पकड़ते हैं या दुर्भाग्य और नकारात्मकता से चिपके रहते हैं।

हर जीवन में कुछ न कुछ मंगल घटित हुआ है, परंतु मन की प्रवृत्ति प्रायः सकारात्मक को उपेक्षित कर नकारात्मक को पकड़ लेने की होती है। इस वृत्ति को रूपांतरित करने के लिए हमें 'शिव सूत्रों' का आश्रय लेने का संकेत दिया गया है। ये सूत्र हमें सत्य, सौंदर्य और 'शिव तत्त्व', अर्थात्शुभता और निर्दोषिता के सिद्धांत की ओर अग्रसर करते हैं, इसीलिए शिव सूत्रों का अध्ययन और मनन करने की प्रेरणा सदा से दी जाती रही है।



गुरुदेव श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु

'शिव सूत्र' सनातन होते हुए भी निर्मल वायु के ताज़ा झोंके की तरह सदा नवीन हैं। वे मन को मुक्त करते हैं और आनंद का संचार करते हैं। वे मात्र दर्शन नहीं, अपितु चेतना का विज्ञान हैं। पांच-छः वर्ष के बालक या कुछ महीनों के शिशु को देखिए, उनके प्रत्येक कोश में उत्साह का प्रवाह स्पंदित होता है। अब वयस्कों को देखिए, आयु के साथ उनका उत्साह क्षीण होता जाता है। जब उत्साह ही मंद पड़ जाए, तो क्या हम वास्तव में जीवित हैं? यह ह्रास हमारे ही निर्मित 'विश्व' के कारण होता है। उस संसार के कारण, जिसे हमने अपने मन में रचा है।

क्या इसका समाधान समाज से पलायन कर हिमालय की गुफाओं में जा बैठना है? मात्र गुफा में प्रवेश कर लेने से आनंद नहीं मिलता, क्योंकि संसार बाहर नहीं, मन में विद्यमान है। उसे आपने ही रचा है और आप ही उसका विसर्जन कर सकते हैं। समाधान आपके ही भीतर निहित है।

शिव सूत्र का एक वाक्य स्पष्ट दिशा देता है-
'शक्ति-चक्र-संधाने विश्वसंहारः।'

अर्थात् जब साधक अपने भीतर स्थित विभिन्न ऊर्जा-केंद्रों पर सजगता लाता है और उनका साक्षी बनता है, तब चिंताओं और चंचल विचारों का विश्व स्वयं विलीन हो जाता है। शांति स्वयमेव अवतरित होती है। यही बहिरंग को छोड़ अंतर्मुख होने की कला है।

विभिन्न भावनाएं शरीर के भिन्न-भिन्न केंद्रों को सक्रिय करती हैं। क्रोध उत्पन्न होता है तो भ्रूमध्य में स्पंदन अनुभव होता है। विषाद आता है तो कंठ अवरुद्ध हो उठता है। घृणा हृदय प्रदेश में हलचल करती है, जबकि ईर्ष्या उदर में मंथन उत्पन्न करती है। सद्भाव भी वहीं से अंकुरित होता है। प्रेम का अनुभव भी हृदय क्षेत्र में ही होता है।

यह सूक्ष्म जगत् विराट जगत् से जुड़ा हुआ है। शरीर में सात प्रमुख चक्रों के रूप में सात ऊर्जा केंद्र स्थित हैं, जिन्हें सहस्रों सूक्ष्म नाड़ियों का जाल जोड़ता है। आश्चर्य की बात है कि ये सात चक्र भारत के सात पवित्र नगरों से भी संबद्ध माने गए हैं, माया या हरिद्वार, कांची, अयोध्या, मथुरा, काशी, अवंती (उज्जयिनी) और द्वारका।

चक्रों को भौतिक चक्र के रूप में कल्पित न करें। ध्यान के समय केवल सजगता को उन केंद्रों तक ले जाना ही पर्याप्त है। ऐसा करते ही नकारात्मक ऊर्जा क्षीण होने लगती है और सकारात्मक गुण जागृत होते हैं। माया या हरिद्वार, मेरुदंड के आधार पर स्थित मूलाधार चक्र का प्रतीक है। जड़ता के हटते ही उत्साह जागृत होता है और यात्रा आरंभ होती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

## पुलिस टीम ने आठ जुआरियों को पकड़ा

**बेलाताल।** अजनर पुलिस ने धवर्रा गांव के पास खेत की झोपड़ी में जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस जुआरियों के पास से लगभग 25010 रुपये के अलावा बुलेट सहित आठ बाइकें भी बरामद की हैं। अजनर थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर धवर्रा गांव के समीप ओंकार राजा के खेत में बनी झोपड़ी में पुलिस ने छापा मारा, जहां अज्जू उर्फ आजाद खान, लकी सोनी, लालू यादव, यतुराज सिंह परिहार उर्फ मानू, सोहेल खान, प्रशान्त सेन उर्फ कल्लू, विष्णु अहिरवार, गौरव निवासी नौगांव जिला छतरपुर मध्यप्रदेश को पकड़ा, जबकि आजाद मंसूरी, विक्रम परमा, वकील खान और मौके से भागने में सफल हो गए। पुलिस ने फड़ से 19450 और तलाशी में 5560 रुपये बरामद किए। एक बुलेट सहित आठ मोटरसाकिल, नौ मोबाइल भी पकड़े गए।

## थानों में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस दौरान विभिन्न थानों पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया और प्राप्त शिकायतों में राजस्व संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल रहीं। पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया गया कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी के साथ प्रभावी निस्तारण कराया जाना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने थाना समाधान दिवस पर आए प्रकरणों में निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## निलेश एम देसाई स्पेस लैब का 16 को उद्घाटन

**महोबा।** जिला प्रशासन के तत्वाधान पर इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (अहमदाबाद) और व्योमिका फाउंडेशन लखनऊ के सहयोग से 16 फरवरी को रतौली ग्राम पंचायत स्थित राजकीय विद्यालय में निलेश एम देसाई स्पेस लैब का उद्घाटन किया जा रहा है। इस स्पेस लैब में इसरो के विलेज वैज्ञानिक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 40 गांवों के 40 विद्यालयों में 40 ग्रामीण स्पेस लैब स्थापित करने की व्यापक योजना का हिस्सा है। इस पहल के माध्यम से देश का पहला जिला होगा जहां इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को इस स्तर पर लाभ प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि स्पेस लैब में उन्नत एवं इंटरैक्टिव शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें दूरबीनें, 3डी प्रिंटर, इसरो मिशन मॉडल प्रदर्शनी, रोबोट, ड्रोन तथा एसटीईएम आधारित प्रयोगात्मक सेटअप शामिल हैं। ये सुविधाएं पारंपरिक शिक्षण को एक रोचक एवं अनुभवात्मक शिक्षा मॉडल में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखती हैं। यह पहल शहरी और ग्रामीण शिक्षा के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# घर की बिजली काटने पर कर्मचारियों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**● अवर अभियंता ने श्रीनगर थाने में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी**

**अमृत विचार।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव में घर की बत्ती काटने पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। इसकी रिपोर्ट दर्ज हुई है।

ननौरा गांव में बिजली विभाग की टीम पहुंची, जहां अवर अभियंता देवकीनंदन के नेतृत्व में लाइन मैन ईश्वर दास, साहब सिंह, मनीष और इमरान क्षेत्र में बिजली चेकिंग कर रहे थे। टीम जब धन प्रकाश साहू के घर पहुंची तो खंभे से अवैध कटिया डालकर बिजली चोरी किए का प्रकरण सामने आया। नियमों के तहत अवर अभियंता ने लाइन काटने के निर्देश दिए। लाइनमैन जैसे ही खंभे पर चढ़े, तभी धन प्रकाश के पुत्र सुनील और मानिक ने विरोध शुरू कर दिया और दोनों भाई लाइनमैन के साथ गाली गलौज अभद्रता करने लगे। कर्मचारियों ने जब इसका विरोध किया तो दोनो भाई मारपीट पर आमादा हो गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल है। स्थिति बिगड़ते देख अन्य बिजली कर्मियों को मौके पर बचाने की कोशिश की, लेकिन युवक किसी की बात मानने के लिए तैयार नहीं थे। कर्मचारी साथियों को बचाते हुए वहां से भाग गए। घटना के बाद जेई ने श्रीनगर थाने में सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने की तहरीर दी। थाना अध्यक्ष जयचंद सिंह ने बताया कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि आज, जिले भर में सजाए गए शिवालय

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**● जिले में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह**

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्त तैयारियों को अंतिम रुप देने में लगे हुए है। शिवरात्रि के लिए इस बार भी शिव मंदिरों को फूलों और रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मंदिर समितियों ने भी शिवालयों की रंगाई पुताई के बाद साफ सफाई कर कर मंदिर को और भी सुंदर बना दिया है। शहर में पर्व को लेकर हर तरफ हर हर महादेव, जय शिव शम्भू के उद्घोष सुनाई देने लगे हैं। महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। शिव की पूजा अर्चना और व्रत रखकर उन्हें प्रसन्न करने का शिव रात्रि का अपना एक खास महत्व है।



शिव मंदिर की सफाई के बाद पूजा करते भक्त। अमृत विचार

रविवार को महाशिव रात्रि पर्व धूमधाम से मनाए जाने के लिए शिव भक्तों ने सारी तैयारियां कर ली है। भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए महाशिव रात्रि का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस दिन शिवालयों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहती हैं। शिव मंदिर में महाशिव रात्रि के लिए सुबह से ही विशेष पूजा आराधना की जाएगी। नगर के शिव मंदिर में इस दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और पूजा अर्चना के बाद शिव बारात भी निकाली जाएगी। महाशिरात्रि पर शहर के अलावा भरवारा सहित अन्य गांवों में जलाभिषेक के बाद विशाल शिव बारात भी निकाली जाएगी, जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर में हवन पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न कराए जाएंग। अनुष्ठान कराने के लिए समितियों ने मंदिरों में सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

उमेंगेश्वर ज्योतिलिंग शिव मंदिर के प्रमुख पुजारी शिव कुमार पांडेय ने बताया कि महाशिव रात्रि पर्व पर महामृत्युंजय मंत्र का जाप शुद्ध उच्चारण से ही करना चाहिए। भागवान शिव का निवास स्थान कैलाश पर्वत पर है, जो कि उत्तर दिशा में है, इसलिए ध्यान रखे कि भोलेनाथ की प्रतिमा को उत्तर दिशा पर ही स्थापित करें। पुजारी ने बताया कि महाशिव रात्रि पर्व को भक्त माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह को याद करने के साथ साथ इसलिए भी मनाते है कि क्योंकि महादेव को मन पर विजय पाने वाले देवता के रुप में देखा जाता है। इस पर्व पर कन्याएं व्रत रख कर मनोकामना मांगती हैं कि उन्हें सुयोग्य वर की प्राप्ति हो। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के दिन शिवजी का पंचामृत से अभिषेक करें, चंदन का तिलक लगाकर बेलपत्र, भांग, मीठा पान आदि अर्पित करें और भोलेनाथ के समुख दीप जलाकर केसर युक्त खीर का भोग लगाएं।

# सूर्य महोत्सव में बही काव्य की रसधार

## प्रसिद्ध लेखक एवं कवि नीलोत्पल मृणाल ने कविताओं से लूटी वाहवाही, छात्र-छात्राओं से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मोदी ग्राउंड में आयोजित सूर्य महोत्सव 20 स्कूलों के लगभग 2000 छात्र-छात्राओं ने पुस्तक मेला का भ्रमण किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध लेखक एवं कवि नीलोत्पल मृणाल रहे, जिन्होंने छात्र छात्राओं से संवाद कर उसके प्रश्नों के उत्तर दिए। लेखन ने ऐसी माटी न भारत के खंड खंड में जन्म दियो विधाता बुंदेलखंड में कविता सुनाकर महोत्सव में समां बांध दिया।



कविता सुनाते कवि।



कवि सम्मेलन का अधिकारियों ने आनंद लिया। अमृत विचार



जादू का कार्यक्रम भी हुआ। अमृत विचार

सांस्कृतिक मंत्र में आयोजित कार्यक्रम में कवि नीलोत्पल मृणाल ने दुनिया कैसी हुआ करती थी, स्कूल के पीछे वाला पीपल का पेड़ रख लो... कविता को सुनाई। इसके बाद बच्चों से सीधा संवाद किया और बच्चों के पूछे गए सवालों के उन्होंने बहुत सरलता के अंदाज में जवाब दिए। बच्चों को संदेश देते हुए कवि ने कहानी के माध्यम बताया कि एक बार एक साधु को बच्चों ने हाथ दिखाए तो उसके हाथ मे लकीरें नहीं थी तो साधु ने बच्चों से कहा कि उसका भविष्य उसके हाथ में होता है वह अपना भविष्य अपने हाथ से बदल सकता है, जितना लंबा रास्ता और लंबा संघर्ष होगा, उतना बड़ी मंजिल मिलेगी। छोटा संघर्ष छोटी मंजिल बड़े होगी, इसलिए सपने देखो और उन सपनों को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत करे, आप एक न एक दिन अपनी मंजिल को प्राप्त कर लेंगे।

इस मौके पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने लेखक को शाल ओढ़ाकर और सूर्य मंदिर की सीनरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा जिले के तमाम छात्र छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।

### ‘बारम्बार प्रणाम मेरा, बुंदेलखंड की माटी को’

दिन में कवि सम्मेलन का आयोजन रोहित शर्मा के संयोजन एवं सुनीत दीक्षित के सह संयोजन में संपन्न हुआ। शुभारंभ कवियत्री रीना सिंह चित्रकूट ने अपनी सरस्वती वंदना से किया। मैनपुरी से आए मनोज चौहान ने अपनी रचना पढी “कोई जिक्र नहीं छोडूंगा आतंकी आकाओं के। यानी दीप बुझाने वाली वहसी क्रूर हवाओं के। जिसने बोए आल्हा ऊदल से वीर हिंद की माटी में, चरण पिऊंगा धोकर ऐसी वीर प्रसूता मांओं के। उरई से आई प्रिया दिव्यम ने अपनी रचना पढी “साहस शौर्य पराक्रम और स्वर्णिम इतिहास की थाती को बारम्बार प्रणाम मेरा बुन्देलखंड की माटी को कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे प्रकाश पटैरया ने अपनी रचना पढी “किसी भी मोड़ पर में रथ तुम्हारा मोड सकता हूं, भरे उन्माद से सारे घडों को फोड़ सकता हूं, मुझे अभिमन्यु के जैसा अधूरा मत समझ लेना, मैं अर्जुन हूं तुम्हारा व्यूह पल में तोड़ सकता हूं।

# जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं : महेंद्र भीष्म

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**● ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति से पर्यटकों के लिए होगी आवास व भोजन की व्यवस्था**

**अमृत विचार।** सूर्य महोत्सव के मौके पर पर्यटन की संभावनाओं पर भी विचार विमर्श किया गया। पर्यटन एवं इतिहास गोष्ठी में मुमख्य वक्ता के रुप में उपस्थित हुए महेंद्र भीष्म ने जिले में पर्यटन की संभावनाओं के बावत जानकारी देते हुए बताया कि यहां के पर्यटक स्थल आज भी देसी विदेशी मेहमानों को आकर्षिक कर रहे हैं। जिले की सुंदर झीले, प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक स्थलों की कला कृतियां अपनी ओर खींच रहीं हैं।

इतिहासकार संतोष पटैरया ने जिले के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां का खंकरामठ खजुराहो के मंदिरों की तर्ज पर बना हुआ है। तालाब के बीच बने खकरामंठ सरोवर की सुंदरता बढ़ा रहा है, जिसे देखने के लिए खजुराहो से अक्सर विदेशी पर्यटक यहां आते हैं। डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने चंदेल कालीन अभिलेखों के बावत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में की गई महीन कारीगरी भी चार चांद लगा रही है। जयश्री अरजरिया, प्रफुल्ल गोस्वामी, राकेश अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

जिला पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त ने बताया की उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति 2025 का शुभारंभ किया गया है, जिसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटको को आवास एवं भोजन की व्यवस्था प्राप्त होगी। होम स्टे नीति के अंतर्गत नागरिक अपने आवासीय भवन के कम से कम एक या अधिकतम 06 कक्षों को किराए दे सकता है। इस स्कीम के अंतर्गत देसी विदेशी पर्यटको को किफायती दरों पर आवास एवं नाश्ता, बुंदेली भोजन आदि उपलब्ध कराए जाने के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है। लगभग 6 कमरे पंजीकृत किए जाएंगे और रूरल होम स्टे के अंतर्गत गांव में होमस्टे की सुविधा प्रदान किए जाने के अंतर्गत ग्रामीण लोगों को अधिक से अधिक संख्या में अपने भवनो को इसके अंतर्गत पंजीकृत कराए जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बताया कि जिला पर्यटन कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है, कार्यक्रम में रूरल होम स्टे के अंतर्गत पंजीकृत होम स्टे संचालकों को अपर जिलाधिकारी वित्तएवं राजस्व कुंवर पंकज ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर हर नारायण यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष भागीरथ नगायच, माधव खरे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित अनेक पर्यटन प्रेमी मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र दिखाते लोग। अमृत विचार

# लंबित विवेचनाएं जल्द निपटाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण ने शनिवार को पुलिस लाइन डीआईजी चित्रकूट धाम राजेश एस. और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के साथ पुलिस लाइन सभा कक्ष में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में महाशिवरात्रि, होली एवं सूर्य महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।



पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी। अमृत विचार

बैठक में जिले में घटित अपराधों की स्थिति, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित, इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी, प्रभावी गश्त, रात्रि पेट्रोलिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए अपर पुलिस महानिदेशक ने निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान जन सहभागिता एवं जन संवाद को प्राथमिकता देते हुए पुलिस की दृश्यमान उपस्थिति सुनिश्चित की जाए साथ ही प्रत्येक आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की जाएं।

# पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**महोबा।** गोरखगिरि पर्वत के ऊपर बुंदेली समाज के तत्वावधान में शनिवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा जिले के लेथपोरा इलाके में हुए आतंकी हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उन 40 जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और बुंदेलों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले ने आज ही के दिन पूरे देश को झकझोर दिया था। सीआरपीएफ के करीब 2500 जवान 78 वाहनों के काफिले में कश्मीर के श्रीनगर जा रहे थे, तभी जैश ए मोहम्मद संगठन के आतंकी आदिल अहमद डार ने विस्फोटक से लदी कार से काफिले के एक वाहन में टक्कर मार दी और 40 जवान बलिदान हो गए। शहीद जाबाजों की 7वीं बरसी के मौके पर अवधेश गुप्ता, सिद्धे सेन, महेन्द्र, पवन सोनी, प्रेम, महेन्द्र चौरसिया, नीरज, अन्नू पुरवार, गया प्रसाद, अमित शिवहरे, विपिन भाखरी, सुरेश शुक्ला, बाबा राम दास त्यागी, नरेन्द्र मिश्रा, संदीप, चंद्रकांत, मुन्ना, अच्छे लाल व पवन सोनी आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, कानपुर

पत्रांक– 3739 / 15–1 दिनॉक कानपुर, 13.02.2026

**वाहन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ''ऐलन फारेस्ट कालोनी, आजाद नगर, नवाबगंज, कानपुर–208002'' परिसर में विभाग द्वारा अधिहरित एवं निष्प्रयोज्य घोषित निम्न वाहनों की नीलामी दिनांक 17.02.2026 को प्रातः 12:00 बजे से ''जहॉ है–जैसी है'' के आधार पर किया जाना है।

| क0सं0 | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|
| 1 | UP 78 BZ 7412 | टवेरा कार |
| 2 | HR 55 X 6371 | ट्रक |
| 3 | UP 77 B 9271 | स्कार्पियों |
| 4 | UP 78 U 4243 | जिप्सी |
| 5 | UP 75 A 1657 | महिन्द्रा पीजो जीप |
| 6 | UP 78 V 7928 | बुलेट |

नीलामी के नियम व शर्ते निम्न प्रकार है–

1. नीलामी से पूर्व ठेकेदार/व्यक्ति विशेष/फर्म द्वारा अपना पंजीकरण प्रभागीय कार्यालय में कराना होगा।
2. ठेकेदार/व्यक्ति विशेष/फर्म का आधार कार्ड एवं पैन नम्बर होना अनिवार्य है।
3. वाहन की नीलामी ''जहां है–जैसे के'' आधार पर होगी।
4. नीलामी में वही पंजीकृत ठेकेदार/व्यक्ति विशेष/फर्म भाग ले सकेगा, जिसने रू0 15000.00 की धनराशि पंजीकरण के रूप मे समिति के पास जमा कर दी होगी।
5. समिति द्वारा स्वीकार की गयी उच्चतम बोली ही अन्तिम मानी जायेगी।
6. निष्प्रयोज्य वाहन की बोली जहॉ है जैसे है कि दशा में विधिवत देखकर ही दें, बोली देने के पश्चात् कोई भी प्रत्यावेदन मान्य नहीं होगा।
7. उच्चतम बोली का ठेकेदार/व्यक्ति विशेष/फर्म को तत्काल विक्रय मूल्य का 50 प्रतिशत एवं समस्त देयक, जमानत एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी., आयकर एवं स्टाम्प शुल्क सहित ''प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर नगर'' के पक्ष में निर्धारित प्रक्रियानुसार जमा की जायेगी। शेष विक्रय मूल्य की धनराशि धनराशि नीलामी तिथि को छोड़कर अगले 02 दिनों के अन्दर जमा करनी होगी।
8. यदि क्रेता द्वारा समस्त देयकर निर्धारित अवधि में नही जमा किया जायेगा तो उसकी बोली को अस्वीकार मानते हुए उसकी जमानत धनराशि जब्त कर लिया जायेगा तथा क्रेता को काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में भी डाला जा सकता है।
9. विभाग द्वारा अधिकतम बोली दाता को वाहन हस्तान्तरण सम्बन्धी कार्यालय आदेश निर्गत किया जायेगा। कार्यालय आदेश जारी होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर वाहन की निकासी करनी होगी। यदि एक सप्ताह के अन्दर निकासी नहीं की जाती है तो जमा जमानत धनराशि जब्त कर निष्प्रयोज्य वाहन का पुनः नीलाम किया जायगा।
10. वाहनों की पूरी धनाशि समस्त करों सहित जमा करने के उपरान्त ही वाहन सम्बन्धित को हस्तान्तरण किये जायेंगे। वाहन हस्तान्तरण के उपरान्त किसी भी दशा में वाहन वापस नही लिया जायेगा।
11. प्रभाग मे गठित समिति को नीलाम की उच्च बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(दिव्या)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर


मिले पुरस्कार

जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय मंडलीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

# हमीरपुर की पिंकी, बांदा के चंद्रभान बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिन से चल रही मडलीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता में जूनियन बालिका वर्ग में हमीरपुर की पिंकी, जूनियर बालक वर्ग में बांदा के चंद्रभान, प्राथमिक बालिका वर्ग में बांदा की आराधना और प्राथमिक बालक वर्ग में बांदा के आशीष ने अच्छा प्रदर्शन कर चैम्पियनशिप जीती। चारो प्रतिभागियों ने सबसे ज्यादा अंक पाकर अपने-अपने जिले का नाम रोशन किया। समापन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों और प्रतियोगिताएं संपन्न कराने वाले शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। अमृत विचार



शिक्षक को सम्मानित करते बीएसए। अमृत विचार

मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनयिर स्तर की बालिका वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में चित्रकूट की रजनी ने पहला, बांदा की समा ने दूसरा और महोबा की रामसखी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग की गोला फेंक में चित्रकूट के आकाश ने प्रथम, बांदा के अनुराग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर स्तर की बालिका वर्ग की तबा फेंक में महोबा की रामसखी ने पहला, बांदा की रूबी गुप्ता ने दूसरा और चित्रकूट की रजनी से तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के तबा फेंक में बांदा के शोभित ने प्रथम और चित्रकूट के हिमांशु को दूसरा स्थान मिला। जूनियर बालिका वर्ग की ऊंची कूद में बांद की शिखा ने प्रथम, महोबा की अर्पिता ने द्वितीय और चित्रकूट की रोशमी ने तृतीय स्थान पाया। बालिका वर्ग की लंबी कूद में बांदा की अंबिकादेवी ने प्रथम, महोबा की शिवांगी ने दूसरा और हमीरपुर की रिया ने तृतीय स्थानल हासिल किया।

बालिका वर्ग की 600 मीटर दौड़ में हमीरपुर की पिंकी ने प्रथम, बांदा की पिंकी ने द्वितीय और चित्रकूट की खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में हमीपुर की सृष्टि ने पहला और चित्रकूट की अफसाना ने दूसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग की लंबी कूद में बांदा के चंद्रभान सिंह ने पहला, चित्रकूट के सनी ने दूसरा और हमीरपुर के ऋषिकांत ने तीसरा स्थान पाया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जूनियर बालिका वर्ग अच्छे अंक पाकर हमीरपुर की पिंकी, बालक वर्ग में बांदा के चंद्रभान सिंह, प्राथमिक बालक वर्ग में बांदा के आशीष और प्राथमिक बालिका वर्ग में बांदा की आराधना चैम्पियन बनी।

### अनुशासित शिक्षक ही रखता मजबूत नींव

प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बीएसए राहुल मिश्रा ने जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद शफी, व्यायाम शिक्षक भूपेंद्र सिंह, इकबाल अहमद, केके सोनी, हरीश सोनी, गोपालकृष्ण शुक्ला, जिला समन्वयक के अलावा अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। बीएसए ने कहा कि गुरु का दर्जा बहुत बड़ा होता है, इसलिए शिक्षक को किसी के भी पैर नहीं छूना चाहिए। कहा कि शिक्षक को जिम्मेदार बनना होगा। जब शिक्षक अनुशासन में रहेगा तभी बच्चों को वह अनुशासन का पाठ पढाएगा। कई विद्यालयों के अध्यापकों ने व्यवस्था खराब कर रखी है। अच्छा शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता।

## 11,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और गुजरात में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शनिवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को 3,320.38 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर महाराष्ट्र में एनएच-160ए के घोटी-त्र्यंबक-जवाहर-मनोर-पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दे दी।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 15 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### न्यूज ब्रीफ

## सिग्नेचर वाणिज्यिक परियोजना में करेगी 7,500 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** जमीन, मकान के विकास से जुड़ी प्रमुख कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने गुरुग्राम में बड़ी वाणिज्यिक परियोजना विकसित करने के लिए आरएमजेड ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम बनाया है। इस परियोजना में कुल मिलाकर 7,500 करोड़ का निवेश किया जाएगा। गुरुग्राम स्थित सिग्नेचर ग्लोबल और बेंगलुरु की कंपनी आरएमजेड ग्रुप ने गुरुग्राम में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर 18 एकड़ में व्यावसायिक परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम बनाया है। जिसमें दोनों की बराबर हिस्सेदारी है।

## ट्रेनेस का अधिग्रहण करेगी इक्सिगो

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग पोर्टल इक्सिगो के निदेशक मंडल ने स्पेन के दूसरे सबसे बड़े ट्रेन बुकिंग मंच ''ट्रेनेस'' में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का 1.17 करोड़ यूरो (125 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करने संबंधी बाध्यकारी समझौते को मंजूरी दे दी है। इक्सिगो का यह पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय अधिग्रहण है। ट्रेनेस मंच का संचालन करने वाली कंपनी ऑनलाइन ट्रैवल सॉल्यूशंस में नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण इक्सिगो के लिए यूरोप के बाजार में रणनीतिक प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करता है।

## जीएमआर एयरपोर्ट्स का लाभ 14 % घटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डों का संचालन करने वाली कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड (जीएएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत घटकर 173.96 करोड़ रुपये रहा। जीएएल ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 202.10 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। लाभ में आई इस गिरावट का मुख्य कारण एकमुश्त खर्च रहे, जिनमें नए श्रम कानूनों के क्रियान्वयन से जुड़े प्रभाव और तुर्की की कंपनी सेलिबी के साथ अनुबंध समाप्त होने से जुड़े खर्च शामिल हैं।

# शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का अर्बन चैलेंज फंड

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सहायता के साथ यूसीएफ शुरू करने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। शहरी अवसंरचना के विकास पर केंद्रित यह कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्तपोषण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। इस कोष का लक्ष्य शहरों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सुदृढ़, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल बनाना है, ताकि उन्हें देश की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक प्रभावी रहेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाया जा सकता है। यह योजना बजट 2025-26 के उस दृष्टिकोण को लागू करती है जिसमें शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने और शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास का प्रस्ताव दिया गया था।



- बाजार से जुटाए 50% धन के बाद केंद्र परियोजना लागत का 25% हिस्सा करेगी वहन

### चैलेंज मोड से होगा परियोजनाओं का चयन

सरकार के अनुसार, परियोजना के वित्तपोषण का कम-से-कम 50 प्रतिशत हिस्सा म्यूनिसिपल बॉण्ड, बैंक ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) जैसे बाजार स्रोतों से जुटाना अनिवार्य होगा। शेष हिस्सा राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों या शहरी स्थानीय निकायों द्वारा वहन किया जा सकता है। परियोजनाओं का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी ''चैलेंज मोड'' से किया जाएगा। यह कोष 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों, सभी राज्यों की राजधानियों और एक लाख से अधिक आबादी वाले प्रमुख औद्योगिक शहरों को कवर करेगा। साथ ही, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के सभी शहरी स्थानीय निकायों और एक लाख से कम आबादी वाले छोटे निकायों को ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना के तहत सहायता दी जाएगी।

### 5,000 करोड़ की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना

परियोजनाओं का मूल्यांकन उनके आर्थिक, सामाजिक और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रभाव, रोजगार सृजन, सुरक्षा और स्वच्छता जैसे मानकों पर किया जाएगा। पूर्वोत्तर, पहाड़ी राज्यों और छोटे निकायों को बाजार से कर्ज लेने में मदद करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत पहले ऋण के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 70 प्रतिशत (जो भी कम हो) की केंद्रीय गारंटी दी जाएगी। पहले ऋण का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान करने पर, अगले कर्ज के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, उसकी केंद्रीय गारंटी प्रदान की जाएगी।

# अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल

**मुंबई, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा।



वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है ताकि डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) निर्यात फिलहाल करीब 200 अरब डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपये) है और उन्नत अमेरिकी उपकरणों तक पहुंच से इस क्षेत्र में और बढ़ोतरी होगी। इस तरह आईटी निर्यात लगभग 45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

- 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमत
- केंद्रीय उद्योग मंत्री बोले- व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी ऊर्जा जरूरतें शामिल

# चावल सस्ता, चीनी महंगी खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गयी। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ।

# जियो समेत 10 देशों की 15 टेक कंपनियों ने बनाया ट्रस्टेड टेक एलायंस

**म्यूनिख, एजेंसी**

रिलायंस जियो समेत अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका की 15 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। जियो ने शनिवार को बताया कि यह गठबंधन संचार सुविधा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आये हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का एलान किया गया। गठबंधन के संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 कंपनियां शामिल हैं। भविष्य में और कंपनियों को इससे जोड़ा जायेगा तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

- जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान एलायंस का किया गया एलान

लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा कि विश्व स्तर पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी प्रौद्योगिकी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्टेड टेक एलायंस में शामिल होने पर गर्व है। इस पहल के जरिये हम वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की संचार सुविधा, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सके। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला और सहयोगात्मक तथा लचीले डिजिटल पारितंत्र को बढ़ावा देना और कानून के अनुरूप डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।



# राहुल गांधी अपरिपक्व, उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं : गोयल

### विपक्ष के पास सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व बताते हुए कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं है, इसलिए वह भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है। केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से बातचीत में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी सच से हजारों मील दूर हैं और उनके जैसा विश्वनीयता खो चुका नेता चाहे लाख कोशिश कर ले, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी राष्ट्र सेवा को नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताश है। उसके पास झूठे और मनगढ़ंत दावे करने के अलावा अन्य कोई योजना या समाधान नहीं है। हमारी आलोचना करने का कोई ठोस आधार नहीं है। वे गलत जानकारी फैलाकर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई उत्तर से भाजपा के लोकसभा सांसद गोयल ने कहा कि कांग्रेस अपनी सीमाओं को समझने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है, वे केवल सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक बातें लिखते हैं। वह सच से मीलों दूर हैं। भारत की कपास उत्पादन क्षमता और आवश्यकता दोनों बढ़ेंगी। कच्चा माल आयात कर उसे प्रसंस्कृत कर निर्यात करना वैश्विक व्यापार में पुराना तरीका है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और कपास व वस्त्र क्षेत्र को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई आलोचना पर पलटवार करते हुए गोयल ने कहा कि जब अपरिपक्व लोग राजनीति में आते हैं तो इस स्तर के आरोप लगाए जाते हैं।

### मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं।" उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है या फिर आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल?

## शबरिमला सोना चोरी मामले की जांच अंतिम चरण में

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि शबरिमला के भगवान अयप्पा मंदिर में सोने की चोरी से जुड़े मामले में एसआईटी की ओर से की जा रही जांच अंतिम चरण में है और उचित तरीके से आगे बढ़ रही है। चंद्रशेखर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में की जा रही है, जो उस पर कड़ी नजर रख रहा है।

उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल मामले की अच्छी तरह से जांच कर रहा है। उच्च न्यायालय उचित निगरानी कर रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईटी की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी से जुड़ा मामला द्वारपालकों (संरक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजे की चौखटों पर सोने की अतिरिक्त परत चढ़ाने के काम के दौरान हुई कथित हेराफेरी से उपजा है। उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी द्वारपालकों की मूर्तियों और श्रीकोविल के दरवाजे की चौखटों से सोना गायब होने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

### डिब्रूगढ़ में प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में स्थित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों द्वारा प्रदर्शित हवाई प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। पीएम मोदी ने भारतीय वायु सेना के विमान से पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा पर लैंडिंग की। • एजेंसी

## आंध्र प्रदेश ने पेश किया 3.32 लाख करोड़ का बजट

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 2026-27 के लिए 3.32 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया जिसमें 2.56 लाख करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और लगभग 54,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव रखा गया है। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि अनुमानित राजस्व घाटा 22,000 करोड़ (जीएसडीपी का 1.11 प्रतिशत) होगा।

# आतिशी वीडियो विवाद में दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा ने सिख गुरुओं के खिलाफ विपक्ष की नेता आतिशी की कथित टिप्पणी वाले वीडियो को लेकर पंजाब के जालंधर में दर्ज मामले से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है। विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले में 20 फरवरी तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।

पत्र में पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को जालंधर में दर्ज प्राथमिकी, जिस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और फॉरेंसिक प्रयोगशाला, सोशल मीडिया विशेषज्ञ तथा पुलिस के तकनीकी प्रकोष्ठ की रिपोर्ट की प्रतियां पेश करने का भी निर्देश दिया गया है। यह मामला जनवरी में दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आतिशी की ओर से कथित तौर पर की गई एक टिप्पणी से उपजा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता की टिप्पणी सिख गुरुओं के प्रति अपमानजनक थी। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही से जुड़ी एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा की थी।

इसी बीच, पंजाब पुलिस ने संबंधित वीडियो क्लिप को साझा किए जाने के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बाद में इस मामले को दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर वीडियो क्लिप की फिर से फॉरेंसिक जांच कराई गई, जिसमें दावा किया गया कि वीडियो के साथ कोई "छेड़छाड़" नहीं की गई है। आतिशी ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश दलीलों में अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है और विधानसभा की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। विधानसभा सचिवालय ने पंजाब के अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि प्रक्रिया नियमों के अनुसार, विशेषाधिकार समिति के विचार के लिए उनके जवाब और दस्तावेज निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराए जाने आवश्यक हैं, ऐसा न करने पर विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना मानी जा सकती है।

# निसार उपग्रह मिट्टी की नमी का कर रहा आकलन : इसरो

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि भारत-अमेरिका का संयुक्त उपग्रह निसार (एनआईएसएआर) अब हर 12 दिन में 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी (सॉइल मॉइस्चर) की लगभग रियल-टाइम निगरानी कर रहा है। इसरो ने जानकारी देते हुए बताया कि नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) एस-बैंड और एल-बैंड में भारतीय भू-भाग की व्यवस्थित इमेजिंग कर रहा है, जिससे उच्च-रिजोल्यूशन वाला और जमीन पर घास का व्यापक डेटा प्राप्त हो रहा है। इस डेटा का उपयोग 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी के उत्पाद तैयार करने में सफलतापूर्वक किया गया है। मिट्टी की नमी, फसल स्वास्थ्य, सिंचाई की आवश्यकता और सूखे के जोखिम का प्रमुख संकेतक है, जो भारत की कृषि और जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एस-बैंड और एल-बैंड दोनों के आंकड़ों से तैयार उत्पाद देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों-सिंचित मैदानों, वर्षा-आधारित खेती, अर्ध-शुष्क और उच्च वर्षा क्षेत्रों-में सुसंगत आकलन प्रदान करते हैं। इसरो ने कहा कि निसार के एल-बैंड और एस-बैंड की पूरक क्षमताएं इसे और प्रभावी बनाती हैं-एल-बैंड वनस्पति के भीतर गहराई तक प्रवेश और बेहतर संवेदनशीलता देता है, जबकि एस-बैंड सतही स्तर पर अधिक सूक्ष्म विवरण प्रदान करता है। संयुक्त दोहरी-आवृत्ति आधारित उत्पाद विविध कृषि परिदृश्यों में अधिक सुदृढ़ परिणाम देते हैं।

## सोनीपत में सड़क हादसे में पांच दोस्तों की मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी:** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक एसयूवी पेड़ से टकरा गई और इस हादसे में पांच दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सातों लोग गोहाना के भावड़ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार शाम को रोहतक लौट रहे थे और इस दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि टक्कर में एसयूवी क्षतिग्रस्त हो गई और तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की पहचान सागर, दीपक, साहिल, मोहित और अंकुश के रूप में हुई है। सभी की उम्र 22 से 27 साल के बीच है।

# मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो लाइन का स्लैब गिरने से एक व्यक्ति की मौत

- मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर को हुई घटना में तीन लोग घायल

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन-चार के पुल का स्लैब कुछ वाहनों पर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोपहर बाद एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्टरी के पास गर्डर पुल की पैरापेट दीवार का एक स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।



दमकल विभाग के अधिकारी ने मृतक की पहचान रामधन यादव और घायलों की पहचान राजकुमार इंद्रजीत यादव, महेंद्र प्रताप यादव और दीपा रुहिया के रूप में की। राजकुमार की हालत गंभीर है और उसे पास के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जबकि महेंद्र व दीपा की स्थिति स्थिर बताई गई है। मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने बताया कि दोपहर 12: 15 बजे पियर-196 के पास, मुलुंड दमकल केंद्र के नजदीक दीवार का एक हिस्सा वहां से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिर गया। मेट्रो परियोजना की टीम बीएमसी अधिकारियों के साथ राहत कार्यों में जुटी है। हादसे के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दक्षिण-मध्य मुंबई के वडाला से पड़ोसी जिले ठाणे तक लाइन-चार का निर्माण किया जा रहा है और इसका बड़ा हिस्सा घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले एलबीएस रोड के ऊपर से गुजरता है।

## इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

चीन सीमा के करीब देश की सामरिक शक्ति में शनिवार 14 फरवरी 2026 को एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के विशेष विमान से असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरान बाईपास पर बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर उतरे। प्रधानमंत्री मोदी की लैंडिंग के साथ ही हाइवे पर स्थित यह पट्टी वायुसेना के रणनीतिक नेटवर्क का हिस्सा बन गई। पीएम मोदी भारतीय वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान से हाइवे पर बने इस 4 .2 किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप (इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी) पर उतरे। यह सुविधा न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में भी गेम-चेंजर साबित होगी। आइए जानते हैं देश में यह सुंविधा और कहां है और इसके क्या लाभ हैं।

# युद्ध व शांति का सारथी



### क्या है इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

- ईएलएफ यानी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी युद्ध और आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे की सुविधा है। जहां हाईवे पर पट्टी बनाई जाती है। जो कि युद्ध या आपातकाल में लड़ाकू विमानों, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टरों के लिए वैकल्पिक लैंडिंग की जगह देती है। ईएलएफ 40 टन तक के फाइटर विमान और 74 टन तक के अधिकतम भार वाला परिवहन विमान को संभालने में सक्षम है।
- सरकार की देशभर में 28 ईएलएफ बनाने की योजना है। फिलहाल असम को छोड़कर देश में पांच जगह इमरजेंसी लैंडिंग की सुविधा है। असम में यह सुविधा का शुरू होना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन सीमा के काफी पास है, जो कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

### विशेषताएं एवं क्षमता

- विमानों की क्षमता : असम की इस 4 .2 किमी लंबी एयरस्ट्रिप पर 40 टन तक के लड़ाकू विमान (जैसे राफेल, सुखोई-30 एमकेआई) और 74 टन तक के भारी मालवाहक विमान (जैसे सी-130जे) आसानी से उतर और उड़ान भर सकते हैं।
- रणनीतिक स्थान : यह चीन सीमा (एलएसी) से लगभग 300 किमी और म्यांमार सीमा से 200 किमी की दूरी पर स्थित है, जो युद्ध की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है।
- लागत : मोरान ईएलएफ को लगभग 100 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है।

### देश में इन पांच जगहों पर सुविधा

- राजस्थान के बाड़मेर (एनएच-925ए) ● यूपी के आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे ● ओडिशा के बालासोर (एनएच-16) ● आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (एनएच-16)

प्रधानमंत्री मोदी हाईवे रनवे पर उतरने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। उद्घाटन के दौरान राफेल और सुखोई विमानों ने शानदार हवाई प्रदर्शन किया।

### ईएलएफ के मुख्य फायदे

- रणनीतिक बढ़त : यदि युद्ध के समय दुश्मन मुख्य वायु सेना ठिकानों (एयर बेस) को निशाना बनाता है, तो ये राजमार्ग वैकल्पिक रनवे के रूप में काम आएंगे।
- आपदा राहत : भूकंप या बाढ़ जैसी आपदाओं में, जब पारंपरिक हवाई अड्डे बाधित हों, तब इन स्ट्रिप्स के जरिए राहत सामग्री और रेस्क्यू टीमों को सीधे प्रभावित इलाकों तक पहुंचाया जा सकता है।
- लागत प्रभावी : अलग से बड़े रनवे और बुनियादी ढांचे के बजाय मौजूदा राजमार्गों का उपयोग करना किफायती और व्यावहारिक है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश में 18 तक शपथ लेगी नई सरकार

**ढाका।** बांग्लादेश के कैबिनेट सचिव डॉ. शेख अब्दुर रशीद ने शनिवार को घोषणा की कि देश की नई कैबिनेट 18 फरवरी तक शपथ ले लेगी। डॉ रशीद ने आज यहां सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में यह जानकारी दी। संवैधानिक और कानूनी अनिवार्यताओं का स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि कानून के अनुसार, नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह 17 फरवरी तक हर हाल में पूरा किया जाना अनिवार्य है। सांसदों के शपथ लेने के तुरंत बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। विश्वास जताया कि 18 फरवरी तक नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण हो जाएगा।

### नौका पर अमेरिकी हमले में तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कैरेबियाई सागर में फिर एक नौका पर हमला किया है। अमेरिका के दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह नौका कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों से गुजर रही थी और इसके जरिए तस्करी की जा रही थी। उसने हमले में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। पोस्ट के साथ साझा किए गए एक वीडियो में एक नौका पानी में जाती दिखाई दे रही है और अचानक आग लगने के बाद विस्फोट हो जाता है।

### नोबेले विजेता नरगिस की तबीयत बिगड़ी

**पेरिस।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत लगातार खराब हो रही है। यह जानकारी उनके पति ताघी रहमानी ने दी। रहमानी ने पेरिस में अपने घर पर कहा कि 12 दिसंबर को ईरान के पूर्वी शहर मशहद की यात्रा के दौरान उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद से वह उनसे बात नहीं कर पाए हैं। रहमानी ने कहा कि नरगिस की खराब सेहत की जानकारी रिहा किए गए बंदियों से मिली है, जिन्हें उनकी पत्नी के साथ रखा गया था।

### रूसी नेता नवलनी को दिया गया था जहर

**लंदन।** पांच यूरोपीय देशों ने दावा किया कि रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को प्राण घातक जहर दिया गया था और इसके लिए रूस की सरकार जिम्मेदार है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालयों ने शनिवार को कहा कि दो साल पहले दिवंगत हुए नवलनी के नमूनों के विश्लेषण से एपाइबेटिडाइन की पुष्टि हुई है। यह दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों में पाया जाने वाला एक विष है।

# ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी, जो संभव है

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के दौरान की टिप्पणी

- ईरान को लेकर ट्रंप का अब तक का सबसे स्पष्ट बयान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है। ट्रंप ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर बेहद भयावह परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय मिडनाइट हैमर मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा, पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं... पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा, अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता तो हमले की राह खुली है।

जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा, कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



### मादुरो पर कार्रवाई ने दिखाई अमेरिकी ताकत

**फोर्ट ब्रैग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले अमेरिकी विशेष बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले महीने की गई इस कार्रवाई से पूरी दुनिया ने अमेरिका की पूर्ण सैन्य शक्ति को देखा और इससे यह सुनिश्चित हुआ कि दुनियाभर के संभावित शत्रु हमसे डरें। ट्रंप ने फोर्ट ब्रैग के सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, आपके कमांडर-इन-चीफ पूरी तरह आपका समर्थन करते हैं। जब जरूरत होगी, आप लड़ेंगे आप जीतेंगे। राष्ट्रपति और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सैन्य परिवारों से निजी तौर पर भी मुलाकात कीं। राष्ट्रपति ने कहा, उस रात पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिकी सेना क्या कर सकती है। यह अभियान इतना सटीक और अविश्वसनीय था। ट्रंप ने कहा, जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, हम दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना होंगे।

### तेहरान पर दबाव बढ़ाएं वैश्विक नेता

**म्यूनिख।** ईरान के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे देश के निर्वासित शहजादे रजा पहलवी ने कहा है कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। पहलवी के समर्थक शनिवार को जर्मनी के म्यूनिख में एकत्रित विश्व नेताओं से उम्मीद कर रहे थे कि वे ईरानी सरकार पर बदलाव के लिए दबाव बढ़ाएंगे। ईरान के अपदस्थ शाह के पुत्र पहलवी ने शनिवार को म्यूनिख में चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। वर्ष 1979 में देश छोड़ चुके पहलवी ने कहा, हम इस संकट की घड़ी में यह पूछने के लिए एकत्रित हुए हैं कि क्या दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी?

# राहुल गांधी की झूठ बोलकर गुमराह करने की नीति जान चुकी है जनता

- पुडुचेरी में भाजपा की रैली में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

कराईकल (पुडुचेरी), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गांधी ने रोजाना झूठ बोलने की एक नई परंपरा शुरू कर दी है। पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं।

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। उनका इरादा झूठ बोलकर भ्रम फैलाना है। शाह ने कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों के अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। राहुल गांधी से एफटीए और व्यापार समझौते के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आग्रह करते हुए शाह ने दोहराया कि भारतीय हितधारकों के हितों को 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। मछुआरों को एफटीए से लाभ होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किसानों के हितों को बेच दिया गया था।



पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत एक दीवार पर पार्टी के चुनाव प्रतीक कमल बनाते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

### कांग्रेस नेतृत्व की सरकार पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों, पशुपालन से जुड़े भाइयों और बहनों एवं मछुआरों को 100 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम किया है। भाजपा के शीर्ष नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली पुडुचेरी की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार (2016 से 2021) को निशाना बनाया और कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में 15,000 करोड़ रुपये का पूरा विकास कोष हड़प लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है।

## इंडिगो विमान को मिली बम धमकी निकली अफवाह

**कोलकाता।** बम की धमकी के बाद शनिवार को शिलांग जाने वाला एक विमान कोलकाता हवाई अड्डे पर करीब चार घंटे तक फंसा रहा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 7304 में बम होने का दावा करने वाला हाथ से लिखा एक नोट मिला जिसके बाद उसे आइसोलेशन बे में ले जाया गया। विमान की गहन जांच के बाद धमकी एक अफवाह साबित हुई। पूरी तलाशी लेने के बाद विमान ने दोपहर 1:33 बजे गंतव्य के लिए उड़ान भरी। एएआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान के उड़ान भरने से लगभग 15 मिनट पहले यानी सुबह करीब 9:15 बजे चालक दल के एक सदस्य को विमान के शौचालय में धमकी वाला नोट मिला।

# पश्चिमी देशों की सोच गलत, नहीं टूटेंगे रिश्ते

- रुबियो ने ट्रांस-अटलांटिक संबंध मजबूत रखने की इच्छा जताई

म्यूनिख, एजेंसी

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका और यूरोप के संबंधों का मैत्रीपूर्ण और आश्वस्त करने वाला आकलन प्रस्तुत करते हुए शनिवार को कहा कि पिछली आलोचनाओं का कठोर लहजे का उद्देश्य ट्रांस-अटलांटिक संबंधों में नई शुरुआत को प्रोत्साहित करना था। रुबियो म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस वर्ष के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अमेरिका और यूरोप से ट्रांस-अटलांटिक विश्वास को एक साथ पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। मर्ज ने कहा कि एक ऐसी दुनिया में जहां पुरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है, वहां अमेरिका भी अकेले आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली नहीं है।

रुबियो ने तर्क दिया कि शीत युद्ध में पश्चिम की विजय के उत्साह ने एक खतरनाक भ्रम को जन्म दिया कि हम संघर्षपूर्ण इतिहास को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हर राष्ट्र एक उदार लोकतंत्र होगा। वेंस के रुख की तुलना में कम टकराव वाला दृष्टिकोण अपनाते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन ने अपने रुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह उनसे पीछे नहीं हटेगा।

## अमेरिका में भारत का छात्र लापता तेज की गई तलाश

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है। श्रीनिवासैया आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

# छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में चार लोगों की गई जान

- मृतकों में तीन सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के जवान

धमतरी (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक को कार ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से कार में सवार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों और एक चालक की मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया।

एसपी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि दुर्घटना जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमतरी बाईपास के पास खपरी गांव में सुबह करीब आठ बजे हुई। कार में सीआरपीएफ की विशिष्ट इकाई कोबरा के कमांडो शामिल थे। मृतक कोबरा की 201वीं बटालियन के जवान थे। कोबरा के चार जवान और कार चालक बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे ताकि वहां से छुट्टी पर अपने पैतृक स्थानों के लिए रवाना हो सकें। एसपी ने बताया कि कार खड़े ट्रक से टकरा गई और टक्कर इतनी भीषण थी कि एक जवान और चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य जवानों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों में सीआरपीएफ कर्मी सौरभ तोमर, मुकेश कुमार, राजकुमार गोड और चालक हीरालाल नगर शामिल हैं। वहीं, घायल कमांडो अभिमान राय (28) को इलाज के लिए रायपुर भेज दिया गया है।


## अमेरिका में विमान हादसे में चार लोगों की चली गई जान

**वांशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उड़ान सारणी का पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था और एमराल्ड पहाड़ी की चोटी के दक्षिण की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 17 .04 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 19 .48 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** - आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने व्यवहार में काफी बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**वृष** - आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है।

**मिथुन** - आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीतिक मुद्दों पर बहसबाजी से दूरी बनाकर रखें। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है। संतुलित आहार रखने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क** - आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** - आज जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए अत्यधिक अनुकूल रहने वाली है। देवस्थल की यात्रा हो सकती है। गृहस्थ जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कन्या** - आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** - आज आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। महिलाओं को गृहकार्यों में कुछ परेशानी महसूस होगी। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृश्चिक** - आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं। घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** - आज भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण एलर्जी हो सकती है।

**मकर** - आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कुंभ** - आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे।

**मीन** - आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम संबंधों का आनंद उठाएंगे। नई परियोजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। परिवार में आपके विचारों के अनुसार वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |



"पाकिस्तान के उस्मान तारिक एक साधारण ऑफ-स्पिनर ही हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय बल्लेबाज टी20 विश्व कप मैच में उन्हें अच्छी तरह से खेल लेंगे।
–सौरव गांगुली


स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 15 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| वेस्टइंडीज-नेपाल | पूर्वाह्न 11 बजे |
| अमेरिका-नामीबिया | दोपहर 3 बजे |
| भारत-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

टी-20 विश्व कप : सियासी रुकावट के बाद आज टकराएंगी दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें, उस्मान तारिक के बालिंग एक्शन पर रहेंगी नजरें

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का

कोलंबो, एजेंसी

क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध 'अस्थायी' तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू टर्न लेकर प्रेमदासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया।

इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, बांग्लादेश और श्रीलंका क्रिकेट के बीच हफ्तों तक लंबी बातचीत हुई। व्यवहारिक तौर पर पूरा दक्षिण एशिया इस मैच को कराने के प्रयासों में जुटा हुआ था चूंकि प्रसारकों, प्रायोजकों से लेकर दर्शकों तक के लिये यह मैच सबसे अहम रहता है। विवाद की शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द करने से हुई। बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार का फैसला ले लिया था। वहीं दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की । लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों का कोपभाजन बनना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जबकि विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। भारत के सामने समस्या अभिषेक शर्मा को लेकर है जो पेट के संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहे और नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनके नहीं खेलने पर या तो संजू सैमसन को ही उतारा जाये या ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत के लिये वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाये जो फिट हो गए हैं । सुंदर प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है । ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है । बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा । विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है । अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई । दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई । लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है । पिछले साल हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनने के बाद पाकिस्तान टीम के मैच कोलंबो में हो रहे हैं जिससे उसे हालात और पिच की बेहतर जानकारी है ।



अभ्यास सत्र के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर।

### पीसीबी प्रमुख नकवी मैच देखने पहुंचेंगे कोलंबो

**कराची ।** पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी रविवार को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच देखेंगे और आईसीसी अधिकारियों से बात भी कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया कि नकवी के साथ पाकिस्तान सुपर लीग के सीईओ सलमान नसीर और मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद समेत पीसीबी के सीनियर अधिकारी भी श्रीलंका जाएंगे। सूत्र ने कहा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे बोर्ड के अधिकारियों को न्योता दिया है, लेकिन नकवी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और अन्य अधिकारियों से बात करने जा रहे हैं ताकि बहिष्कार प्रकरण के बाद पैदा हुई कड़वाहट कम हो। पाकिस्तान सरकार के इस मैच को खेलने की टीम को अनुमति नहीं देने के फैसले के बाद आईसीसी और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव आया था । सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने के बांग्लादेश के इनकार के बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किये जाने के मद्देनजर पाकिस्तान ने उसके प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का ऐलान किया था।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मो नवाज, मो सलमान मिर्जा, नसीम शाह, फरहान, सईम अयूब, शाहीन अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।



सूर्य कुमार यादव

### हाईलाइट

### जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें दिग्गजों को हराने पर

**कोलकाता।** पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें रविवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी लय कायम रखते हुए बंगाल और कर्नाटक जैसे दिग्गजों को हराने पर लगी होंगी। जम्मू कश्मीर ने इंदौर में मध्यप्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। रणजी ट्रॉफी में 1959.60 में पदार्पण करने के बाद से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरा सेमीफाइनल लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा जिसमें उत्तराखंड का सामना आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक से होगा। उत्तराखंड ने जमशेदपुर में झारखंड को एक पारी और छह रन से हराया जबकि कर्नाटक ने रिकॉर्ड 42 बार की विजेता मुंबई को मात दी।

### ग्रुप में शीर्ष पर बने रहने के इरादे से उतरेगा वेस्टइंडीज

मुंबई, एजेंसी : आत्मविश्वास से लबरेज वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर नेपाल से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखकर शीर्ष पर अपना स्थान पुख्ता रखने का होगा। वेस्टइंडीज टीम ने अभी तक दोनों मैच जीते हैं और नेट रनरेट (1.625) के आधार पर ग्रुप में शीर्ष पर है । एक और जीत से शीर्ष पर उसका स्थान और पक्का हो जायेगा। इसके बाद वेस्टइंडीज को कोलकाता में इटली से खेलना है और इन दोनों मैचों में जीत से ग्रुप में शीर्ष पर उसका रहना तय हो जायेगा लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा।

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराया

## इंग्लैंड के टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

कोलकाता, एजेंसी

आदिल राशिद (तीन विकेट), जोफ्रा आर्चर और लियम डॉसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टॉम बैंटन (नाबाद 63) और जेकब बेथेल (32) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 10 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने पहले दो ओवरों में 13 रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। फिल सॉल्ट (दो) और जॉस बटलर तीन रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद जेकब बेथेल और टॉम बैंटन की जोड़ी ने पारी को संभाल और तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 10वें ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने जेकब बेथेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। जेकब बेथेल ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। कप्तान हैरी ब्रूक चार रन बनाकर आउट हुये। सैम करन ने एक चौका और दो छक्के लगाते हुए 28 रन बनाये। इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। टॉम बैंटन ने 41 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की मैच विजयी पारी खेली। विल जैक्स 10 गेंदों में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड के लिए चार गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन (49), माइकल जोंस (33), टॉम ब्रूस (24) और ऑलिवर डेविडसन (नाबाद 20) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने 152 रन का स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। जॉर्ज मंसी (चार), ब्रैंडन मक्मलेन (शून्य) और माइकल जोंस (33) रन बनाकर आउट हुये। माइकल जोंस ने 20 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन और टॉम ब्रूस ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। 13वें ओवर में लियाम डॉसन ने टॉम ब्रूस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। टॉम ब्रूस ने 18 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। अगले ही ओवर में आदिल राशिद ने अर्धशतक से एक रन दूर रहे रिचर्ड बेरिंग्टन को अपना शिकार बना लिया। रिचर्ड बेरिंग्टन ने 32 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड की टीम को 19.4 ओवर में 152 के स्कोर पर समेट दिया। ऑलिवर डेविडसन 15 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए आदिल राशिद ने तीन विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन को दो-दो विकेट मिले। जेमी ओवर्टन और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



शाट लगाते इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम बैंटन।

### साउथ अफ्रीका को 176 रनों का लक्ष्य

- मार्को यानसन के चार झटकों से साउथ अफ्रीका न्यूज़ीलैंड को 175 के स्कोर पर रोकने में क़ामयाब हुआ है। मार्क चैपमैन ने न्यूज़ीलैंड के लिए सर्वाधिक 48 रन बनाए। वहीं मिचेल ने 32 जबकि ऐलन ने 31 रन बनाए। अहमदाबाद की पिच को देखते हुए साउथ अफ्रीका के सामने लक्ष्य बड़ा नहीं है। न्यूज़ीलैंड के गेंदबाज़ों को बेहतरीन गेंदबाज़ी करनी होगी। एक समय न्यूज़ीलैंड आसानी से 200 के स्कोर की ओर अग्रसर लग रही थी लेकिन लुंगी एन्गिडी ने पहले डैरिल मिचेल का शिकार किया और फिर कॉर्बिन बॉश ने मिचेल सैंटनर का शिकार कर लिया। न्यूज़ीलैंड ने लगातार तीन ओवर में विकेट गंवाए। मार्को यानसन ने एक बार फिर न्यूज़ीलैंड को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने मार्क चैपमैन को पवेलियन भेजते हुए डैरिल मिचेल के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ दिया है। 64 के स्कोर पर चार विकेट गंवाकर न्यूज़ीलैंड की टीम काफ़ी मुश्किल में नज़र आ रही थी। हालांकि मिचेल और चैपमैन के बीच बेहतरीन अर्धशतकीय साझेदारी बनी है। शुरुआती पलों में सिंगल और डबल्स के ज़रिये पारी को आगे बढ़ाया गया और अब आक्रामक शॉट्स लगाए जा रहे हैं। यहां से न्यूज़ीलैंड की टीम कम से कम 180 के स्कोर तक पहुंचना चाहेगी और मंच भी तैयार है। विकेटों की झड़ी लग गई है। यानसन के बाद केशव महाराज ने भी न्यूज़ीलैंड को झटका दिया है और उन्होंने ग्लेन फ़िलिप्स को बोल्ड कर दिया है।

### भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान बारिश का खतरा, निराश हो सकते हैं क्रिकेट प्रेमी

**कोलंबो।** भारत-पाकिस्तान के मैच में एकबार फिर खलल पड़ा सकता है। नॉर्थ-ईस्ट-मॉनसून के देर से आने के कारण कोलंबो में बारिश होने का अनुमान है। इससे क्रिकेट प्रेमियों की निराशा बढ़ेगी। इस बड़े मैच के लिए 16,000 भारतीय फैंस के आने की उम्मीद है, साथ ही 28,000 क्षमता वाले आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आने वाले पाकिस्तानी और लोकल फैंस के लिए भी उम्मीद है – क्रिकेट की दुनिया भर से लाखों लोग इसे देख रहे हैं। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने मैच को लेकर बनी अनिश्चितता के बारे में कहा भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच हमेशा से एक बड़ा मैच रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। हम हर चीज के लिए तैयार थे, चाहे हमें कल का मैच खेलने को मिले या नहीं। हम बारिश के बारे में कुछ नहीं कर सकते। अगर ओवर कम किए जाते हैं, तो हमें पता है कि हमें क्या करना है। मौसम सबसे बड़ी अनकंट्रोलेबल चीज़ों में से एक है – पिच भी, जो इस जगह पर ज्यादातर धीमी रही है, जिससे काफी टर्न मिल रहा है। यह उस 'बेहतरीन' पिच से बिल्कुल अलग है जिसकी शुरू में उम्मीद थी और इस बड़े गेम के लिए तैयारी की गई थी। यह अभी भी एक हाई-स्कोरिंग पिच हो सकती है (दूर से देखने पर ऐसा ही लगता है), इस वर्ल्ड कप में अब तक इस जगह पर हुए तीन मैचों के उलट, जहाँ टोटल 160-180 के बीच रहा है। लेकिन फिर, यह बेकाबू लोगों की लिस्ट में आता है। पिच को पढ़ना और मौसम का अंदाज़ा लगाना खतरनाक काम रहे हैं। यह सुनने में ज़्यादा लग सकता है, लेकिन यह हालात का पूरी तरह से गलत अंदाज़ा नहीं है। हालांकि, कंट्रोल करने लायक चीज़ों में दोनों टीमों के बीच मैच से पहले और बाद में हाथ मिलाना शामिल है, जो एशिया कप के बाद से सस्पेंड है। 10 फरवरी के सेटलमेंट के बाद से, मुख्य सवाल यह रहा है कि क्या मैच के दौरान ये इनफॉर्मल प्रोटोकॉल फिर से लागू होंगे। भारतीय खेमे ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन पाकिस्तान के सलमान आगा ने कहा कि फैसला भारत को करना है।



# तारिक है हमारा ट्रंपकार्ड : सलमान

कोलंबो, एजेंसी

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने असामान्य एक्शन वाले स्पिनर उस्मान तारिक का बचाव करते हुए भारत के खिलाफ रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के मैच के लिए उन्हें अपनी टीम का 'तुरुप का पत्ता' करार दिया। तारिक ने हाल ही में अमेरिका के खिलाफ पास के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर तीन विकेट झटककर अपनी क्षमता दिखाई थी। उनकी गेंदबाजी यहां स्पिनरों की मददगार आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर और घातक साबित हो सकती है।

आगा ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को यहां कहा उस्मान हमारे 15 खिलाड़ियों में से एक हैं, हम उन्हें उसी नजर से देखते हैं। आप (मीडिया) ने उन्हें बड़ा बना दिया। वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। आगा हालांकि तारिक से जुड़े सवालों को टालने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन से जुड़े सवाल लगातार उठते रहे। आगा ने स्वीकार किया कि 27 साल का यह ऑफ स्पिनर बड़े शॉट खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों के सामने उनकी टीम का मुख्य हथियार है। आगा ने कहावह पिछले कुछ महीनों से बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने लीग क्रिकेट (पाकिस्तान सुपर लीग) में भी शानदार प्रदर्शन किया था। और हां, आप कह सकते हैं कि वह हमारे लिए 'ट्रंप कार्ड' हैं। तारिक की असामान्य 'पॉज एंड स्लिंग' एक्शन पर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन आगा ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा, उसे इन बातों की कोई परवाह नहीं है। जब से उसने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, लोग उसके बारे में बातें करते रहे हैं। वह समझदार और परिपक्व है, इसलिए इन चीजों से प्रभावित नहीं होता। उसे आईसीसी द्वारा दो बार मंजूरी भी मिल चुकी है और उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए जो भी आवश्यक था किया है। आगा ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण केवल तारिक तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा यह संभव है कि स्पिनर यहां दबदबा बनाए, लेकिन तेज गेंदबाजों की भी भूमिका होगी। तेज गेंदबाजी ऐसी कला है जिसे किसी भी जगह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कप्तान का मानना है कि शाहीन शाह अफरीदी अपनी विविधताओं के कारण बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा उनकी भूमिका हमेशा अहम रहेगी। हमारे पास कई स्पिनर हैं, लेकिन तेज गेंदबाज भी हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

**● आईसीसी पहले ही उसके एक्शन को ठहरा चुका है दो बार सही**



स्पिनर उस्मान तारिक।

टी20 विश्व कप

पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की क्षमता की तारीफ की

# अभिषेक की काबिलियत के कायल हुए कपिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा ताकि वह गेंदबाजों से एक कदम आगे रहे।

उन्होंने कहा पहले साल वह प्रतिभा के साथ सामने आ सकता है। शायद दो साल। लेकिन गेंदबाज भी हर समय बल्लेबाजों के लिए योजना बनाते रहते हैं। तीसरा साल सबसे जरूरी होगा कि वह स्वयं को कैसे व्यवस्थित करता है।" अभिषेक शर्मा ने 2024 में भारत के लिए पर्दापण किया था। भारत के लिए 39 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 36 की औसत से 1,297 रन बनाए हैं, और उनका स्ट्राइक रेट 136 का है। इन 39 मैचों में उन्होंने 123 चौके और 88 छक्के लगाए हैं। शौकीन गोल्फर और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि वह देश में क्रिकेट के विकास से बहुत खुश हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि दूसरे खेलों को भी पूरा सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा क्रिकेट अच्छा कर रहा है- यह अच्छी बात है। बुरी बात यह है कि क्रिकेट अकेला स्पोर्ट नहीं है। हमें सभी खेलों का ध्यान रखना चाहिए। क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया है। फिर भी, मैं चाहता हूं कि हमें दूसरे खेलों को भी प्रमोट करना चाहिए। हमें हर चीज के लिए सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि हम क्या योगदान कर सकते हैं।





### भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने पर फैसला कल : सलमान अली आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच के टॉस या मुकाबले से बाद भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि खेल उसी भावना से खेला जाना चाहिए, जिसके लिए वह जाना जाता है। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने पिछले साल दुबई में आयोजित एशिया कप के समय से एक-दूसरे से हाथ मिलाना बंद कर दिया है। यह टूर्नामेंट पहलगाम हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में खेला गया था। हाथ मिलाने की परंपरा को लेकर पूछे गए सवाल पर आगा ने शनिवार को यहां कहा इस बारे में हम कल देखेंगे। आगा ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में 'खेल भावना' को बनाए रखा जाना चाहिए। क्रिकेट (सही) भावना के साथ खेला जाना चाहिए। मेरी व्यक्तिगत राय शायद मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरीके से खेला जाना चाहिए, जिस तरह से इसे हमेशा खेला जाना चाहिए था। क्या करना है, यह तय करना उन पर निर्भर है। इस बीच यह भी पता चला है कि प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय खेमे का माहौल भी आक्रामक के बजाय अधिक संयमित है। टीम ने इस मामले में अंतिम निर्णय उच्च अधिकारियों पर छोड़ दिया है। भारतीय टीम के अंदर हालांकि सोशल मीडिया पर सार्वजनिक भावनाओं को लेकर सतर्कता भी है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद भावनाएं अब भी काफी संवेदनशील बनी हुई है और प्रतिक्रियाएं तीखी हो सकती हैं।